नाट्यशास्त्र का यह उल्लेख, उसकी प्रयोग-परम्परा की दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। आमोद-प्रमोद, वैभव-विलास एवं ऐश्वर्य में डूबे देवों को इन्द्र नाट्यवेद-ग्रहण में सर्वथा असमर्थ मानते हैं जब कि वेदार्थतत्त्वज्ञ तपोधनी ऋषियों को सर्वथा योग्य मानते हैं ! इसका निहितार्थ यही है कि रङ्गमञ्च कोई सस्ता मनोरञ्जन नहीं। वह अत्यन्त श्रमसाध्य, कृच्छ्रसाध्य तथा अध्यवसायसाध्य कार्य है। बालीद्वीपीय रङ्गमञ्च 'वायांग' में डलंग (सूत्रधार) का अत्यन्त महिमामण्डित, तपस्साध्य व्यक्तित्व नाट्यशास्त्र के इस उल्लेख का प्रमाण माना जा सकता है।[4]

इस प्रकार, नाट्यप्रयोग-परम्परा में दैव-वर्चस्व को नहीं, अपितु आर्ष-वर्चस्व को नेतृत्व एवं प्रधानता मिली दीखती है।

अगले चरण में आचार्य भरत बताते हैं कि इन्द्र द्वारा देवों को अयोग्य-अशक्त बताने पर पितामह अम्बुजसम्भव ने मुझे आज्ञा दी कि मैं इस नाट्यवेद को अपने सौ पुत्रों को अध्यापित करुँ।[5]

आचार्य भरत अपने शाण्डिल्य प्रभृति सौ पुत्रों को नाट्यविधा में, उनकी योग्यता के अनुसार नाट्य की पृथक् चर्याओं में पारङ्गत बनाते हैं। तदनन्तर वह भारती, सात्वती एवं आरभटी नाट्यवृत्तियों पर समाश्रित एक प्रयोग (मञ्चन) प्रयुक्त करते हैं। इस प्रयोग के अन्त में वह दर्शकों में श्रेष्ठतम ब्रह्मा को प्रणाम कर अपना आभार प्रकट करते हैं (सम्भवतः वह दर्शकों का अभिमत भी पूछते हैं।)

देवगुरु बृहस्पति ने इस प्रारंभिक नाट्यप्रयोग में कैशिकीवृत्ति की कमी बताई और कहा— ''कैशिकी का भी प्रयोग करो तथा उसका साधन भी बताओ।'' देवगुरु के इस कथन का समर्थन करते हुए भरत कैशिकी की सामग्री माँगते हैं। पूरा सन्दर्भ इस प्रकार

है—

अथाह मां सुरगुरुः कैशिकीमपि योजय।
यच्च तस्याः क्षमं द्रव्यं तद्ब्रूहि द्विजसत्तम।।
एवं तेनास्म्यभिहितः प्रत्युक्तश्च मया प्रभुः।
दीयतां भगवन् द्रव्यं कैशिक्याः सम्प्रयोजकम्।।
नृत्ताङ्गहारसम्पन्ना रसभावक्रियात्मिका।
कैशिकी श्लक्ष्णनेपथ्या शृङ्गाररससम्भवा।।
अशक्या पुरुषैः साधु प्रयोक्तुं स्त्रीजनादृते।

— नाट्य. 1.42–46

इस विवरण से स्पष्ट है कि आचार्य भरत के आदि–मञ्चन में कैशिकी–वृत्ति का प्रयोग नहीं था जिसका स्पष्ट अभिप्राय यह है कि यह प्रयोग शृङ्गाररस से विरहित था। इसका कारण था प्रयोग में स्त्रीपात्रों का अभाव और स्त्रीपात्रों के अभाव में कैशिकी का प्रदर्शन कथमपि संभव नहीं था।

कैशिकी वृत्ति का प्राणतत्त्व होता है रसों एवं भावों से ओतप्रोत अभिनय तथा नृत्त (ताल–लयाश्रित अङ्गसंचालन) एवं अङ्गहार (विविध नृत्यमुद्रायें) का सद्भाव। और ये सब पुरुषपात्रों से शक्य नहीं हैं। ये मात्र अङ्गनासाध्य हैं। चूँकि भरत का प्रथम प्रयोग उनके सौ पुत्रों द्वारा ही सम्पादित किया गया था। फलतः उसमें संवादबहुल भारती, युद्धादिप्रचुर आरभटी तथा सात्त्वती वृत्तियाँ ही रूपायित हो सकीं।

आचार्य भरत अब अपने प्रयोग में कैशिकी को भी जोड़ते हैं। उनकी प्रार्थना को स्वीकार कर, नाट्यप्रयोग में कैशिकी की (भी) अवतारणा के लिये सर्वसमर्थ धाता ने अप्सराओं की मानसी सृष्टि की तथा आचार्य भरत को, उन्हें प्रदान किया। ये अप्सरायें थी— मञ्जुकेशी, सुकेशी, मिश्रकेशी, सुलोचना, सौदामिनी, देवदत्ता, देवसेना, मनोरमा, सुदती, सुन्दरी, विदग्धा, विपुला, सुमाला, सन्तति, सुनन्दा, सुमुखी, मागधी, अर्जुनी, सरला, केरला, धृति, नन्दा, पुष्कला एवं कलभा (24 अप्सरायें)।

अप्सराओं की नामावली में एकमात्र 'मिश्रकेशी' ही ऐसी है जिसकी परिगणना पुराणवर्तित अप्सराओं (उर्वशी, रम्भा, मेनका, घृताची, सहजन्या, अलम्बुषा, तिलोत्तमा आदि) के साथ हुई है। अन्यथा रङ्गप्रयोग की ये देवांगनायें सर्वथा पृथक् हैं।

भगवान् पद्मयोनि ने अप्सराओं के साथ ही साथ, नाट्यप्रयोग की साङ्गोपाङ्ग पूर्णता के लिये, दो विलक्षण अतिरिक्त सहयोग दिए—

(क) वाद्यकर्म के लिये शिष्यों सहित स्वाति को।
(ख) गानकर्म हेतु नारद एवं तत्सहचर गन्धर्वों को।

अपने इन चतुरस्र (अभिनेता भरतपुत्र, अप्सरायें, वादक एवं गायक) सहयोगियों के साथ सन्नद्ध भरत एक बार पुनः अपना प्रयोग प्रदर्शित करने हेतु भगवान् पद्मयोनि के समक्ष उपस्थित होते हैं।[1]

नाट्यशास्त्र में वर्णित रङ्गकर्मी का यह संविधानक स्पष्ट कर देता है कि नाट्यमञ्चन (stage craft) के चार प्रमुख अङ्ग हैं—

1. अभिनय (acting)
2. वाद्यवृन्द (orchestra)
3. नृत्य एवं (dance and)
4. गायन (singing)

इनमें से अन्तिम तीन की सामूहिक संज्ञा 'सङ्गीतक अथवा तौर्यत्रिक' भी है—**नृत्यं गीतश्च वाद्यश्च त्रिभिस्सङ्गीतमुच्यते।** जावा तथा बाली के रङ्गमञ्च पर नृत्य एवं गायन प्रायः समन्वित हैं तथा एकपद-वाच्य हैं। अतः अभिनय, वाद्य एवं नृत्यगीत को वहाँ वायाङ्ग (Wayang), गाङ्ग (Gong) तथा लेगाङ्ग (Legong) कहा जाता है।

ब्रह्मा ने आचार्य भरत से कहा—''सौभाग्यवश इस समय देवराज इन्द्र का 'ध्वजमहोत्सव' चल रहा है। अतः आप अपना नाट्यप्रयोग इसी अवसर पर प्रस्तुत करें''—

महानयं प्रयोगस्य समयः समुपस्थितः।
अयं ध्वजमहः श्रीमन् महेन्द्रस्य प्रवर्तते।।
अत्रेदानीमयं वेदो नाट्यसंज्ञः प्रयुज्यताम्।

इस प्रयोग का इतिवृत्त (theme) नाट्यशास्त्र में वर्णित है। संभवतः यह महेन्द्रविजयोत्सव नामक प्रयोग था जो इन्द्रध्वजमहोत्सव के अवसर पर मञ्चित हुआ। यह प्रयोग असुरों एवं दानवों के (देवकर्तृक) विध्वंस तथा विजयोन्माद से प्रहृष्ट देवताओं की विजय से श्रीमण्डित था।

आचार्य भरत ने इस प्रयोग में सर्वप्रथम आशीर्वचन से युक्त अष्टाङ्गपदा विचित्र नान्दी की अवतारणा की तदनन्तर उस कथानक का पात्राभिनय प्रस्तुत कराया जिसमें दैत्यगण देवताओं द्वारा जीते गये थे। यह अनुकृति (युद्धप्राय होने के कारण) सम्फेट (मारधाड़) तथा विद्रव (पलायन) से ओतप्रोत थी, साथ ही साथ छेदन भेदन एवं युद्ध दृश्यों से युक्त थी।

फलश्रुति यह रही कि ब्रह्मादि समस्त देवगण इस प्रयोग को देख कर परितुष्ट हो उठे और सब ने आचार्य भरत तथा उनके (अभिनेता) पुत्रों को पारितोषिकों से लाद

दिया–

ततो ब्रह्मादयो देवाः प्रयोगपरितोषिताः।
प्रददुर्हृष्टमनसः सर्वोपकरणानि नः।
प्रीतस्तु प्रथमं शक्रो दत्तवान् स ध्वजं शुभम्।।
ब्रह्मा कुटिलकं चैव भृङ्गारं वरुणस्तथा।
सूर्यश्छत्रं शिवः सिद्धिं वायुर्व्यजनमेव च।।
विष्णुः सिंहासनं चैव कुबेरो मुकुटं तथा।
श्राव्यत्वं प्रेक्षणीयस्य ददौ देवी सरस्वती।।
शेषा ये देवगन्धर्वा यक्षराक्षसपन्नगाः।
तस्मिन् सदस्यतिप्रीता नानाजातिगुणाश्रयाः।।
अंशांशैर्भावितान् भावान् रसान् रूपं बलं तथा।
प्रददुर्मत्सुतेभ्यश्च चित्रमाभरणं बहु।।

–नाट्य. 1.58–63

रङ्गप्रयोग के इस पौराणिक अनुष्ठान में अभी दो नये सन्दर्भ और जुड़ने हैं— रङ्गबाधा एवं रङ्गशान्ति। वस्तुतः 'बाधा एवं शान्ति' ये दोनों किसी भी धर्मानुष्ठान के अनिवार्य अङ्ग है। विघ्न–बाधायें आती ही हैं और उनका शमनोपाय भी होता ही है।

भरत के नाट्यप्रयोग में विघ्न–बाधायें, प्रयोग की कथावस्तु को लेकर उत्पन्न हुई। 'महेन्द्रविजयोत्सव' नामक इस प्रयोग में दैत्यों पर देवताओं की विजय प्रदर्शित की गई थी। फलतः दैत्य, दानव, असुर अपनी पराजय, अवमानना एवं तिरस्कार से क्षुब्ध हो उठे और विरूपाक्ष के नेतृत्व में एकजुट होकर वे प्रयोग को नाना प्रकार से व्यर्थ एवं विध्वस्त करने लगे। नारेबाजी प्रारंभ हो गई—

''नेत्थमिच्छामहे नाट्यमेतदागम्यतामिति।''

नानाविध विघ्नों और मायाजालों का सहारा लेकर अब वे सब दैत्य, असुरों को साथ लेकर अभिनेताओं की वाणी तथा (आङ्गिक) चेष्टाओं को स्तम्भित करने लगे। उनकी स्मृति नष्ट हो गई और वे संवाद तक भूलने लगे।[7] यहाँ तक कि सूत्रधार को भी, उसके सहायकों सहित, मायावी दानवों ने अशक्त, पंगु एवं नष्टसंज्ञ बना दिया। दैत्यों द्वारा यह सारा विध्वंस–कार्य गुपचुप किया जा रहा था अपनी आसुरी शक्ति से।

देवराज इन्द्र का माथा ठनका! आखिर हुआ क्या है कि अभिनेता उल्टे–पल्टे संवाद बोल रहे हैं? उल्टी–पल्टी चेष्टायें कर रहे हैं। सूत्रधार की भी मानो बुद्धि कुण्ठित हो उठी है। अवश्य ही कुछ अघटित घट रहा है। जैसे ही देवनायक ने योगस्थ होकर देखना प्रारम्भ किया, उन्हें नाट्यमण्डप चारों ओर से विघ्नों से घिरा हुआ दीखा।[8] फिर

क्या था, क्रुद्ध होकर मघवा ने उठ कर द्रुतगति से अपना ध्वजदण्ड ही (आयुधरूप में) उठा लिया और उसी 'जर्जर' से पीट-पीट कर, रङ्गपीठ के आस-पास इकट्ठे विघ्नभूत असुरों को अधमरा बना दिया। क्षणभर में ही बाधा उत्पन्न करने वाले दानवों के साथ ही साथ वे विघ्न भी मारे गये—

अथोत्थाय द्रुतं क्रोधाद् दिव्यं जग्राह स ध्वजम्।
सर्वरत्नोज्ज्वलतनुः किञ्चिदुद्वृत्तलोचनः।।
रङ्गपीठगतान् विघ्नान् असुरांश्चैव देवराट्।
जर्जरीकृतदेहांस्तानकरोज्जर्जरेण सः।।

– नाट्य. 1.69-70

था तो वह ध्वजमहोत्सव का ध्वजदण्ड, परन्तु अन्य किसी अमोघ प्रहरण (अस्त्र-शस्त्र) के अभाव में क्रोधान्ध इन्द्र ने उसी से विघ्नकारी दानवों को पीटना प्रारंभ कर दिया। वस्तुतः उनकी सम्पूर्ण दैवी शक्ति उस 'ध्वज' में ही संक्रान्त हो गई और वह 'वज्र' के ही समान अमोघ-प्रहार बन गया।

विघ्नकारक असुरों को जर्जरीकृत कर देने वाला वह 'ध्वज' तभी से रङ्गविघ्ननिवारक जर्जर के रूप में प्रतिष्ठित हो गया। रङ्गानुष्ठान का यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण उपक्रम था।[9]

परन्तु देवराज इन्द्र द्वारा सम्पादित 'विघ्नापसारण' का यह उपाय स्थायी नहीं था, पर्याप्त भी नहीं था। असन्तुष्ट, अपमानित तथा प्रतीकारपरायण दानव अभी भी 'नाट्य के विनाशन' में जुटे थे। अतः आचार्य भरत ने ब्रह्मा से किसी 'दुर्भेद्य एवं स्थायी रक्षाविधि' की व्यवस्था के लिए प्रार्थना की—

प्रयोगे प्रस्तुते ह्येवं स्फीते शक्रमहे पुनः।
त्रासं सञ्जनयन्ति स्म विघ्नाः शेषास्तु नृत्यताम्।।
दृष्ट्वा तेषां व्यवसितं दैत्यानां विघ्नकारकम्।
उपस्थितोऽहं ब्रह्माणं सुतैः सर्वैः समन्वितः।।
निश्चिता भगवन् विघ्ना नाट्यस्यास्य विनाशने।
अतो रक्षाविधिं सम्यगाज्ञापय सुरेश्वर।।

– नाट्य. 1.76-78

सममुच समस्या विकट थी। चूँकि यह प्रयोग खुले आसमान के नीचे हो रहा था, फलतः हुल्लड़बाजों को कथमपि टोका नहीं जा सकता था। जैसे कवच विहीन योद्धा के शरीर को बाण बींध देते हैं उसी प्रकार कवच विहीन नाट्याभिनय को भी विघ्न विध्वस्त कर रहे थे।

फलतः ब्रह्मा ने विघ्नबाधापसारण का एक स्थायी निदान सोचा, और वह निदान

था— **'सर्वलक्षण-सम्पन्न नाट्यवेश्म'**। उनके आदेश पर विश्वकर्मा ने एक विलक्षण नाट्यगृह रचा, जो अप्रधृष्य था। ब्रह्मा ने स्वयं, इन्द्रादि देवों के साथ इस नाट्यशाला का निरीक्षण किया, प्रसन्नता प्रकट की तथा समस्त देवों को निर्देश दिया कि आप लोग अपने अंशभागों से इस नाट्यगृह की रक्षा करें। भरत लिखते हैं—

ततः सह महेन्द्रेण सुरैः सर्वैश्च सेतरैः।
अगच्छत् त्वरितो द्रष्टुं द्रुहिणो नाट्यमण्डपम्।।
दृष्ट्वा नाट्यगृहं ब्रह्मा प्राह सर्वान् सुरांस्ततः।
अंशभागैर्भवद्भिस्तु रक्ष्योऽयं नाट्यमण्डपः।।

– नाट्य. 1.82-83

नाट्यमण्डप की अमोघ रक्षाविधि का यह आधिदैविक व्याख्यान अत्यन्त गूढ़, रहस्यमय, साभिप्राय तथा व्याख्या-सापेक्ष है। इससे जहाँ भारतीय रङ्गमञ्च की आधिदैविकता का बोध होता है वहीं इसके आधिभौतिक विज्ञानसम्मत स्वरूप का भी परिचय मिल जाता है। आधिभौतिक स्तर पर यह सन्दर्भ हमें मण्डप (वाद्यवृन्द) स्तम्भसमूह, स्तम्भान्तर, धारणी शाला सर्ववेश्म, महीपृष्ठ, द्वारशाखा, द्वारपात्र, देहली, रङ्गपीठपार्श्व, मत्तवारणी, स्तम्भ, जर्जर, रङ्गपीठमध्य, रङ्गपीठ धरातल, नायक, नायिका, विदूषक तथा अन्यान्य नाट्यपात्रों का परिचय देता है जिनकी देवकर्तृक रक्षा का विधान नाट्यशास्त्र में बताया गया है।[10]

इस वर्णन से भारतीय रङ्गमञ्च की साङ्गोपाङ्ग देवमयता सिद्ध हो जाती है। रक्षा वस्तु एवं रक्षक देवशक्ति के अन्तःसम्बन्ध का निरूपण यदि धर्मानुष्ठान एवं आगम-परम्परा की दृष्टि से किया जाय तो भरत के रङ्गमञ्च की विलक्षणता स्पष्ट हो जाती। इसकी जटिलता, महामहिमशालिता के समक्ष विश्व के सारे रङ्गमञ्च महत्त्वहीन खिलौने से प्रतीत होते है। यह विवरण नाट्यशाला को मनोरञ्जनगृह (recreation centre) नही अपितु 'नाट्यपुरश्चरणमण्डप' अथवा (कालिदास के शब्दों में) 'चाक्षुष क्रतु' सिद्ध करता है। इस प्रकार नाट्य लोकानुष्ठान से अधिक 'धर्मानुष्ठान' है।[11]

चूँकि प्राकृत (तात्कालिक) रक्षाविधि के रूप में 'जर्जर' को, जो मूलतः इन्द्रध्वजमहोत्सव का ध्वजदण्ड ही था, प्रतिष्ठा दी गई थी, अतएव रक्षाविधि के प्रतीकभूत जर्जर को भी अङ्ग-प्रत्यङ्ग देवरक्षित बनाया गया। उस साम्राज्य ध्वजदण्ड में 'दैत्यनिबर्हण' वज्र को ही साकल्येन संक्रान्त कर दिया गया। इतना ही नहीं, वज्ररूप उस ध्वजदण्ड के प्रत्येक पर्व (गांठ) में देवशक्तियों को संक्रान्त किया गया। शिरःपर्व में ब्रह्मा, द्वितीय पर्व में शङ्कर, तृतीय में विष्णु, चतुर्थ में स्कन्द तथा पंचम पर्व में शेष-वासुकि एवं तक्षक नामक महानागों को अधिष्ठित किया गया।

नाट्यशास्त्र से यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि जर्जर का शिरःपर्व उसका अधोभाग माना जाय अथवा उपरिभाग। मेरी दृष्टि में **'ऊर्ध्वमूलमधश्शाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम्'** के दार्ष्टान्तिक प्रामाण पर वनस्पतियों का मूलभाग ही उनका शीर्षभाग होता है निखिलशरीरानुप्राणक होने के कारण। ध्वजदण्ड का भी शीर्षपर्व, इस दृष्टि से, अधोभाग में ही मानना चाहिए— घनत्व एवं कठोरता की दृष्टि से। यदि यह क्रम मान्य न हो तो हमें ब्रह्मादि देवों को जर्जर के पर्वों में, अधोवर्ती क्रम में संक्रान्त करना होगा।

शिरःपार्श्वे ततो ब्रह्मा द्वितीये शङ्करस्तथा।
तृतीये च स्थितो विष्णुश्चतुर्थे स्कन्द एव च।।
पञ्चमे च महानागाः शेषवासुकितक्षकाः।
एवं विघ्नविनाशाय स्थापिता जर्जरे सुराः।।

— नाट्य. 1.93–94

इस विकट सुरक्षा–प्रबन्ध (tight safety measuress) के साथ ही नाट्यप्रयोग विघ्नबाधा से मुक्त हो जाता है।

परन्तु विघ्नबाधाओं का अथवा असन्तुष्ट दानवों का प्रतीकारात्मक भाव तो पूर्ववत् बना ही रहा।

देवताओं का एक दल इस विचार का था कि ऐसा कुछ किया जाना चाहिये कि दानवों का हृदय–दोष (heart burning) आत्यन्तिक रूप से शान्त हो जाए। वे भी नाट्यास्वाद के भागीदार हों। उन्हें यह विश्वास कराया जाय कि नाट्य जितना देवनिमित्तक है, देवार्थक है उतना ही दानवार्थक भी!

वस्तुतः यह दानवों के हृदयानुरञ्जन (heart pleasing) तथा उनके भ्रान्तिनिवारण का समझौता परक मार्ग था, जो दान, दण्ड एवं भेद द्वारा नहीं, मात्र 'साम' द्वारा सम्भव था। अतएव स्वयं जगत्स्रष्टा ब्रह्मा ने ही पहल की—

देवानां वचनं श्रुत्वा ब्रह्मा विघ्नानुवाच ह।
कथं भवन्तो नाट्यस्य विनाशार्थमुस्थिताः।।

विधाता की पहल से प्रभावित विघ्नोत्पादक दानवों के नेता विरूपाक्ष ने सान्त्वनाभरी वाणी में निवेदन किया—

योऽयं भगवता सृष्टो नाट्यवेदः सुरेच्छया।
प्रत्यादेशोऽयमस्माकं सुरार्थं भवता कृतः।।
तन्नैतदेवं कर्तव्यं त्वया लोकपितामह।
यथा देवास्तथा दैत्यास्त्वत्तः पूर्वविनिर्गताः।।

विरूपाक्ष की युक्ति में सच्चाई थी, क्योंकि 'महेन्द्रविजयोत्सव' की पूर्व–प्रस्तुति

(pre-staging) में सचमुच दैत्यों पर देवों की विजय दिखाई गई थी। इसमें पराजित दानव जूझते (सम्फेट) कहते-मरते (छेदन-भेदन) तथा पलायन करते (विद्रव) दिखाये गये थे, जो सचमुच एकाङ्गी चित्रण था, अर्धसत्य मात्र था। यह दानववीरों का, जान-बुझकर किया गया खुला अपमान था तथा देवताओं के प्रति पक्षपात था।

अतः आवश्यकता इस बात की थी कि दानवों को यह विश्वास कराया जाए कि भविष्य में ऐसा 'एकतरफा' चित्रण नहीं होगा। यह कि नाट्य दैत्यों का भी उतना ही हितसाधक एवं मनोरञ्जक है जितना देवों का; यह कि नाट्यप्रयोग तो देव-दानवचरित का दर्पणमात्र है, न वह ऐकान्तिक रूप से देवों का, न ही दानवों का 'भावन' है। वह तो समूचे त्रैलोक्य का भावानुकीर्तन मात्र है। अतएव दानवों को (भ्रान्तिवश) क्रोध नहीं करना चाहिये तथा विषाद का भी परित्याग कर देना चाहिए—

अलं वो मन्युना दैत्या विषादस्त्यज्यतामयम्।
भवतां देवतानां च शुभाशुभविकल्पकैः।
कर्मभावान्वयापेक्षी नाट्यवेदो मया कृतः।।
नैकान्ततोऽत्रभवतां देवानां चापि भावनम्।
त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम्।।

– नाट्य. 1.105-106

नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय का शेषभाग 'त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावानुकीर्तनम्' सूत्र का भाष्य मात्र है। वस्तुतः यह भाष्य (व्याख्या) न केवल भारतीय पाठकों को, अपितु रङ्गमञ्च-प्रणयी प्रत्येक सहृदय को कण्ठस्थ कर लेना चाहिये। जैसे गागर में सागर समा जाय, उसी प्रकार नाट्यप्रयोग के इस लक्ष्य (त्रैलोक्यभावानुकीर्तन) में उसका अनन्त विस्तार समाया हुआ है।[12]

आचार्य भरत 'त्रैलोक्य' को अनेक दृष्टियों से व्याख्यायित करते हैं। योनियों की दृष्टि से— देव, असुर तथा मर्त्य (मर्त्यों में भी ब्रह्मर्षि, नृपतिगण एवं गृहस्थ) गुणवत्ता की दृष्टि से धर्मप्रवृत्त, कामसेवी, दुर्विनीत, मत्त, क्लीब, शूरमानी, अबोध, विद्वान्, ईश्वर, दुःखार्दित, अर्थोपजीवी, उद्विग्नचेतस्, उत्तम, मध्यम, अधम, दुःखार्त, श्रमार्त, शोकार्त, तपस्वी-इन सबका भावानुकीर्तन नाट्य की लक्ष्यपरिधि में आता है।

यह सब सुस्पष्ट करने बाद ब्रह्मा एक बार पुनः दानवों को प्यार से समझाते हैं—

अस्मिन्नाट्ये समेतानि तस्मादेतन्मयाकृतम्।
तन्नात्र मन्युः कर्तव्यो भवद्भिरमरान् प्रति।।

–नाट्य. 1.217

दानवप्रबोध का सन्दर्भ यहीं समाप्त हो जाता है। हमें यह मान लेना चाहिये कि

उनकी भ्रान्ति का निवारण हो गया तथा क्रोध भी शान्त हो गया। इस सुखद परिणति के बाद ही पितामह नाट्यपण्डप में यज्ञ करने का आदेश देते हुए घोषित करते हैं–

अपूजयित्वा रङ्गं तु यः प्रेक्षां कल्पयिष्यति।
तस्य तन्निष्फलं ज्ञानं तिर्यग्योनिं च यास्यति।।

'रङ्गदैवतपूजा' की बृहत् व्याख्या इस आलेख के दूसरे भाग में की जायेगी।

सन्दर्भ तथा टिप्पणी

1. एवमस्त्विति तानुक्त्वा देवराजं विसृज्य च।
सस्मार चतुरो वेदान् योगमास्थाय तत्त्ववित्।।

–नाट्य. 1.13

2. संकलय्य भगवानेवं सर्वान् वेदाननुस्मरन्।
नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदाङ्गसम्भवम्।।
जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्सामभ्यो गीतमेव च।
यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि।।
वेदोपवेदैः सम्बद्धो नाट्यवेदो महात्मना।
एवं भगवता सृष्टो ब्रह्मणा सर्ववेदिना।।

–नाट्य. 1. 16–18

3. उत्पाद्य नाट्यवेदं तु ब्रह्मोवाच सुरेश्वरम्।
इतिहासो मया सृष्टः स सुरेषु नियुज्यताम्।।
कुशला ये विदग्धाश्च प्रगल्भाश्च जितश्रमाः।
तेष्वयं नाट्यसंज्ञो हि वेदः संक्राम्यतां त्वया।।

–नाट्य. 1. 19–20

4. सविस्तर द्रष्टव्य मेरा आलेख— ''बाली एवं जावा के वायांग का सूत्रधारः डलंग।''
— नाट्यम्, संस्कृत-विभाग, सागर विश्वविद्यालय, सागर (म. प्र.)

5. श्रुत्वा तु शक्रवचनं मामाहाम्बुजसम्भवः।
त्वं पुत्रशतसंयुक्तः प्रयोक्ताऽस्य भवानघ।।
आज्ञापितो विदित्वाऽहं नाट्यवेदं पितामहात्।
पुत्रानध्यापयामास प्रयोगं चापि तत्त्वतः।।

–नाट्य 1. 24–25

6. स्वातिर्भाण्डनियुक्तस्तु सह शिष्यैः स्वयम्भुवा।।
नारदाद्याश्च गन्धर्वा गानयोगे नियोजिताः।
एवं नाट्यमिदं सम्यग् बद्घवा सर्वैः सुतैः सह।
स्वातिनारदसंयुक्तो वेदवेदाङ्गकारणम्।
उपस्थितोऽहं लोकेशं प्रयोगाय कृताञ्जलिः।।

7. एवं प्रयोगे प्रारब्धे दैत्यदानवनाशने।
अभवन् क्षुभिताः सर्वे दैत्या ये तत्र संगताः।।
विरूपाक्षपुरोगांश्च विघ्नानुत्साधनेऽब्रुवन्।
नेत्थमिच्छामहे नाट्यमेतदागम्यतामिति।।
ततस्तैरसुरैः सार्धं विघ्नमायामुपाश्रिताः।
वाचश्चेष्टाः स्मृतिश्चैव स्तम्भयन्ति स्म नृत्यताम्।।

–नाट्य. 1. 64–66

8. एवं विध्वंसितं दृष्ट्वा सूत्रधारस्य देवराट्।
तस्मात्प्रयोगवैषम्यमित्युक्त्वा ध्यानमाविशत्।।
अथापश्यत्सदो विघ्नैः समन्तात्परिवारितम्।
सहेतरैः सूत्रधारं नष्टसंज्ञं जडीकृतम्।।

–नाट्य. 1. 67–68

9. निहतेषु तु सर्वेषु विघ्नेषु सह दानवैः।
सम्प्रहृष्य ततो वाक्यमाहुः सर्वैर्दिवौकसः।।
अहो प्रहरणं दिव्यमिदमासादितं त्वया।
जर्जरीकृतसर्वाङ्गा येनैते दानवाः कृताः।
तस्माज्जर्जर एवेति नामतोऽयं भविष्यति।।
शेषा ये चैव विघ्नार्थमुपस्थास्यन्ति विघ्नकाः।
दृष्ट्वैव जर्जरं तेऽपि गमिष्यन्त्येवमेव तु।।
एवमेवास्त्विति ततः शक्रः प्रोवाच तान् सुरान्।
रक्षाभूतश्च सर्वेषां भविष्यत्येष जर्जरः।। — नाट्य 1.61–65

10. रक्षणे मण्डपस्यास्य विनियुक्तस्तु चन्द्रमाः।
यथा दिग्लोकपालाश्च विदिक्ष्वपि च मारुताः।।
नेपथ्यभूमौ मित्रस्तु निक्षिप्तो वरुणेश्वरः।
वेदिकारक्षणे वह्निर्भाण्डे सर्वदिवौकसः।।
वर्णाश्चत्वार एवास्य स्तम्भेषु विनियोजिताः।
आदित्याश्चैव रुद्रश्च न्यस्ताः स्तम्भान्तरेषु च।।
धारणीष्वथ भूतानि शालास्वप्सरसस्तथा।
सर्ववेश्मसु पक्षिण्यो महीपृष्ठे महोदधिः।।
द्वारशाखानियुक्तौ तु कृतान्तः काल एव च।
स्थापितौ द्वारपात्रेषु नागमुख्यौ महाबलौ।।
देहल्यां यमदण्डस्तु शूलं तस्योपरि स्थितम्।
द्वारपालौ स्थितौ चोभौ नियतिर्मृत्युरेव च।।
पार्श्वे च रङ्गपीठस्य महेन्द्रः स्थितवान् स्वयम्।
स्थापिता मत्तवारण्यां विद्युद् दैत्यनिषूदनी।।
स्तम्भेषु मत्तवारण्याः स्थापिताः परिरक्षणे।

भूतयक्षपिशाचाश्च गुह्यकाश्च महाबलाः।।
जजरे तु विनिक्षिप्तं वज्रं दैत्यनिबर्हणम्।
तत्पर्वसु विनिक्षिप्ताः सुरेन्द्रा ह्यमितौजसः।।

— नाट्य. 1.84–92

11. धर्मानुष्ठान में भी अनुष्ठान रक्षा हेतु गौरी, गणेश, नवग्रह, दश दिग्पाल तथा चतुष्षष्टि मातृकाओं की स्थापना पृथक् वेदियों पर की जाती है। नाट्यानुष्ठान की यह रक्षाविधि भी उसी के समान है।

12. क्वचिद्धर्मः क्वचित्क्रीडा क्वचिदर्थः क्वचिच्छमः।
क्वचिद्धास्यं क्वचिच्छुद्धं क्वचित्कामः क्वचिद्वधः।।
धर्मो धर्मप्रवृत्तानां कामः कामार्थसेविनाम्।
निग्रहो दुर्विनीतानां मत्तानां दमनक्रिया।।
क्लीबानां धाष्ट्र्यजननामुत्साहः शूरमानिनाम्।
अबोधानां विबोधश्च वैदग्ध्यं विदुषामपि।।
ईश्वराणां विलासश्च स्थैर्यं दुःखार्दितस्य च।
अर्थोपजीविनामर्थो धृतिरुद्विग्नचेतसाम्।।
नानाभावोपसम्पन्नं नानावस्थान्तरात्मकम्।
लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मया कृतम्।।
उत्तमाधममध्यानां नराणां कर्मसंश्रयम्।
हितोपदेशजननं धृतिक्रीडासुखादिकृत्।।
दुःखार्तानां श्रमार्तानां शोकार्तानां तपस्विनाम्।
विश्रान्तिजननं काले नाट्यमेतन्मया कृतम्।।
धर्म्यं यशस्यमायुष्यं हितं बुद्धिविवर्धनम्।
लोकोपदेशजननं नाट्यमेतद् भविष्यति।।
न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला।
न स योगो न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते।।
देवानामसुराणां च राज्ञामथ कुटुम्बिनाम्।
ब्रह्मर्षिणां च विज्ञेयं नाट्यं वृत्तान्तदर्शकम्।।
योऽयं स्वभावो लोकस्य सुखदःखसमन्वितः।
सोऽङ्गाद्यभिनयोपेतो नाट्यमित्यभिधीयते।।

— नाट्य. प्रथमाध्याय।

6

प्रश्नपञ्चक (ना.शा. 1-4/5): 'अथातो नाट्यजिज्ञासा'- नाट्यशास्त्र का एक संरचनासूत्र

अजित ठाकोरे

नाट्यशास्त्र भारतीय नाट्यपरम्परा का सिद्धान्तसूत्रित अनन्य आकर ग्रन्थ है। भारतीय उपमहाद्वीप में वेदकाल से जो वैविध्यशाली भिन्न भिन्न जानपदीय नाट्यपरम्परा फली-फूली, उन सब का भरतसंज्ञित नाट्यतत्त्वदर्शी चेतना में जो अवतरण हुआ, जो संघटन हुआ, जो परिशोधन हुआ, जो संस्करण-परिष्करण हुआ, जो नवीनीकरण हुआ— नाट्यशास्त्र के रूप में प्रकट हुआ है। नाट्यशास्त्र षट्सहस्रीरूप महावाक्यरूपेण प्रपञ्चित हुआ है। भरत इस महावाक्य के कथक-प्रवक्ता है। नाट्य-रहस्यविद्या प्रतिपाद्य है। आत्रेयादि मुनिगण जिज्ञासु है। कर्तव्याकर्तव्य का विधिनिषेधरूप उपदेश इसका प्रयोजन है।

अभिनवगुप्त ने नाट्यशास्त्र को एककर्ता प्रणीत सुगठित ग्रन्थ के रूप में प्रमाणित किया है : **यथावसरं महावाक्यात्मना षट्सहस्रीरूपेण प्रधानतया प्रश्नपञ्चकनिरूपणरूपेण शास्त्रीयतत्त्वं निर्णीयते**।[1] यहाँ षट्सहस्रीरूप महावाक्य की अवधारणा नाट्यशास्त्र के संघटित स्वरूप के नियामक सूत्र-संरचनासूत्र के रूप में प्रश्नपञ्चक की महनीय भूमिका द्योतित करती है।

भरत ने नाट्यविद्या की जो परम्परा विरासत में मिली इस परम्परा की स्थापना की। उन्होंने प्रमाणरूपेण परिष्कृत की। अतः ब्रह्मा से प्रादुर्भूत अर्थात् परम्परा से उद्भासित तथा विकसित नाट्यविद्या का जो पाठ भरत ने प्रस्तुत किया वह पाठ (वाचना) अन्य नाट्याचार्यों की तुलना में प्रमाणभूत माना गया। स्वयं भरत ने इस

तथ्य के प्रति संकेत दिये हैं। अभिनवगुप्त ने इस तथ्य को—**'तस्य शास्त्रं शासनं बाह्यभाण्डनाट्यादिवैलक्ष्यण्येन सम्यक्तत्स्वरूपावगमोपायं प्रकर्षेण अपरब्रह्म-शिष्योदीरितानुपयोगिविकासावधानेन वक्ष्यामि**[2]-व्यक्त किया है। नाट्य के वहिरङ्ग तत्त्वों के स्थान पर भरत ने नाट्य की आत्मा रस को केन्द्र में रख कर अन्य सब अङ्गों की तर-तम कोटि एवं भूमिका निश्चित की। इसीलिए शायद अन्य नाट्याचार्यों का नाट्यचिंतन अनुपयोगी प्रतीत होने लगा होगा।

नाट्याास्त्र के मूल में मुनिगण की नाट्यजिज्ञासा संप्रेरक सूत्र के रूप में निहित है। नाट्यजिज्ञासा नाट्यशास्त्र में बीच-बीच में प्रश्नावलि के रूप में प्रकट हुई है। इन प्रश्नावलियों में नाट्यशास्त्र के आरम्भ[3] में जो प्रश्नपञ्चक-रूप बृहद् वर्तुल के अन्तर्गत छोटे छोटे वर्तुलों की भाँति अवस्थित है। भरत ने वस्तुनिरूपण शैली के रूप में एवं वस्तुविधान के लिए इस प्रश्नमाला को संप्रेरक बनाकर इसे पूरे नाट्यशास्त्र के संरचनासूत्र के रूप में धारित किया है।

: 2 :

नाट्यशास्त्र की संरचना के मेरुदण्ड सदृश प्रश्नपञ्चक नाट्यविद्या के जिज्ञासु आत्रेयादि मुनियों द्वारा नाट्यतत्त्व को जानने के लिए किए गए प्राथमिक स्तर के प्रश्न प्रतीत होते हैं। तथापि यह प्रश्नपञ्चक से अछूते रह गये नाट्याविद्या के सुदूर क्षेत्रों को भी अन्य प्रश्न तथा 'यथातत्त्वं भवान् वक्तुमर्हति'— द्वारा आवृत्त कर लिया है। इतना ही नहीं नाट्यविमर्श में केवल 'तत्त्व' की ही बात केन्द्र में रहनी चाहिए यह मनोभाव भी व्यञ्जित कर दिया है। भरत ने इस तरह प्रश्नपञ्चक रूप संरचनासूत्र को नमनीयता (flexibility) प्रदान की है। यह नमनीयता प्रश्नों के उत्तर देने में क्रम की अपेक्षा न होने से ओर बलवत्तर हुई है।

1. प्रथम प्रश्न—**नाट्यवेदः कथं उत्पन्नः**? नाट्यवेद किस लिए, किस प्राथमिक प्रकार से उत्पन्न हुआ है?

यह प्रश्न नाट्यप्रवृत्ति के मूल में विहित नाट्यप्रयोजनरूप प्राथमिक संदेशक तत्त्व को लक्ष्य करता है। नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय[4] में एवं षष्ठ-सप्तम अध्यायों में रसानुभव के विमर्श में नाट्यप्रयोजनों का विचार हुआ है।

2. द्वितीय प्रश्न :—**कस्य वा कृते**—किस अधिकारी के लिये नाट्यवेद उत्पन्न हुआ?

इस प्रश्न का उत्तर अभिनवगुप्त ने इस प्रकार दिया है: एवं **प्रश्नपञ्चकात् कविप्रयोक्त्रोरुपदेशपरं शास्त्रं इति लक्ष्यते**।[5] नाट्यशास्त्र कवि एवं प्रयोक्ता नाट्यमण्डल के लिए निर्मित हुआ है। ये दोनों नाट्यशास्त्र के अधिकारी हैं। अन्य व्याख्याकारों के अनुसार कर्ता, द्रष्टा एवं प्रयोक्ता— इन तीनों के लिये इस शास्त्र की रचना की गई है। किन्तु अभिनवगुप्त के अनुसार— 'न ह्यनेन सामाजिको विनीयते' अयोग्यत्वात्।[6] अभिनवगुप्त ने प्रधान अधिकारी के रूप में कवि एवं प्रयोक्ता को ही स्वीकृति दी है। कालिदास ने भी 'प्रयोगविज्ञान' शब्द से इसी तथ्य को प्रमाणित किया है।

3. तृतीय प्रश्न :— **कत्यङ्गः**? नाट्य के कितने अङ्ग है ? अभिनवगुप्त ने तीन विकल्पों के रूप में इस प्रश्न को प्रपञ्चित किया है : क्या नाट्य में बहुत अधिक अङ्ग होते हैं?— इनकी संख्या निश्चित न होने से क्या नाट्याङ्गों का निर्णय असंभव होगा? प्रत्यक्ष गीत, वाद्य, अभिनयादि में से कितने नाट्य के अङ्ग हैं? क्या नाट्य अङ्गों से भिन्न अङ्गिरूप है ? अथवा अङ्गों का समुदायमात्र है?

इस प्रश्न का उत्तर— **न तज्ज्ञानं**. . .[7] में भरत ने नेति वाचक सामान्योत्तर दे दिया है— नाट्य समस्त कला, शिल्प, ज्ञान, विद्या, योग, कर्म का समन्वित रूप है। नाट्याङ्गों का पृथ्क-पृथ्क विमर्श प्रेक्षागृह, रङ्गपूजन, रस, अभिनय, वृत्ति, इतिवृत्त, गीत संगीत आदि के सन्दर्भ में किया है। इसी तरह से प्रायः संपूर्ण नाट्यशास्त्र इस प्रश्न के प्रत्यक्ष विमर्श के रूप में दृश्यमान होता है। नाट्य में अङ्गों की संख्या का निश्चित निर्धारण नाट्यार्थरूप रस के द्वारा होता है, रस ही नाट्याङ्गों की संख्या, चयन एवं व्यापार का नियामक है। नाटक केवल अभिनय, वृत्ति, इतिवृतादि अङ्गों का समुदायमात्र नहीं है। रस प्रकारके सर्वतत्त्व नाट्य के अङ्ग है। रस अतिकर-रसविघ्नकर कोई भी अङ्ग नाट्याङ्ग के रूप में प्रतिष्ठित नहीं है। भरत ने सर्वत्र इसी सिद्धान्त की उद्घोषणा की है। रस अङ्ग है, अन्य सर्व अङ्गी है।

4. चतुर्थ प्रश्न :— **किं प्रमाणञ्च**?-रस में क्या प्रमाण है? अभिनव के अनुसार नाट्य के अङ्ग का ज्ञान किस प्रमाण से होता है? इस प्रमाण से नाट्य की अङ्गिता का ज्ञान होता है अथवा केवल अङ्गभाव का? अङ्ग-अङ्गी भाव का नियम किस प्रमाण से ज्ञात होता है?

इस प्रश्न का उत्तर रसाध्याय में सहृदय को सर्व प्रमाणों से अनूठी प्रत्यक्षवत् रसास्वाद रूप जो प्रतीति होती है इस प्रसंग में दिया गया है। सहृदय ही नाट्य प्रतीति में प्रमाण रूप है। प्रत्यक्ष, अनुमान आदि प्रमाणों की सहायता से रसानुभव

की जो प्रतीति होती है वही इसका प्रमाण है। अन्य व्याख्याकार इस प्रश्न से नाट्य के रूपकादि भेद तथा पाठ्य अभिनय आदि अङ्गों का परिमाण या संख्या के संदर्भ में अर्थघटन करते हैं।

5. पञ्चम प्रश्न : **प्रयोगश्चास्य कीदृशः**?-इस नाट्य का प्रयोग किस प्रकार से होता है? अभिनवगुप्त पञ्चम प्रश्न को व्याख्यायित करते हुए कहते हैं कि अभिनय पाठ्य आदि अङ्गों का एक साथ प्रयोग होता हो तो भिन्न भिन्न इन्द्रियों से ग्राह्य उन सब नाट्याङ्गों की एक साथ प्रतीति न हो सकेगी। अतः नाट्य के एकत्व की प्रतीति असंभव होगी। भिन्न भिन्न अङ्गों के अलग अलग प्रयोग होने पर भी नाट्य को एकत्व की प्रतीति अर्थात् नाट्य का एकाग्र प्रभाव सम्भव न होगा। नाट्य में कोई निश्चित अङ्गाङ्गी भाव से प्रयोग होता है। इस प्रश्न का उत्तर भरत-अभिनवगुप्त ने रसाध्याय में सामाजिक को नाट्य की एकीभूत प्रतीति होती है— इस रूप में दिया है।

पञ्चम प्रश्न द्वारा नाट्य प्रयोग के सामान्याभिनय, चित्राभिनय एवम् रूपक के प्रभेदों के सन्दर्भ में भी उत्तर संभावित है। उपरोक्त विषयों का आठ से सत्रह एवम् अठारह, इक्कीस, बाईस एवम् पच्चीस अध्यायों में निरूपण किया गया है।

इस प्रकार प्रश्न पञ्चक विशेष रूप से बहुत से अध्यायों को एवम् सामान्य रूप से समग्र नाट्यशास्त्र को आवृत्त करता है।

अभिनवगुप्त ने प्रश्न पञ्चक के विषय में दो पक्ष रखे है : 1. कुछ व्याख्याकारों के अनुसार प्रश्न पञ्चक का निर्णय प्रथमाध्याय में ही हो चुका है। शेष अध्याय उद्देश क्रम से प्रश्न पञ्चक का विभाग, लक्षण एवम् परीक्षा के लिए है। मेरे मतानुसार इस भ्रम के मूल में प्रथमाध्याय का विषय प्रस्तावना जैसा विशिष्ट स्वरूप ही है। प्रथमाध्याय नाट्यशास्त्र का पूरा नक्शा (केस्यूअल, मेप) है, संक्षिप्त रूपरेखा है। इसलिए प्रश्न पञ्चक विशेष रूप से प्रपञ्चित होता भासित हुआ है।

2 : अन्य व्याख्याकारों के अनुसार पूर्वरङ्ग विधान पर्यन्त पञ्चाध्यायी में दो प्रश्नों का निर्णय हुआ है, शेष प्रश्नों का निर्णय सामान्याभिनय, चित्राभिनय[8] पर्यन्त शेष अध्यायों में हुआ है। किन्तु यह स्पष्टीकरण भी अधूरा एवम् असंतोषप्रद है।

इस विषय में अभिनवगुप्त ने पूरे नाट्यशास्त्र को 6000 श्लोक परिमाण वाले महावाक्य के रूप में प्रमाणित किया है। इस महावाक्य में प्रश्न पञ्चक का निरूपण हुआ है एवम् प्रसङ्गानुसार तत्त्व निर्णय भी हुआ है। भरत प्रश्न के क्रम

का अनुसरण न करके तत्त्वविमर्श पर केन्द्रित हुए हैं। विषय के प्रस्तुतीकरण में हमें व्यवस्था आनुक्रमिकता एवं उपचय के भी संकेत मीलते हैं। अलग अलग क्षेत्र से जुडे हुए नाट्याङ्गों का इस क्षेत्र के सन्दर्भ में एकत्र निरूपण हुआ है। जैसे सङ्गीत, गीत, नृत्य।

: 3:

नाट्यशास्त्र में प्रश्नपञ्चक के अतिरिक्त अन्य प्रश्न या प्रश्नगुच्छ का विनियोग हुआ है। वह अन्य प्रश्नावलि भी उन उन अध्यायों में संप्रेरकसूत्र, संरचनासूत्र के रूप में निबद्ध की गयी है।

1. ना.शा. 2/1-3 द्वितीय अध्याय के आरंभ में योजित इस प्रश्न युग्म में 1. रङ्गयजन एवम् 2. रङ्गमडल की क्रिया का लक्षण, आकार, परिमाण, रचना विधि के सन्दर्भ में प्रश्न है। प्रथमाध्याय के अन्त में रङ्गपूजा के विषय में हो रही बात के सन्दर्भ में रङ्गयजन का प्रश्न प्रथम क्रम से आ गया है किन्तु नाट्ययोग रूप रङ्गमण्डल की स्मृति होते ही ऋषियों ने क्रम पलट दिया है। इस तरह जिज्ञासा व्यापार की इस भङ्गिमा द्वारा भरत मनोवैज्ञानिक दृष्टि से बात को प्रस्तुत करते है।

इस प्रश्नयुग्म के उत्तर में अ. 2-3 की रचना हुई है। रङ्गपूजा से ही सम्बन्ध पूर्वरङ्ग के ताण्डव आदि चतुर्थ अध्याय में एवम् पूर्वरङ्ग विधि का पञ्चम अध्याय में निरूपण हुआ है।

चतुर्थ एवम् पञ्चम अध्याय में क्रमशः **'कः प्रयोगः प्रयुज्यताम्'**? **कस्मान्ननृतम् कृतं तत्? कं रसभावं अपेक्षते**— रूप प्रश्नत्रय तथा **पूर्वरङ्गम् संयुतं व्याख्यातुम् अर्हसि**[9]-प्रश्नों से चार अन्तर्वर्तुलों की रचना की गई है। इस तरह प्रश्न पञ्चक के बृहद् वर्तुल में प्रश्नयुग्म का अन्तर्वर्तुल एवम् प्रश्नयुग्म के अन्तर्वर्तुल में अन्य चार अन्तर्वर्तुल की रचना हुई है।

2. ना.शा. 6/1-3 : इस लघु प्रश्नपञ्चक में-**1. रसः कः पदार्थः 2. रसत्वम् केन च तेषाम्। 3. भाषातत्त्वं कथं प्रोक्ताः। 4. किं वा ते भाषयन्त्यपि 5. संग्रहं कारिकां चैव नियुक्तं चैव तत्त्वतः वक्तुम् अर्हसि**— रूप पाँच प्रश्न संगृहित है। इस लघु प्रश्नपञ्चक के उत्तर में अ-6-7 कि रचना हुई है।

इस लघु प्रश्नपञ्चक रूप अर्न्तवतुल में पुनः— 1. **रसः इति कः पदार्थः**। 2. **कथं आस्वाद्यते रसः**। 3. **किं रसेभ्यो भावानाम् अभिनिवृतिरुताहो भावेभ्यो**

रसानामिति— रूप प्रश्नत्रय तथा, **भाव इति कस्मात्** आदि प्रश्नयुग्म प्रस्तुत करके अ-6-7 में उत्तर दिया है। यह प्रश्नपूर्वक उत्तर कि व्याख्यान पद्धति का निदर्शन है।

भाव विषयक विमर्श में— 1. **विभाव इति कस्मात्**? 2. **कथं जयन्तीति व्यभिचारिणः**— रूप प्रश्नोत्तर मूल व्याख्यान पद्धति का निदर्शन है। इस तरह यहाँ भी अन्तर्वर्तुल में अन्य अन्तवर्तुली कि योजना की गई है।

3. ना.शा. 8/1-3: इस प्रश्नत्रिक में— 1. नाट्ये कतिविधः कार्यः तज्ज्ञैरभिनयक्रमः। 2. **कथं वाभिनयो ह्येष एवं** 3. **कति भेदः**— प्रश्न प्रस्तुत करके आङ्गिक आदि अभिनय[10] के विमर्श किया है।

4. ना.शा. 36 : 1-14 : इस प्रश्न गुच्छ में 1. **देवस्य कस्य चरितं पूर्वरङ्गे**। 2. **किमर्थं भुज्यते ह्येष प्रयुक्तः** 3. **किं करोति** 4. **कस्माच्चैव पुनः शोचं सम्यक् चरितसूत्रदृक्** 5. **कथमुर्वीतले नाट्यं स्वर्गान्निपतितं** 6. **कथं तवाऽयं वंशश्च नरसंज्ञः प्रतिष्ठितः**। के उत्तर में अ. 36-37 दिए गए हैं। इस अन्तर्वर्तुले में पूर्वरङ्ग एवम् नाट्यावतरण-ऋषिशाप निरूपित है।

इस तरह से प्रश्नपञ्चक-रूप बृहद् वर्तुल के अन्तर्गत चार लघु वर्तुलों की एवं उन लघु वर्तुलों के अन्तर्गत लघुतर-लघुतम वर्तुलों की योजना की गई है।

: 4:

प्रश्नपञ्चक नाट्यशास्त्र की संरचना का संप्रेरक संरचना सूत्र है इस सन्दर्भ में नाट्यशास्त्र की संरचना का विश्लेषण करने पर कुछ तथ्य प्रकाशित होते हैं।

नाट्यशास्त्र की संरचना वृत्ताकार या वर्तुलगति से हुई है। प्रश्नपञ्चक समग्र नाट्यशास्त्र को व्यक्त कर देने वाला बृहद् वर्तुल प्रतीत होता है। इस बृहद् वर्तुल के अन्तर्गत अन्य अवान्तर प्रश्नगुच्छ आंतर वर्तुल रूपेण अवस्थित है। इस तरह समग्र प्रश्नमाला वर्तुल में वर्तुल (सर्कल्स विधीन सर्कल) जैसी संरचना प्रकट करते है।

विषय निरूपण के सूत्र का परिणमन भी नाट्यशास्त्र की संरचना में वृत्ताकार द्योतित करता है। जैसे— प्रथमाध्याय में इन्द्रादि देवों की याचना से ब्रह्माजी द्वारा स्वर्गलोक में नाट्योत्पत्ति रूप सूत्र का जो निक्षेप हुआ है वह सूत्र अन्तिम अध्याय में राजा नहुष की याचना पर भूत द्वारा पृथ्वी पर नाट्यावतरण से कथावर्तुल के रूप में परिणत होता हैं

ग्रथन शैली के संदर्भ में भी नाट्यशास्त्र की वर्तुल वृत्ताकार गति दिखाई देती है। नाट्यशास्त्र का आरम्भ नाट्योत्पत्ति कथारूप पूरा कल्प शैली से हुआ है। बीच में 'अमृत-मन्थन', 'त्रिपुरदाह' नाट्य प्रयोग की कथा (अ. 4:1-13) एवं वृत्रवधकथा (अ. 20:2-25) में पुराकल्प शैली से निर्वहण किया गया है। नाट्यशास्त्र के अन्तिम दो अध्यायों में नाट्यशास्त्र एवं नाट्यावतरण की पुराकल्प शैली से समारोप रचा गया है। इस तरह पुराकल्प शैली के विन्यास की दृष्टि से भी नाटयशास्त्र वृत्ताकार प्रतीत होता है।

नाट्यशास्त्र के आरम्भ में आत्रेय आदि मुनिगण एवं भरत के संवाद की योजना की गई है। समग्र नाट्यशास्त्र में विविध संवादों से इस तत्त्व का निर्वहण किया गया है। भरत ने संवादों से ही अन्तिम अध्यायों में नाट्यशास्त्र की परिणति की है। इस तरह संवाद योजना में भी वृत्ताकार गति प्रतीत होती है। नाट्यशास्त्र की संरचना में प्रवक्ता की योजना की दृष्टि से भी भरत ने वृत्ताकार गति प्रकट की है। नाट्यशास्त्र के आद्य प्रवक्ता ब्रह्मा, ब्रह्मा के पश्चात् भरत एवं भरत ने पश्चात् कोहल को प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया।

नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामि ब्रह्मणा यदुदाहृतम्।।[11]
शेषमुत्तरतन्त्रेण कोहलस्तु करिष्यति।
प्रयोगः (गान्) कारिकांश्चैव निरुक्तानि तथैव च।।[12]

इस तरह प्रवक्ता की योजना के सन्दर्भ में भी भरत के गुरु ब्रह्मा एवं भरत के शिष्य कोहल के आरम्भ एवं अन्त में विज्ञापन से कथक वर्तुल पूर्ण हुआ है।

महावाक्य रूप नाट्यशास्त्र के आरम्भ में प्रणम्य शिरसा रूप . . . मङ्गल श्लोक एवम् नाट्यशास्त्र के अन्त में—

किं चान्यत् संप्रपूर्णा भवतु वसुमती नष्टदुर्भिक्षरोगा।
ब्राह्मणानां भवतु नरपतिः पातु पृथ्वीं समग्राम्।।[13]

इस तरह भरत वाक्य से शास्त्र की परिणति भी वृत्ताकार की ओर इङ्गित करती है।

: 5 :

नाट्यशास्त्र की वृत्ताकार संरचना में अवतरणिका एवं समापनिका की साद्यन्त, दृढ़बन्ध, सातत्यपूर्ण संरचना सूत्र-संनिकर्ष सूत्र के रूप में प्रयोजना हुई है। नाट्यशास्त्र के प्रायः सभी अध्यायो में अवतरणिका एवं समापनिका दृष्टिगोचर होती है। अवतरिणका से निरूप्यमाण विषय की भूमिका रची जाती है। कभी

कभी अवतरणिका में अगले अध्याय के विषय का पुनः उल्लेखन एवं वर्तमान अध्याय-विषय का ज्ञापन भी दिखाई देता है। कहीं-कहीं अगले अध्याय में समापनिका में उल्लेख होने पर नये अध्याय का विषयनिरूपण से सीधा आरम्भ हुआ है।[14] अनेक से स्थलों पर समापनिका में प्रस्तुत अध्याय के विषय का निर्देश हुआ है। कुछ अवतरणिका गद्यवाक्य के रूप में रची गई है।[15] प्रस्तुत अध्याय में निरूप्यमाण विषय का सन्धान यदि सुदूर अध्याय से होता है। तब अवतरणिका में भी इस तथ्य का निबन्धन होता है, जैसे की—

ये तु पूर्वं मया प्रोक्तास्त्रयो वै नाट्यमण्डपाः।
तेषां विभागं विज्ञाय ततः कक्ष्यां प्रयोजयेत्।।[16]

भरत ने नाट्याङ्गो का अङ्गीरूप रस के साथ उपकार्य-उपकारक भाव एवं रस के साथ एकीभूत होने की आवश्यकता सूचित करने के लिये भी समापनिका का प्रयोग किया है।

एतानि काव्यस्य च लक्षणानि षट्त्रिंशदुद्देशनिदर्शनानि।
प्रबन्धशोभाकरणानि तत्र सम्यक् प्रयोज्यानि रसायनानि।।[17]

कभी कभी भरत ने निरूप्यमाण विषय का समग्र नाट्यसंरचना में कौन सा स्थान है। यह तत्त्व भी अवतरणिका में प्रतिपादित किया है—

इतिवृत्तं तु नाट्यस्य शरीरं परिकीर्तितम्।
पञ्चभिः सन्धिभिस्तस्य विभागः संप्रकल्पितः।।[18]

इस अवतरणिका में निरूप्यमाण विषय संधि का निर्देश करने से पूर्व इतिवृत्त को नाट्य के शरीर के रूप में प्रस्तुत करके समग्र नाट्य संरचना में इतिवृत्त का स्थान एवं भूमिका प्रतिपादित की है। समापनिका में भरत गीत संगीत कि पृथक् पृथक् नाट्य अपितु एकीभूत योजना करनी चाहिए, इस तथ्य को उद्घोषित करके नाट्याङ्गो के प्रभाव की समग्रता की और ध्यान आकृष्ट करते हैं-

यदा समुदिताः सर्वे एकीभूता भवन्ति हि।
अलङ्काराः सकुतपाः मन्तव्या नाटकाश्रयाः।।[19]

इस कवि को निरूप्य विषय के महत्त्व को दर्शाते हुए कभी कभी अवतरणिका प्रस्तुत करते हैं।

गुणात् प्रवर्तते गानं दोषं (षाच्चास्य) चास्य निरस्यते।
तस्माद् यत्नेन विज्ञेयौ गुणदोषौ समासतः।।[20]

कभी-कभी भरत अवतरणिका का प्रयोग अन्य शास्त्रों में रहे मूलस्रोत को

विज्ञापित करने के लिए भी प्रायोजित करते हैं—

यथोक्तं मुनिभिः पूर्वं स्वानि नारद पुष्करः।
सर्वलक्षणसंयुक्तं सर्वा (तथा) तोद्यविभूषितम्।।[21]

भरत समापनिका का प्रयोग निरूप्य विषय के महत्त्व एवं नाट्य में योगदान को चिह्नित करने के लिए भी करते हैं।

वाद्येषु यत्नः प्रथमं तु कार्यः
शय्यां च नाट्यस्य वदन्ति वाद्यम्।
वाद्येऽपि गीतेऽपि च सुप्रयुक्ते
नाट्यस्य शोभा न विनाशमेति।।[22]

इस तरह समग्र नाट्यशास्त्र में भरत ने अवतरणिका एवं समापनिका का विषय प्रवेश, विषय समापन, विषय महत्त्व, विषय का नाट्य में कार्य, विषय का नाट्य में प्रभाव, विषय की उपकारकता जैसे वैविध्यपूर्ण आयामों को प्रकाशित एवं ग्रथित करने के लिए विनियोजित की है। अतः प्रश्नपञ्चक एवं अन्य प्रश्न गुच्छ से नाट्यशास्त्र की जो संरचना घटित हुई है वह संरचना अवतरणिका-समापनिका के प्रबुद्ध प्रयोग से सुसंघटना में रूपान्तरित हुई है।

: 6 :

नाट्यशास्त्र के कर्तृत्व के बारे में प्राचीन काल से ही वैमत्य दिखाई देता है। अभिनवगुप्त ने परम्परा में प्रचलित दो मत निर्दिष्ट किए हैं। कुछ व्याख्याकार के अनुसार नाट्यशास्त्र के 1/1 से 1/5 श्लोक भरत के शिष्य ने निर्मित किए हैं। इसी तरह नाट्यशास्त्र में जहाँ जहाँ प्रश्नोत्तर की योजना की गई है वह भी भरतशिष्यों के ही वचन हैं। अभिनवगुप्त ने श्रुति, स्मृति, व्याकरण, तर्कशास्त्र आदि शास्त्रों में स्वीकृत प्रश्न-प्रतिवचन अथवा पूर्वपक्ष-उत्तरपक्ष की रचना शैली का उदाहरण देते हुए इस मत का खण्डन किया है।

अभिनवगुप्त के गुरु नास्तिक शिरोमणि उपाध्याय के अनुसार सदाशिव, ब्रह्मा, एवं भरत के मतों के विवेचन द्वारा ब्रह्मा के मत की श्रेष्ठता के लिए तीन मतों के सारासार का विवेचन करने वाला यह शास्त्र उन तीनों ग्रन्थों के भागों को मिलाकर बना है, भरतमुनि का रचा हुआ नहीं है। अभिनवगुप्त ने इस मत का खण्डन कर के नाट्यशास्त्र को भरत का महावाक्य कहा है।

नाट्यशास्त्र वस्तुतः भरत नामक प्रवक्ता से कथित 36 अध्यायों एवं 6000

श्लोकों में विस्तीर्ण महावाक्य ही है। वाक्य के लिये आकांक्षा, योग्यता एवं सन्निधि रूप शर्तें तात्पर्यवादिओं ने रखी हैं, इस सन्दर्भ में नाट्यशास्त्र के स्वरूप का भी विश्लेषण होना चाहिए। मेरा अपना मत हैं कि नाट्यशास्त्र महावाक्य है और वह नाट्यांश के घटन में आकांक्षा, योग्यता एवं सन्निधिरूप तीनों शार्तों का पूर्णरूपेण परिपालन करके नाट्यशास्त्र में ग्रथित-निहित नाट्यार्थ को पूर्णतः प्रकाशित करता है। नाट्यशास्त्र में जो प्रश्नपञ्चक है वह जिज्ञासा-स्वरूप आकांक्षा प्रकट करता है। समग्र नाट्यशास्त्र में प्रश्नगुच्छों के द्वारा निरंतर नाट्यार्थ के लिये आकांक्षा प्रकट होती है। संपूर्ण प्रश्नमाला आकांक्षा का ही रूप है। इसी तरह सन्निधि संवाद एवं अवतरणिका-समापनिका द्वारा निर्मित की गई है। समग्र नाट्यशास्त्र के प्रत्येक अध्याय का अन्य अध्याय से सजीव सम्बन्ध है। प्रत्येक अध्याय मनुष्य शरीर की भाँति एक एक अङ्ग के रूप में गठित किये गये हैं। नाट्यशास्त्र कोई ग्रन्थ नहीं है, नाट्य चेतनामय सजीव शरीर है। नाट्यशास्त्र के अध्यायों एवं इन में निरूपित विषयों की पूर्वापरता का यदि हम विश्लेषण करें तो क्रमिक विषयोपचय होता हुआ दिखाई देता है। नाट्यशास्त्र में योग्यता रूप लक्षण नाट्यवस्तु के निरूपण में हेयोपादेय दृष्टि से आविर्भूत हुआ है। भरत ने नाट्य के उपादेय तत्त्वों को ही, परम्परा से सिद्ध-तत्त्वों को ही नाट्यशास्त्र में समाविष्ट किया है। नाट्यपरम्परा में जो तत्त्वों नाट्य से परोक्ष सम्बन्ध रखते थे उन सभी तत्त्वों का परिहार भरत ने किया है। इसीलिये अभिनवगुप्त ने ब्रह्माजी के अन्य शिष्यों द्वारा निरूपित नाट्यशास्त्र की अस्वीकृति एवं अनुपयोगिता तथा भरत निर्मित नाट्यशास्त्र की स्वीकृति एवं उपयोगिता की बात कही है : **तस्य शास्त्रं शासनं बाह्यभाण्डनाट्यादिवैलक्ष्येन सम्यक् तत्स्वरूपावगमोपायं प्रकर्षेणा- परब्रह्मशिष्योदीरितानुपयोगि-विकासावधानेन वक्ष्यामि।**[23] भरत ने नाट्यशास्त्र में योग्यता रूप लक्षण नाट्यतत्त्वों के बीच भाव एवं उपकार्यापकारकसम्बन्ध की योजना करके सिद्ध किया है। भरत ने केवल रस को काव्यार्थ कहा है। इत्तिवृत्त रसात्मा का शरीर है। संगीत नाट्य की शय्या है। भरत ने काव्यलक्षण के विषय में— **'प्रबन्धशोभाकरणानि तज्ज्ञैः सम्यक् प्रयोज्यानि रसायनानि**[24] — भी यही तथ्य ध्वनित करता है।

इस तरह जो जो नाट्याङ्ग रसोपकारक एवं रस के अङ्ग के रूप में घटित होते है, वे नाट्याङ्ग ही नाट्यशास्त्र में निरूपित होने की योग्यता प्राप्त करते हैं। अतः नाट्यशास्त्र भरत का महावाक्य होने के कारण भरत-संज्ञित नाट्यतत्त्वदर्शी चेतना की ही कृति है। भरत ने प्रश्नपञ्चक-प्रश्नमाला एवं अवतरणिका-समापनिका को

संप्रेरेक एवं संनिकर्षक के रूप में उनकी प्रयोजना करके नाट्यशास्त्र के संरचनासूत्र में रूपांतरित कर दिये हैं।

सन्दर्भ तथा टिप्पण

1. ना. शा. भा. -1 पृ. 8
2. ना. शा. भा. - 1 पृ. 2.
3. ना. शा. 1.4-5
4. ना. शा. 1.113, 114, 115 आदि
5. ना. शा. भा. पृ. 1
6. ना. शा. भा. 1 पृ.
7. ना. शा. 1/116
8. अ. 22, 24, 25
9. ना. शा. 5/4
10. अ. 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 25
11. ना. शा. 1/1 ब
12. ना. शा. 37/18
13. ना. शा. 37/31
14. ना. शा. अ. 23
15. ना. शा. अ. 7
16. ना. शा. 13/1
17. ना. शा. 16/171
18. ना. शा. 23/2 पृ. 2
19. ना. शा. 29/203 पृ. 309
20. ना. शा. 33/2 पृ. 356
21. ना. शा. 34/2 पृ. 385
22. ना. शा. 34/246 पृ. 474
23. ना. शा. भा. 1 पृ. 2
24. ना. शा. 16/171

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. नाट्यशास्त्रम्-भरत (अभिनवभारतीसहितम्) सं. रविशंकर नागर, परिमल पब्लिकेशन, दिल्ली आ. 1-2-3-4 1981, 1984ए 1983ए 1984 सं.सं. ना.शा.
2. नाट्यशास्त्रम्-भरत (अभिनवरचितविवृतिसमेतम्) Vol. 1 : second. edition :

सं. रामकृष्ण कवि, ऑरीएन्टल इन्स्टीटयुट, बरोडा 1956.

3. नाट्यशास्त्रम्-भरत (अभिनवभारती समेतम्) Vol. 1: fourth edition : सं. के. किष्णमूर्ति, Vol. 2 : सं. वी.एम. कुलकर्णी-तपस्वी नन्दी, Vol. 3 : सं.पी.एम. कुलकर्णी-तपस्वी नान्दी 1992, 2001ए 2003।
4. नाट्यशास्त्रम् 1-2-6 : भरत (अ.6 अभिनवभारतीसमतेम्) सं. तपस्वी नन्दी, सरस्वती पुस्तक भण्डार, अहमदाबाद, 1994-95।
5. नाट्यशास्त्रम् 1-2-6 : भरत सं. आचार्य विश्वेश्वर, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, 1960 प्र.आ.।
6. नाट्यशास्त्रम् : भरत सं. केदारनाथ (काव्यमाला), भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, 1983।
7. नाट्यशास्त्रम् : भरत भा. 1 सं. बाबूलाल शुक्लशास्त्री, चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी, 1972।
8. भरत और भारतीय नाट्यकला-सुरेन्द्रनाथ दीक्षित, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1941 दि.आ.।

7

नाट्यप्रयोग में सन्ध्यङ्गों का औचित्य

कुसुम भुरिया

नाट्यशास्त्र प्रयोगप्रधान है—''प्रयोगप्रधानं हि नाट्यशास्त्रम्'' इस आधार पर नाट्य, रूप अथवा रूपक भी प्रयोग अर्थात् अभिनय के लिए लिखे जाते हैं। नाट्यशास्त्र में आचार्यों के अनुसार एक अच्छे नाटक में पाँच अर्थप्रकृतियों, (बीज, बिन्दु, पताका, प्रकरी तथा कार्य), पाँच कार्यावस्थाओं (आरम्भ, यत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति तथा फलागम) तथा इन दोनों के योग से निर्मित पाँच सन्धियों (मुख, प्रतिमुख, गर्भ, विमर्श तथा निर्वहण) का सन्निवेश कवि को करना चाहिए। इन पाँचों सन्धियों के 64 (65) भी अङ्गों अर्थात् सन्ध्यङ्गों की रचना भी कवि को अपने नाटक में करनी चाहिए।

नाट्यशास्त्र के अनुसार मुखसन्धि के बारह अङ्ग होते हैं—

उपक्षेपः परिकरः परिन्यासो विलोभनम्।
युक्तिः प्राप्तिः समाधानं विधानं परिभावना।।
उद्भेदः करणं भेदो द्वादशाङ्गानि वै मुखे। ना. शा. 19.55–56

प्रतिमुख सन्धि के तेरह अङ्ग होते हैं—

विलासः परिसर्पश्च विधूतं तापनं तथा।
नर्म नर्मद्युतिश्चैव तथा प्रग (श) मनं पुनः।
निरोधश्चैव विज्ञेयः पर्युपासनमेव च।
पुष्पं वज्रमुपन्यासो वर्णसंहार एव च।। ना.शा. 19.57–58

गर्भसन्धि के तेरह अङ्ग होते हैं—

अभूताहरणं मार्गो रूपोदाहरणे क्रमः।
संग्रहश्चानुमानं च प्रार्थनाक्षिप्तिरेव च।
तोटकाधिबले चैव ह्युद्वेगो विद्रवस्तथा।
एतान्यङ्गानि वै गर्भे . . . .।। ना. शा 19.59–60

विमर्श (अवमर्श) सन्धि के तेरह अङ्ग होते हैं–

अपवादश्च सम्फेटो विद्रवः शक्तिरेव च।
प्रसङ्गो व्यवसायश्च द्युतिः खेदो निषेधनम्।।
विरोधनमथादानं छादनं च प्ररोचना।
एतान्यवमृशेङ्गानि . . . .।। ना.शा. 19.62–63

निर्वहण सन्धि के चौदह अङ्ग होते हैं –

सन्धिर्निरोधो ग्रथनं निर्णयः परिभाषणम्।
द्युतिः प्रसाद आनन्दः समयश्चोपगूहनम्।।
भाषणं पूर्ववाक्यं च काव्यसंहार एव च।
प्रशस्तिरिति संहारे ज्ञेयान्यङ्गानि नामतः।। ना–शा. 19.64–65

सन्धियों के उक्त अङ्गों अर्थात् सन्ध्यङ्गों का नाटक में बहुत महत्त्व है। इन अङ्गों के माध्यम से नाटक में अभिनय, रस, भाव, पात्रों का चरित्र, कथा का प्रवाह आदि की अभिव्यक्ति होती है। नाटक में सभी सन्ध्यङ्गों का निवेश करने से नाट्य–कथा–शरीर सम्भवतः केवल सन्ध्यङ्गों की शृंखला बनकर न रह जाए, इस लिए नाटक में आवश्यकतानुसार ही सन्ध्यङ्गों का निवेश करना चाहिए— ऐसा भरतमुनि का कहना है। वे कहते हैं—

यथासन्धि तु कर्तव्यान्यङ्गान्येतानि नाटके।
कविभिः काव्यकुशलैः रसभावमपेक्ष्य च।। ना.शा. 19.105

अर्थात् रस की पुष्टि तथा कार्य यानी रस, भाव की अनुकूलता को ध्यान में रख कर यथा सन्धि अङ्गों का निवेश उचित रूप से करना चाहिए। साथ ही अभिनय के अवसर, कार्य और अवस्था को ध्यान में रखकर सन्ध्यङ्गों को पृथक्–पृथक् या दो तीन अङ्गों को मिलाकर भी रखा जा सकता है—

सम्मिश्राणि कदाचित् स्युर्द्वित्रिसंख्याप्रमाणतः।
ज्ञात्वा कार्यमवस्थां च सन्धिष्वङ्गानि नाटके।। ना.शा. 19.106

इसी बात को नाट्यदर्पणकार इस प्रकार कहते हैं—

''यथारुचीति वृत्तवैचित्र्यानुरोधेनात्र भवन्ति न भवन्ति च।''
(ना.द. पृ. 61)

इस प्रकार कुछ सन्ध्यङ्ग प्रधान होते हैं तथा कुछ गौण। दशरूपककार मुख-सन्धि में आवश्यक रूप से रखे जाने वाले सन्ध्यङ्गों के नाम बतलाते हुए कहते है—

''एतेषामुपक्षेपपरिकरपरिन्यासयुक्त्युद्भेदसमाधानानामवश्यंभावितेति।''

(**दश.**, प्रथम प्रकाश)

प्रतिमुखसन्धि में अवश्य रखने योग्य सन्ध्यङ्ग हैं—

''एतेषां च मध्ये परिसर्पप्रशमवज्रोपन्यासपुष्पाणां प्राधान्यमितरेषां यथासम्भवं प्रयोग इति।'' (**दश.**, प्रथम प्रकाश)

गर्भसन्धि में प्रधान सन्ध्यङ्ग हैं—

''एषां च मध्ये अभूताहरणमार्गतोटकाधिबलाक्षेपाणां प्राधान्यम्। इतरेषां यथासम्भवं प्रयोग इति।'' (**दश.**, प्रथम प्रकाश)

अवमर्श अथवा विमर्श सन्धि में प्रधान सन्ध्यङ्ग हैं—

''तत्रैतेषामपवादशक्तिव्यवसायप्ररोचनादानानि प्रधानानि।'' (**दश.**)

निर्वहण सन्धि के सभी अङ्गों का उल्लेख दशरूपककार करते हैं, किन्तु उनके गुणप्रधानभाव की चर्चा नहीं करते।

आचार्य भरत ने सन्ध्यङ्गों के छह प्रयोजन गिनाए हैं—

इष्टार्थस्य रचना वृत्तान्तस्यानुपक्षयः।
रागप्राप्तिः प्रयोगस्य गुह्यानां चैव गूहनम्।
आश्चर्यवदभिख्यानं प्रकाश्यानां च प्रकाशनम्।।

ना.शा. **19.51-52**

दशरूपककार भी ऐसे ही प्रयोजन बतलाते हैं—

इष्टार्थस्य रचना गोप्यगुप्तिः प्रकाशनम्।
रागः प्रयोगस्याश्चर्यं वृत्तान्तस्यानुपक्षयः।। दश. 1.55

अर्थात् कवि (1) जो बात कहना चाहता है, उसका निबन्धन, (2) जो बात छिपाना चाहता है, उसको प्रकट न होने देना, (3) प्रकाश में लाने योग्य बात को प्रकाशित करना, (4) अभिनयात्मक रमणीयता, (5) चमत्कार-परायणता और (6) नाट्य के इतिवृत्त का विस्तार। इष्टप्राप्ति (इष्टार्थस्य रचना) में अभीष्ट प्रयोजन की रसास्वादमयी विस्तारणा होती है। यह सभी सन्ध्यङ्गों का प्रयोजन होता है। 'वृत्तान्तस्यानुपक्षयः' का अभिप्राय है कथाशरीर को क्षीण न होने देना। यह भी सभी सन्ध्यङ्गों का प्रयोजन है। 'प्रयोगस्य रागप्राप्तिः' के अन्तर्गत ऐसे तत्त्व लाये जाते हैं, जिनसे उस कथांश की रमणीयता द्विगुणित हो। पर्युपासन,

नर्म, नर्मद्युति आदि इसके उदाहण हैं। गुह्यगूहन का उपयोग पुनरुक्ति से बचने के लिए होता है और गोपनीय कथांश प्रकट नहीं किए जाते। आश्चर्यवदभिख्यान के द्वारा किसी पुरानी घिसी-पिटी कथा में ऐसी बातें जोड़ दी जाती हैं कि उस कथा में श्रोता या दर्शक को आश्चर्य का अनुभव होता है।

सन्ध्यङ्गों में उक्त प्रयोजनों को सिद्ध करने की अद्भुत क्षमता होती है। इन सन्ध्यङ्गों से नाट्य शरीर और उसका प्रयोगविधान भी प्रकाशित होता है। कुछ उदाहरण देखें—

(1) **उपक्षेपः—** मुख सन्धि का प्रथम अङ्ग है उपक्षेप। इसमें कथानक के बीज का न्यास होता है-''बीजन्यास उपक्षेपः'' (**दश.**)। अभिनवगुप्त कहते हैं कि उपक्षेप में रूपक के प्रधान (अङ्गी) रस का संकेत भी होना चाहिए।

(2) **युक्तिः** – ''सम्प्रधारणमर्थानां युक्तिरित्यभिधीयते'' (**दश.**)। पहले के अर्थ या कार्य पर विचार करना युक्ति नामक सन्ध्यङ्ग है। अभिनवगुप्त के अनुसार युक्ति की परिभाषा में अर्थ भूतकालीन उपलब्धियाँ हैं। उन्हीं को बताया जाता है और उन पर विचार किया जाता है। इसका प्रयोजन है प्रकाश्य-प्रकाशन। रत्नावली के प्रथमांक में उस स्थान पर युक्ति नामक सन्ध्यङ्ग है, जहाँ यौगन्धरायण कहता है कि मैंने भी सागरिका को देवी के हाथ में सौंपते हुए ठीक ही किया है।

(3) **उद्भेदः—** ''उद्भेदो गूढभेदनम्'' (**दश.**) रहस्य का प्रकट हो जाना उद्भेद है। धनञ्जय उद्भेद में किसी अज्ञात या रहस्यात्मक तथ्य का प्रकाशित होना आवश्यक बताते हैं। इसका भी उद्देश्य है प्रकाश्य का प्रकाशन।

(4) **भेदः—** भेद की परिभाषा नाट्यशास्त्र के आचार्यों ने भिन्न-भिन्न प्रकार से दी है। भरतमुनि के अनुसार ''संघातभेदनार्थो यः स भेद इति संज्ञितः'' (**ना.शा.** 19.73) अर्थात् संघ में फूट डालना भेद है, तो दशरूपककार के अनुसार नायकादि को प्रोत्साहित करना भेद है – ''भेदः प्रोत्साहना मता''। नाट्यदर्पणकार इसकी कुछ भिन्न ही परिभाषा देते हुए कहते हैं – ''भेदनं पात्रनिर्गमः'' अर्थात् प्रत्येक अंक के अन्त में पात्रों का निर्गमन होता ही है, अतः वहीं पर भेद है।

(5) **विलासः** – ''रत्यर्थेहा विलासः स्यात्'' (**दश.**)। कामोपभोग की इच्छा विलास है। विलास औत्सुक्यपरक होता है। इसकी परिभाषा में रति का जो समावेश है, अभिनवगुप्त के अनुसार वह केवल शृंगारात्मक रूपकों

तक ही सीमित रहता है। अन्यरसप्रधान रूपकों में रति से अन्य रसों के स्थायिभाव— उत्साह, विस्मय आदि ग्रहण करना चाहिए। इन अङ्गों से स्थायिभावों की अभिव्यक्ति होती है।

(6) परिसर्पः— ''दृष्टनष्टानुसर्पणम्'' (**दश.**) बीज के दिखाई देकर अदृश्य होने पर उसकी खोज करना परिसर्प है। परिसर्प नामक सन्ध्यङ्ग में नायक की अभीष्टप्राप्ति के उपक्रम की तीन अवस्थाएँ दिखाई पड़ती हैं— कार्यपद्धति स्पष्ट प्रकट रहती है, फिर नष्ट हो जाती है और अन्त में कार्यपद्धति पुनः सफलता की ओर प्रवर्तित होती हुई दिखाई देती है। इसमें एक के बाद दूसरी, तीसरी कार्यस्थिति के निदर्शन से कवि चमत्कार प्रकट करता है।

(7) नर्मद्युति— ''दोषप्रच्छादनार्थं तु हास्यं नर्मद्युति स्मृतम्।'' (**ना.शा.** 19.6) भरत के अनुसार नर्मद्युति हास्य है, किन्तु इसमें किसी कथापुरुष के द्वारा अपने दोष को छिपाने की बातों से हँसी आती है। विक्रमोर्वशीय में उर्वशी द्वारा लिखे गए भूर्जपत्र की खोज जब पुरूरवा कर रहा होता है, तभी रानी औशीनरी वह पत्र उसे लाकर दे देती है। अपने दोष को छिपाने के लिए उस समय पुरूरवा कहता है— ''देवि, मैं थोड़े ही उसे खोज रहा था मैं तो कोई दूसरी वस्तु ही खोज रहा था।'' यह परिहास अपने दोष को छिपाने के लिए किया गया है।

(8) वर्णसंहारः— ''चातुर्वर्ण्योपगमनं वर्णसंहार इष्यते'' (**दश.**)। सभी वर्ण के लोगों का समागम वर्णसंहार है। अभिनवगुप्त के अनुसार चातुर्वर्ण्य है— सभी पात्रों का एकत्र हो जाना। अर्थात् वह संवादांश, जिसमें अंक के सभी पात्रों की साक्षात् उपस्थिति आवश्यक हो। धनिक के अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र— इन सभी की उपस्थिति वर्णसंहार है। महावीरचरित में ''परिषदियमृषीणामत्र'' इत्यादि श्लोक के कथांश में ऋषि, क्षत्रिय, अमात्य आदि का एकत्र उल्लेख होने के कारण वर्णसंहार नामक अङ्ग है।

(9) विद्रवः— ''विद्रवो वधबन्धादि'' (**दश.**) विद्रव है वध, बन्धादि। ना.शा. के अनुसार ''नृपाग्निसम्भवसंयुक्तः सम्भवो विद्रवो मतः'' (**ना.शा.** 19. 87) अर्थात् राजा, अग्नि आदि के भय से युक्त भगदड़ को विद्रव कहते हैं। रत्नावली में अन्तःपुर में अग्नि की लपेटों को देखकर वासवदत्ता बन्धन में बँधी हुई सागरिका को छुड़ाने के लिए राजा से कहती है, यहाँ पर विद्रव नामक अङ्ग है। बन्धन से छूटे हुए वानर को देखकर राजमहल में

लोगों की भगदड़ भी विद्रव है।

इस प्रकार सन्ध्यङ्गों से नाट्यकथाशरीर प्रकाशित होता है तथा उसके अनुसार उसका प्रयोगविधान भी। मुखसन्धि से प्रारम्भ हुआ नाट्यप्रयोग निर्वहण-सन्धि तक आते-आते अपने अन्दर ढेर सारे रस, भाव आदि को भर कर दर्शकों को आनन्द से पूर्णकर देता है और यही आनन्द रूपकों का प्रमुख ध्येय है "आनन्दनिष्यन्दिषु रूपकेषु।" (**दश.**) यदि दर्शकों को रसानुभूति, आनन्दानुभुति हो गई, तो समझो नाट्यप्रयोग सार्थक हुआ।

8

हेमचन्द्राचार्य के छन्दोऽनुशासन के आलोक में भरतमुनि कृत नाट्यशास्त्र के पाठ की समीक्षा

मनसुख के. मोलिया

कलिकाल सर्वज्ञ के विरुद से प्रसिद्ध हेमचन्द्राचार्य ने छन्दोऽनुशासन नामक छन्दःशास्त्र के आकर ग्रन्थ की रचना की है। सूत्रात्मक शैली में ग्रथित इस ग्रन्थ में अपने सूत्रों के स्पष्टीकरण के लिए उन्होंने **'छन्दश्चूडामणि'** नाम से स्वोपज्ञवृत्ति भी लिखी है। इस वृत्ति में भरत, काश्यप, सैतव, जयदेव, स्वयम्भू आदि आचार्यों के मतों का उल्लेख है। उन में भरत मुनि का निर्देश चौंतीस बार मिलता है, जो अन्य किसी भी आचार्य के निर्देश की अपेक्षा सबसे अधिक बार है।

पाठसञ्चरण की सुदीर्घ परम्परा में नाट्यशास्त्र का मूल पाठ अविरत परिवर्तित होता रहा है। नाट्यशास्त्र के उपलब्ध संस्करणों में केवल शाब्दिक पाठभेद ही नहीं, अपितु अध्यायों और श्लोकों की संख्या में भी बड़ा अन्तर पाया जाता है। कभी एक ही संस्करण में विविध पाठ पाया जाता है। साम्प्रत में नाट्यशास्त्र की एक मात्र टीका **'अभिनवभारती'** उपलब्ध होती है। इस टीका में स्वीकृत पाठ नाट्यशास्त्र के गायकवाड़ और काव्यमाला के संस्करणों में पाया जाता है। काशी संस्कृत सीरीज़ और घोष के संस्करणों में अभिनवभारती से भिन्न पाठ का अनुसरण कई स्थानों पर देखा जाता है। नाट्यशास्त्र के पाठ की यह स्थिति उस के समीक्षात्मक पाठ के निर्धारण में अवरोधक बनती है। हेमचन्द्राचार्य ने नाट्यशास्त्र में से विविध मतों या उद्धरणों को अपने काव्यानुशासन और छन्दोऽनुशासन में अनेक बार प्रस्तुत किया है। अतः नाट्यशास्त्र के पाठ की समीक्षा में हेमचन्द्राचार्य के भरतमुनि विषयक निर्देशों का महत्त्व है। इस अभ्यास-लेख में हेमचन्द्राचार्य के छन्दोऽनुशासन

के आलोक में नाट्यशास्त्र के पाठ की समीक्षा का प्रयास किया गया है।

नाट्यशास्त्र के अध्याय 15 और 32 में विविध छन्दों का निरूपण है। नाट्यशास्त्र के इन दोनों अध्यायों के पाठ में बहुत वैविध्य है। अध्याय 15 में छन्दों के लक्षणनिर्देश के पद्य अनुष्टुप् छन्द में निबद्ध हैं और उनमें अष्ट गणों का प्रयोग नहीं है। किन्तु कुछ छन्दों के लक्षण के पद्यों में द्विविध पाठ मिलते हैं। इस दूसरे पाठ में छन्द के लक्षण निर्देश के पद्य छन्द के स्वरूप में निबद्ध है और उनमें अष्ट गणों का प्रयोग मिलता है। अध्याय 15 में छन्द के उदाहरण के पद्यों में छन्द का नाम समाविष्ट करने की प्रवृत्ति देखी जाती है, लेकिन अध्याय 32 में उदाहरण के पद्य प्राकृत में हैं और उन में छन्द के नाम का प्रयोग नहीं हुआ है। इस प्रकार नाट्यशास्त्र के पाठ में विविध प्रकार के स्तर पाये जाते हैं।

हेमचन्द्राचार्य द्वारा निर्दिष्ट भरतमुनि के मत के आलोक में नाट्यशास्त्र के पाठ की विचारणा करते समय निम्न प्रकार से छः प्रकार की स्थिति देखने को मिलती है—

1. सत्रह छन्दों के बारे में हेमचन्द्राचार्य द्वारा निर्दिष्ट भरतमुनि के मतानुसारी छन्द-नाम नाट्यशास्त्र के सभी संस्करणों में किसी भी प्रकार के मतभेद के बिना यथातथ उपलब्ध होते हैं। (देखिये परिशिष्टः क्रम 1 से 19)
2. हेमचन्द्राचार्य द्वारा निर्दिष्ट तीन नामों के विषय में नाट्यशास्त्र में अत्यल्प परिवर्तन देखा जाता है। किन्तु इन नामों में परिवर्तन का कारण नाट्यशास्त्र नहीं किन्तु स्वोपज्ञवृत्ति के पाठदोष या मुद्रणदोष हैं, ऐसा स्पष्ट अनुमानित होता है। (देखिये परिशिष्ट : 18 से 20)

2.1. 'य' गण-माप से युक्त तीन अक्षर के छन्द को हेमचन्द्र 'केशा' नाम से निरूपित करते हैं और उसकी वृत्ति में लिखते हैं, ''भरत के अनुसार यह धूः छन्द है।''[1] नाट्यशास्त्र में इस छन्द को धृति कहा गया है।[2] (काव्यमाला संस्करण में अपपाठ से वृत्ति शब्द का प्रयोग हुआ है)। यहाँ हेमचन्द्र की वृत्ति में 'धूरिति' के स्थान पर 'धृतिरिति' पाठ होना चाहिए।

2.2. 'ननम' गण-माप से युक्त नौ अक्षर के 'भुजगशिशुसुता' छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यहु मधुकरिका छन्द है।''[3] नाट्यशास्त्र के सभी संस्करणों में इस छन्द को मधुकरी कहा गया है।[4] यहाँ भी हेमचन्द्राचार्य की वृत्ति में पाठपरिवर्तन दिखता है। नाट्यशास्त्र में मधुकरी और मधुकरिका दोनों छन्द भिन्न भिन्न हैं। 'ननम' गण-माप का इस छन्द का नाम मधुकरी है और 'तनग' गण-माप के सात अक्षर के छन्द का नाम

मधुकरिका है।[5]

2.3. 'नय' गण-माप से युक्त छः अक्षर के 'शशिवदना' छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यह मकरशीर्षा छन्द है।''[6] नाट्यशास्त्र के सभी संस्करणों में इसे मकरकशीर्षा कहा गया है।[7] यहाँ छन्दोऽनुशासन की वृत्ति में मुद्रण दोष से 'क' वर्ण छूट गया हो ऐसी सम्भावना है।

3. हेमचन्द्र के द्वारा उद्धृत दो नामों की नाट्यशास्त्र के कुछ संस्करणों में मूल रूप में ही प्राप्ति होती है तो कुछ संस्करणों में लिंगभेद या ह्रस्व-दीर्घ के भेद से किंचित् भेद देखा जाता है। (देखिये परिशिष्टः क्रम 21 से 22)।

3.1. 'रलग' गण-माप से युक्त पाँच अक्षरों के 'विदग्धक' छन्द की वृत्ति में वे लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यहु बागुरा छन्द है।''[8] नाट्यशास्त्र में इस छन्द को बागुरा या वागुरू कहा गया है।[9] घोष के संस्करण में वागुरु शब्द के 'वा' को विकल्प के अर्थ में अलग कर दिया गया है और छन्द का नाम केवल 'गुरु' ही रह गया है।[10]

3.2. 'नभभर' गण-माप से युक्त 'द्रुतविलम्बित' छन्द के उपर लिखी हुई वृत्ति में वे लिखते हैं, ''भरत के अनुसार यह हरिणप्लुत है।''[11] नाट्यशास्त्र के गायकवाड़, का.सं.सी. और घोष के संस्करणों में इस छन्द के उदाहरण के पद्यों में हरिणप्लुत शब्द का प्रयोग हुआ है, किन्तु लक्षण के निर्देशक पद्यों में हरिणप्लुता नाम है। काव्यामाला के संस्करण में उदाहरण के पद्य में हरिणीप्लुत और लक्षण के पद्य में हरिणीप्लुता शब्द मिलते हैं।

4. हेमचन्द्राचार्य के द्वारा उद्धृत भरत के मतानुसारी तीन नामों के बार में नाट्यशास्त्र के पाठ की स्थिति ऐसी है कि नाट्यशास्त्र के किसी भी संस्करण में ये नाम मूलरूप में नहीं मिलते हैं, किन्तु उनके रूपान्तरित नाम मिलते हैं। (देखिये परिशिष्ट : क्रम 23 से 25)

4.1. 'भगग' गण-माप से युक्त 'पंङ्क्ति' छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के अनुसार यह कुन्तलतन्वी है।''[12] नाट्यशास्त्र के गायकवाड़, का. सं.सी. और घोष के संस्करण में इस छन्द का नाम भूतलतन्वी प्राप्त होता है।[13] काव्यमाला संस्करण में इसे भूतलमान्या कहा गया है।[14] अभिनवभारती में उसका संक्षिप्त नाम 'तन्वी' प्रयुक्त हुआ है। यहाँ हेमचन्द्राचार्य का इस निर्देश नाट्यशास्त्र के मूल पाठ की विचारणा में अत्यन्त उपयोगी है, क्योंकि अन्यत्र कहीं भी इस 'कुन्तलतन्वी' नाम सुरक्षित नहीं रहा है।

4.2. 'भरननग' गणमाप के 'ऋषिगजविलसित' छन्द की स्वोपज्ञवृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के अनुसार यह मत्तगजविलसित है।''[15] नाट्यशास्त्र के उपलब्ध संस्करणों में इस मत्तगजविलसित नाम प्राप्त नहीं होता है, किन्तु उसके स्थान पर ऋषभगजविलसित, इभललित और गजविलसित ये तीन नाम मिलते हैं।[16] यदि हेमचन्द्राचार्य के समक्ष रही हुई नाट्यशास्त्र की हस्तलिपि में ऋषभगजविलसित नाम होता तो उन्हें भरत के भिन्न मत के निर्देष की कोई आवश्यकता ही न रहती।

4.3. 'भमसग' गण-माप से युक्त 'रुक्मवती' छन्द की स्वोपज्ञवृत्ति में वे लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यह पुष्पसमृद्धि छन्द है।''[17] नाट्यशास्त्र के काव्यमाला, का.सं.सी. और घोष के संस्करणों में इसका पुष्पसमृद्धा नाम मिलता है।[18] काव्यमाला में उसके पुनर्निरूपण के प्रसंग में वृत्तसमृद्धा पाठ है और गायकवाड़ संस्करण में पाठदोष से वृत्तसमुत्था शब्द मिलता है।[19]

5. हेमचन्द्राचार्य द्वारा निर्दिष्ट भरतमुनि के द्वारा सम्मत आठ नामों के प्रसंग में उद्धृत नाम या तो मूलरूप में या रूपान्तर से मिलता है और वाचना भेद से कोई अन्य नाम भी पाया जाता है। यह वाचना भेद भिन्न भिन्न संस्करणों में देखा जाता है, तो कभी एक ही संस्करण में द्विविध पाठ से मिलता है। अभिनवगुप्ताचार्य भी इस द्विविध पाठ से परिचित थे। हेमचन्द्राचार्य जिस नाम का समर्थन करते हैं, अभिनवगुप्त उससे भिन्न नाम का समर्थन करते हैं— ऐसी स्थिति भी देखी जाती है। (देखिये परिशिष्ट : क्रम 26 से 33)

5.1. तीन अक्षरों से युक्त य गण वाले 'मृगी' छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यह तडित् छन्द है।''[20] का. सं. सी. और घोष संस्करणों में इसे तटि कहा गया है।[21] हेमचन्द्राचार्य के निर्देश अनुसार यहाँ तटि के स्थान पर तडित् पाठ मूल में यथार्थ है। गायकवाड़ और काव्यमाला संस्करणों में इसका विद्युत् नाम प्राप्त हुआ है।[22] अभिनवभारती में भी विद्युत् शब्द उपलब्ध है। तडित् और विद्युत् पर्यायवाची शब्द हैं। इस तरह इस छन्द के लक्षण के निरूपण मे नाट्यशास्त्र में दो भिन्न पाठ प्राप्त होते है। उनमें से अभिनवभारती में एक पाठ का तो छन्दोऽनुशासन में दूसरे पाठ का अनुसरण है।

5.2. रग गण-माप से युक्त 'समृद्धि' छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यह पुण्य छन्द है।''[23] छन्दोऽनुशासन के विद्वान् संपादक ह. दा. वेलणकर की पाद टिप्पणी के अनुसार 'पुण्य' शब्द के स्थान पर 'पुष्प'

पाठान्तर भी मिलता है।[24] छन्दोऽनुशासन की पाद टिप्पणी में मुद्रित यह 'पुष्प' पाठ ही अधिक समीचीन है, क्योंकि नाट्यशास्त्र के का.सं.सी. संस्करण में इसे पुष्प नाम से लक्षित किया गया है।[25] नाट्यशास्त्र के अन्य संस्करणों में इसे प्रतिष्ठा कहा गया है।[26] अभिनवभारती में भी प्रतिष्ठा नाम मिलता है। छन्दःशास्त्र में चार अक्षरों वाले प्रत्येक वृत्त को प्रतिष्ठा कहा जाता है।

5.3. मस गण-माप और छः अक्षरों से युक्त छन्द को हेमचन्द्र 'मुकुल' कहते हैं और भरत का मत उद्धृत करते हुए लिखते हैं, ''भरत के अनुसार यह वीथी छन्द है।''[27] गायकवाड़ संस्करण में इसे वीची और घोष संस्करण में वीथि कहा गया है। काव्यमाला और काशी संस्कृत सीरिज़ में वीर्य शब्द प्राप्त है।[28] इस तरह विविध पाठान्तर हुए हैं। अभिनवभारती में वीथिका शब्द का स्वीकार किया गया है। इसी छन्द का पुनर्निरूपण प्राप्त होता है। वहाँ उसे पङ्क्ति नाम से लक्षित किया गया है।[29]

5.4. रजग गण-माप से युक्त सात अक्षरों वाले 'उष्णिह्' छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यह शिखा छन्द है।''[30] नाट्यशास्त्र के उपर्युक्त चारों संस्करणों में इसे कामिनी छन्द कहा गया है।[31] एक मात्र गायकवाड़ संस्करण में उसे कामिनी उपरान्त शिखा नाम से भी आलेखित किया गया है।[32] अभिनवभारती में भी शिखा नाम दिया गया है।

इस छन्द के सम्बन्ध में विशेष ध्यातव्य यह है कि उसके लक्षण के दो भिन्न पाठ मिलते हैं और हेमचन्द्र तथा अभिनवगुप्त दोनों एक ही पाठ का समर्थन करते हैं। सामान्य रूप में ये दोनों आचार्यों के ग्रन्थों में भिन्न भिन्न पाठ का अनुसरण दिखाई देता है लेकिन इस शिखा छन्द के विषय में दोनों ने समान मत को स्वीकृति दी हैं।

5.5. ननग गण-माप से युक्त 'हरिविलसित' छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्राचार्य लिखते हैं, ''अन्य के मतानुसार यह चपला है और भरत के अनुसार यह द्रुतगति है।''[33] नाट्यशास्त्र के उपर्युक्त चारों संस्करणों में एक ही लक्षणश्लोक में इसको द्रुतगति और चपला कहा गया है।[34] हेमचन्द्र के निर्देशानुसार भरत इसे द्रुतगति मानते हैं और अन्य आचार्यों ने इसको चपला माना है, किन्तु ये दोनों नाम एक ही कारिका में उपलब्ध हैं और सभी संस्करणों में एकमत से स्वीकृत हैं। यहाँ अनुमान कर सकते हैं कि हेमचन्द्र के समक्ष नाट्यशास्त्र की ऐसी कारिका रही होगी जिसमें इस छन्द के लिए

केवल द्रुतगति शब्द का प्रयोग हुआ हो। अन्यथा वे इसे चपला छन्द से पहचानने वाले अन्य आचार्यों के मत का निर्देश नहीं करते। अभिनवभारती में भी द्रुतगति नाम प्राप्त होते हैं।

5.6. मनयग गण–माप से युक्त 'पणव' छन्द की वृत्ति में वे लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यह कुवलयमाला है।''[35] नाट्यशास्त्र में इस छन्द का लक्षण दो भिन्न श्लोकों में भिन्न प्रकार से मिलता है। अनुष्टुप् में निबद्ध कारिका में इसे उत्पलमालिका (गायकवाड़ संस्करण) या उत्पलमालिनी (काव्यमाला, का.सं.सी और घोज्ञ संस्करण) कहा गया है।[36] किन्तु चारो संस्करणों में उदाहरण के पद्य में कुवलयमाला शब्द का प्रयोग हुआ है।[37] गायकवाड़ संस्करण में प्राप्त दूसरे प्रकार के पाठ में उपलब्ध लक्षणश्लोक में कुवलयमाला नाम भी प्राप्त है।[38] इस छन्द के सम्बन्ध में नाट्यशास्त्र का पाठ विशेषरूप से विचारणीय है। इस छन्द का गण–माप मनयग है। दश अक्षरों के इस लघु–गुरु वर्णस्वरूप उत्पलमालिका या उत्पलमालिनी शब्द का लघु–गुरु वर्णस्वरूप संगत नहीं हो सकता है। इसलिए छन्द के उदाहरण के पद्य में इस शब्द को समाविष्ट करना असम्भव है। इसलिए उदाहरण में पर्याय शब्द कुवलयमाला रखा गया है। अनुष्टुप् में निबद्ध कारिका में उत्पलमालिनी नाम का प्रयोग इस बात का साक्ष्य रूप है कि जब छन्द के नाम को उसके उदाहरण के पद्य में समाविष्ट करने की विचारणा की गई होगी, उस से पूर्ववर्ती काल का वह प्रतिनिधित्व करती है। इस तरह छन्द के लक्षण का निर्देश करती हुई अनुष्टुप् कारिकायें पूर्ववर्ती हैं और छन्द के अपने ही स्वरूपानुसार निबद्ध कारिकायें परवर्ती हैं। उदाहरण के पद्य भी परवर्ती सिद्ध होते हैं। इस प्रकार नाट्यशास्त्र के अन्तरंग प्रमाण से ही उसके पाठनिर्णय और कर्तृत्व के विषय में समस्याएँ खड़ी होती हैं।

5.7. नयनलग गण–माप से युक्त 'कमलदलाक्षी' छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यह रुचिरमुखी है।''[39] नाट्यशास्त्र के 32 वें अध्याय में इस छन्द का दो बार निरूपण हुआ है प्रथम निरूपण के समय एक ही कारिका में उसे रुचिरमुखी और कमलदलाक्षी कहा गया है।[40] का. सं.सी. में कमलदलाक्षी के स्थान पर कमललताक्षी नाम मिलता है।[41] पुनर्निरूपण के समय गायकवाड़ और काव्यमाला संस्करणों में उसे मुखचपला और का. सं. सी. तथा घोष संस्करणों में अतिचपला कहा गया है।[42] अभिनवभारती में संक्षिप्त नाम कमलाक्षी मिलता है।

5.8. सजसजग गण–माप से युक्त 'नन्दिनी' छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के अनुसार यह मनोवती है।''[43] गायकवाड़ संस्करण में इस मनोवती छन्द के लक्षणश्लोक की प्राप्ति होती है, पर उसे प्रक्षिप्ताशं के रूप में कोष्ठक में रखा गया है।[44] काव्यमाला संस्करण में इसे ग्रन्थ के मूल पाठ के रूप में मुद्रित किया गया है, लेकिन उसका पाठ बहुत अशुद्ध है और 'सा मनोवती' के स्थान पर 'समानावभाभा' छापा गया है।[45] का. सं.सी. और घोष संस्करणों में इसे विलम्बिता नाम दिया गया है।[46]

सामान्यतः ऐसा प्रतीत होता है कि जब जब गायकवाड़ और काव्यमाला संस्करणों से का.सं.सी. और घोष के संस्करणों का पाठ भिन्न है, वहाँ हेमचन्द्र द्वारा उद्धृत नाम की प्राप्ति का.सं.सी. और घोष के संस्करणों में होती है। इस मनोवती छन्द के बारे में स्थिति बिलकुल विपरीत है। हेमचन्द्र द्वारा निर्दिष्ट इस नाम का समर्थन गायकवाड़ और काव्यमाला संस्करणों में मिलता है तथा का.सं.सी. और घोष संस्करणों में भिन्न वाचना से विलम्बिता नाम मिलता है।

6. हेमचन्द्र निर्दिष्ट भरत के मतानुसारी एक छन्द का लक्षण नाट्यशास्त्र के किसी भी संस्करण में उपलब्ध नहीं है। (देखिये परिशिष्ट : क्रम 34)

6.1. भग गणमाप से युक्त सुमुखी छन्द की वृत्ति में हेमचन्द्र लिखते हैं, ''भरत के मतानुसार यह ललिता छन्द है।''[47] भग गण–माप वाला यह ललिता छन्द नाट्यशास्त्र के किसी भी संस्करण में उपलब्ध नहीं है। का.सं.सी. संस्करण में इस गण–माप को सुप्रतिष्ठा कहा गया है।[48] इस सुप्रतिष्ठा छन्द का लक्षण भी संदिग्ध अवस्था में है, क्योंकि वह स्वतन्त्र लक्षणश्लोक में नहीं है किन्तु प्रतिष्ठा छन्द के साथ एक ही कारिका में है।

अभिनवभारती में भी इस छन्द का उल्लेख नहीं है। उपर्युक्त तीनों संस्करणों में उसका उदाहरण भी नहीं है। उपरान्त, सुप्रतिष्ठा नाम पाँच अक्षरों के वृत्तों के लिए प्रयुक्त होता है। यहाँ चार अक्षर के इस गण–माप के लिए सुप्रतिष्ठा नाम अत्यन्त विचित्र सा लगता है। हेमचन्द्राचार्य के निर्देशानुसार इसका नाम ललिता होगा। सम्भव है कि काल की गर्त में इस छन्द के लक्षण और उदाहरण का मूल पाठ लुप्त हो गया हो।

हेमचन्द्र के छन्दोऽनुशासन के आलोक में भरतमुनि के नाट्यशास्त्र के पाठ की समीक्षा करते हुए हम कुछ निष्कर्ष निकाल सकते हैं। जैसे–

1. हेमचन्द्र द्वारा निर्दिष्ट भरत के मतानुसारी छन्दों के कुछ नाम नाट्यशास्त्र

के सभी संस्करणों में निर्विरोध मिलते हैं।

2. कुछ छन्दों के नामों में लिंगभेद या ह्रस्व-दीर्घ स्वर के भेद से मामूली सा परिवर्तन हुआ है।
3. निर्दिष्ट कुछ नामों के मूल नाम के उपरान्त अन्य नाम भी प्राप्त होते हैं। दूसरा नाम कभी वाचना भेद से मिलता है तो कभी एक ही कारिका में भी दो या अधिक नाम प्राप्त होते हैं। हेमचन्द्र जिस नाम को अन्य आचार्य के मतानुसार स्पष्टतः निर्देश करते हैं, वह नाम भी कभी नाट्यशास्त्र के पाठ में उपलब्ध होता है।
4. हेमचन्द्र निर्दिष्ट मतों का समर्थन नाट्यशास्त्र के किसी एक ही संस्करण पाया जाता है-ऐसा कहने की स्थिति नहीं है। उनके मत का समर्थन बहुधा का.सं.सी. और घोष संस्करणों में मिलता है, लेकिन एक-दो उद्धरणों के प्रसंग में भिन्न स्थिति भी देखी जाती है और गायकवाड़ और काव्यमाला संस्करणों में भी उनका समर्थन प्राप्त होता है।
5. नाट्यशास्त्र के पाठ में पुष्कल परिवर्तन और परिवर्धन होते रहे हैं। इसलिए इसके समीक्षित पाठ के सम्पादन की प्रक्रिया अत्यन्त कठिन है। अनेक अंश के बिलकुल लुप्त होने की भी सम्भावना है। ऐसे लुप्तांशो की पुनःस्थापना और अशुद्धिग्रस्त पाठ्यांशो के शुद्ध पाठ की प्राप्ति में हेमचन्द्राचार्य का छन्दोऽनुशासन बहुमूल्य सहायक हो सकता है।

पादटिप्पणी

1. धूरिति भरतः। छन्दोऽनुशासनम्, 2.12.1
2. आदिलघुना धृतिः स्थानगणेन योज्या हि मात्रेण।। ना.शा. (गायकवाड़), 32.49 लघुः स्यात्पदादौ त्रिके या धृतिः सा।। उपर्युक्त, 32.51
3. मधुकरिकेति भरतः। छन्दोऽनुशासनम्, 2.11.1
4. नवाक्षरकृते पादे त्रीणि स्युर्नैधनानि च।
   गुरूणि यस्याः सा नाम्ना ज्ञेया मधुकरी यथा।। ना.शा. (गायक.), 15.28
   षडिह यदि लघूनि स्युर्निधनगतमकारश्चेत्।
   बुधजनबृहती संस्था भवति मधुकरी नाम्ना।। ना.शा. (उपर्युक्त), 15.23
5. आदौ यदि गुरुणी अन्त्यं निधनगतम्।
   ज्ञेया मधुकरिका उष्णिह्वाभिकथिता।। ना.शा. (उपर्युक्त), 32.112

6. मकरशीर्षेति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.39.1
7. • लघुगण आदौ भवति चतुष्को।
   गुरुयुगमन्ते मकरकशीर्षा।। ना.शा. (उपर्युक्त), 15.4
   • गुरुयुगमन्ते यदि परमस्याः।
   इह कथिता सा मकरकशीर्षा।। ना.शा. (उपर्युक्त), 32.82
8. वागुरेति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.24.1
9. • प्रथमं च तृतीयं च त्वन्तं चैव यदा गुरु।
   दृश्यते प्रतिपादं तु सा ज्ञेया वागुरा यथा।। ना.शा. (उपर्युक्त), 32.71, का.मा., 32.73
   • आद्यमध्यगौ सान्तगौ तथा। यत्र वै गुरुः सा तु वागुरुः।। का.सं.सी. 32.6
10. आद्यमध्यगौ सान्तगौ तथा। यत्र वै गुरुः सा तु वा गुरुः।। ना. शा. (घोष) 32.70
11. हरिणप्लुतमिति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.163.1
12. कुन्तलतन्वीति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.25.1
13. आद्यपरे द्वे यत्र तु ह्रस्वे। सा खलु नाम्ना भूतलतन्वी।। ना. शा. (गायकवाड़), 32.69
14. आद्यपरे द्वे यत्र तु ह्रस्वे। सा खलु नाम्ना भूतलतन्वी।। ना. शा. (गायकवाड़), 32.69
15. मत्तगजविलसितमिति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.271.1
16. • आद्यं चतुर्थं षष्ठं च नैधनं च यदा गुरु।
   षोडशाक्षरके पादे यत्रेभललितं तु यत्।। ना. शा. (गायकवाड़), 15.95
   • भ्रौ यदि नाश्च नित्यमिह विरचितचरणा।
   गश्च तथा च वै भवति निधनमुपगतः।
   स्यादपि चाष्टिमेव यदि सततमनुगतं
   तत्खलु वृत्तमग्रवृषभगजविलसितम्।। ना. शा. (गायकवाड़), 32.96
   • आद्यं षष्ठं चतुर्थं च नैधनं च गुरुण्यथ।
   षोडशाक्षरे पादे गजं विलसितं तु तत्।। ना. शा. (का.सं.सी.) 16.72
17. पुष्पसमृद्धिरिति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.113.1
18. आद्यचतुर्थे नैधनकं च पञ्चमषष्ठे यत्र च दीर्घे।
   पुष्पसमृद्धा संकथिता सा पङ्क्तिरथैषा गीतकबन्धे।। का.सं.सी. 32.22
19. गायकवाड़ संस्करण, 32.201
20. तडिदिति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.113.1

21. यत्पदं मध्यतः स्यात् लघुः सा तटिः।। का.सं.सी. 32.50, घोष 32.51
22. • मध्यलघुनाथ विद्युत्पादे पादे समं विभक्तेन।। गायकवाड़, 34.49
    • मध्यलघुनाथ विद्युत्पादे पादे समं विभक्तेन।। गायकवाड़, 34.50
23. पुण्यमिति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.15.1
24. छन्दोऽनुशासनम्, पृ. 13, पादटिप्पणी 4
25. चतुर्णां च यदा यस्य द्वितीयं ह्रस्वमेव च।
    प्रतिष्ठायां गतं वृत्तं पुष्पं स्यात्तद्धि नामतः।। का.सं.सी. 32.79
26. द्वितीयं लघु सर्वत्र चतुर्णां यत्र दृश्यते
27. वीथीति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.42.1
28. • यस्याः स्युश्चरणे त्रीण्यादौ निधनम्।
      दीर्घाणीह तु सा वीची नाम (कृता)।। गायकवाड़, 32.89
    • यत्र स्युश्च चरणे त्रीण्यादौ निधने।
      दीर्घाण्येव तु सा वीथिर्नाम यथा। घोषः, 32.8
    काव्यमाला में गायकवाड़ अनुसार और का.सं.सी. में घोष संस्करण के अनुसार पाठ है।
29. त्रीण्यादौ तु यदि चान्त्यं चापि गुरु।
    नाम्ना वै कथिता पङ्क्तिः सा तु यथा। काव्यमाला, 32.98
30. शिखेति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.53.1
31. गुरुणा लघुना चैव समं नीता तु या ध्रुवा।
    छन्दस्युष्णिहि वृत्तज्ञैर्विज्ञेया कामिनी यथा।। गायकवाड़, 32.105
32. आद्यमन्तपञ्चमे स्यात् तृतीयमेव च।
    पादतो गुरूणि वै यस्याः सा शिखा तु वा। गायकवाड़, 32.106
33. चपलेत्यन्ते। द्रुतगतिरिति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.62.1
34. गुरुनिधनगतं यदि भवति सदा।
35. कुवलयमालेति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.110.1
36. दशाक्षरकृते पादे त्रीण्यादौ त्रीणि नैधने।
    यस्या गुरूणि सा ज्ञेया पङ्क्तिरुत्पलमालिका।। गायकवाड़, 15.31
37. अस्मिंस्ते शिरसि तदा कान्ते वैडूर्यस्फटिकसुवर्णाढ्ये।
    शोभां स्वां न वहति तां बृद्धा सुश्लिष्टा कुवलयमालेयम्।। उपर्युक्त, 15.33
38. त्रीण्यादौ यदि हि गुरूणि स्युः चत्वारो यदि लघवो मध्ये।
    पङ्क्तावन्तगतमकारः स्याद् विज्ञेया कुवलयमालाख्या।। उपर्युक्त, 15.32

39. रुचिरमुखीति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.150.1
40. यदि खलु मध्ये त्वथ गुरुणी पुनरपि चान्त्यं गुरुचरणे।
भवति हि नित्यं रुचिरमुखी कमलदलाक्षीति हि कथिता।। गायक. 32.205
41. कमललताक्षीत्यभिकथिता।। का.सं.सी. 32.225
42. यदि खलु षष्ठं गुरुयुगलं निधनगतं चाप्यथ गुरुकम्।
भवति हि सैवं चरणविधौ मुखचपला त्रिष्टुभि रचिता।। गायक. 32.211
मुखचपले ह्यतिचपला।। काव्यमाला, 32.217
कमलनिमास्ये ह्यतिचपला।। का.सं.सी. 32.225, घोष, 32.245
43. मनोवतीति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.210.1
44. चदि पञ्चमं हि सतृतीयनैधनं नवमं द्वितीयमपि तस्य तादृशम्।
चरणे गुरुणि यदि साहि पूर्विका जगती बुधैर्निगदिता मनोवती।। गायक., 32. 151
45. यदि पञ्चमं हि सतृतीयनैधनं नवमं तृतीयं तादृशं वरणम्।
भवति हि गुरुणि यत्र वै जगती पदैर्भवति समानायमाना।। काव्यमाला, 32. 15
46. यदि पञ्चमं हि सतृतीयनैधनं नवमं द्वितीयमपि तस्य तादृशम्।
चरणे गुरुणि यदि स्वतिपूर्विका जगती बुधैर्निगदिता विलम्बिता।। का.सं.सी.
47. ललितेति भरतः।। छन्दोऽनुशासनम्, 2.16.1
48. द्वितीयेन लघु सर्वत्र चतुर्णां यत्र दृश्यते।
सा प्रतिष्ठा बुधैर्ज्ञेया सुप्रतिष्ठा द्वयेन तु।। गायकवाड़, 32.56, काव्यमाला, 32.58, का.सं.सी. 32.55

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. छन्दोऽनुशासनम्, हेमचन्द्राचार्य, संपादकः प्रा.एच.डी. वेलणकर,सिन्धी जैन ग्रन्थमाला क्रमांक-41, भारतीय विद्या भवन, मुम्बई, प्रथमावृत्ति, ई.स 1961।
2. नाट्यशास्त्रम् (भाग-2) (अभिनवभारती सहित), भरतमुनि, संपादकः रामकृष्ण कवि, गायकवाड़ ओरियेन्टल सीरीज़ क्रमाङ्क 65, प्राच्यविद्या मन्दिर, वडोदरा, प्रथमावृत्ति, ई.स. 1934।

3. नाट्यशास्त्रम् (भाग–4) (अभिनवभारती सहित), भरतमुनि, संपादक: जे. एस. पदे शास्त्र, गायकवाड़ ओरियेन्टल सीरीज़ क्रमाङ्क— 145, प्राच्यविद्या मन्दिर, म.स. युनि. वडोदरा, प्रथमावृत्ति, ई.स. 1964।
4. नाट्यशास्त्रम् (भाग–1) (अध्याय: 1–29), भरतमुनि, संपादक: मनमोहन घोष, मनीषा ग्रन्थालय, कलकत्ता, ई.स. 1969।
5. नाट्यशास्त्रम् (भाग–2) (अध्याय: 25–39), भरतमुनि, संपादक: मनमोहन घोष, बिब्लिओथेका इण्डिका, क्रम नं.— 272–अ, दि एशियाटीक सोसायटी, कलकत्ता, ई.स. 1983।
6. नाट्यशास्त्रम् (सम्पूर्ण), भरतमुनि, संपादक: पंडित केदारनाथ शर्मा, काव्यमाला संस्करण क्रमांक–42, भारतीय विद्या प्रकाशन, दिल्ली, पुनर्मुद्रण, ई.स. 1983।
7. नाट्यशास्त्रम् (सम्पूर्ण), भरतमुनि, संपादक: पंडित बटुकनाथ शर्मा और बलदेव उपाध्याय, काशी संस्कृत सीरीज़ क्रमांक–60, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, द्वितीय संस्करण, ई.स. 1980।

9

आचार्य भरत के नाट्यशास्त्र की लोकधर्मी परम्परा का एक विलुप्त नक्षत्र— निरतरंग

इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणव'

भारतीय शास्त्र परम्परा की जड़ें अपनी भूमि में चतुरस्र इतनी गहरी हैं कि वे न केवल लोक जीवन से रसाकर्षण करते हुए अपनी अक्षुण्णता बानाए रखती हैं अपितु वे अपनी सम्पन्नता एवं पुष्टता के चलते इस भारत भूमि की माटी को भी बांधे रखती हैं। आचार्य भरत के नाट्यशास्त्र की जड़ें जहाँ अपनी शास्त्रीय सिद्धान्त स्थापना के कारण समग्र भारतीय काव्यशास्त्र, सौन्दर्यशास्त्र तथा रसशास्त्र के आधार में प्रतिष्ठित हैं, ठीक वहीं वे अपनी पूर्ण दृढ़ता के साथ लोकधर्मी नाट्य परम्परा, शिल्प, कला, कौशल आदि के क्षेत्र में इतनी गहराई से अनुस्यूत हैं कि सम्पूर्ण भारतवर्ष में फैली लोकनाट्य परम्परा में अनुगुंजित होती सुनाई देती हैं।

ऐसी ही एक विस्मृत और सम्भवतः अब तक अज्ञात आचार्य भरत के नाट्यशास्त्र की अनूदित कृति लोकभाषा ब्रज में रचित तथा भरत सिद्धान्त की संक्षिप्त प्रस्तुति करने वाला ग्रन्थ है कवि विरजनाथ मिश्र द्वारा रचित ''निरतरंग''। उत्तर प्रदेश के इटावा जनपद में यमुना नदी के तट पर नगर से तीन मील दूर एक तीन सौ वर्ष पुराना पुस्तकालय है। यह ग्रन्थागार तत्कालीन उपजिलाधिकारी श्री संभू साहब के अपार तप का फल है जो बाद में ''खट खटा बाबा'' के नाम से प्रसिद्ध हो गये थे। उनके इस विशालग्रन्थागार में सहस्राधिक पाण्डुलिपियाँ अभी भी दबी पड़ी हैं जिनके उद्धार की, संरक्षण की, पुनः प्रतिष्ठा की महती आवश्यकता है। ग्रन्थागार में लगभग 1,40,000 (एक लाख चालीस हजार) ग्रन्थ संगृहीत हैं।

पुस्तकालय की सूचनी में बस्ता सं. 1460 की क्रम संख्या पर ''जो 200 पुस्तकों की बन्धेज है 166 नम्बर पर ''निरत रंग'' नामक यह लघु ग्रन्थ पाण्डुलिपि के रूप में संगृहीत है। ग्रन्थ में कुल 362 दोहे, सवैया, सोरठा, तथा छप्पय छन्दों में आचार्य भरत के नाट्यशास्त्रीय सिद्धान्तों का सहज सरल ब्रजभाषा में वर्णन किया गया है।

ग्रन्थ के स्वाध्याय से पता चलता है कि यह किसी ''विरजनाथ मिश्र'' या शुद्ध करके कहें तो ब्रजनाथ मिश्र नामक कवि की रचना है। जो संवत् 1530 की है। इटावा जनपद इष्टिका पुरी के नाम से प्राचीन काव्यों में उल्लिखित रहा है। 12वीं शताब्दी में राजा सुमेर सिंह के शासन काल में इस नगर का पुनर्निमाण हुआ। ब्रजभाषा भाषी क्षेत्र होने के कारण यहाँ महारास एवं रासलीला का मंचन बड़े पैमाने पर होता रहा है और आज भी होता रहता है।

''निरतरंग'' की रचना किस नरेश के काल में हुई यह कहना तो कठिन है क्योंकि ग्रन्थकार ने किसी नरेश का नामोल्लेख नहीं किया है, किन्तु ग्रन्थ की परिसमाप्ति पर यह दोहा लिखा है—

बिरजनाथ की कृपा सौं, रच्यौ, झुका वौं सीस।
विरजनाथ कवि ग्रन्थ यह संवत् पन्द्रह तीस।।[1]

यह ग्रन्थ कुल पन्द्रह प्रकार के छन्दों में उपनिबद्ध है जिन्हें पाँच तरंगों में 60. 60 छन्दों के प्रस्तार में विभक्त किया गया है। कुल तीन सौ छन्दों में नाट्यशास्त्र के विविध विषयों की चर्चा की गई है। शेष 62 छन्दों में कवि ने अपनी वंश-परम्परा, महारास महिमा, तथा कृष्ण भक्ति सम्प्रदाय में रासलीला के अनुकरण का महत्त्व वर्णित किया है। ''निरतरंग'' का आरम्भ इस दोहे से होता है—

सुमिरौं उमा महेस कौं ब्रह्मचरन चित लास।
निरतरंग लच्छिन कहऊँ भाषा भनिति सुमाप।।[2]

उपर्युक्त दोहे का सादृष्य हमें नाट्यशास्त्र के प्रथम श्लोक से ही मिल जाता है-

प्रणम्य शिरसा देवौ पितामह-महेश्वरौ।
नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामि ब्रह्मणा यदुहाहृतम्।।[3]

कवि बिरजनाथ आगे लिखते हैं -

बिरमा के सुत जे भरत परमानन्द मूनीस।
निरतरंग सुभशास्त्र के बे ईसन के ईस।।[4]

अर्थात् ब्रह्मा के सुत जो भरत मुनि हैं वे परमानन्द के अधिष्ठाता हैं और इस निरतरंग शुभ शास्त्र में वे सभी देवों के देव हैं। महामुनि भरत ने सद्य परनिर्वृति एवं

भवसंभव खेद की निवृत्ति के लिए ही इस पवित्र शास्त्र का सृजन किया—

रच्यौ महामुनि ने सरस निरत सुपंचम वेद।
जासौं छिन मँह जात है भवसंभव सब खेद।।[6]

इस निरतरंग या कहें 'नृत्यरंग' शास्त्र की परिधि बताते हुए कवि लिखता है-

चार वेद छः शास्त्र अठ बिबिधागम सपुरान।
सब के रस कौं धारतौ निरतरंग रस खान।।[6]

चार वेद, छः शास्त्र, विविध आगम तथा पुराण आदि के सम्पूर्ण रसों को अन्तर्गूढ रखने वाला यह नृत्तरंग शास्त्र रस की खान है। इस शास्त्र का प्रथम प्रवचन आचार्य भरत ने अपने सौ पुत्रों को किया था ऐसी ही परम्परा नाट्यशास्त्र में उल्लिखित हैं। निरतरंग का यह उद्धरण द्रष्टव्य है—

सौ सुत सब गुनवन्त अठ बिनयसील सम्पन्न।
ते उपदेसे भरत मुनि सबबिधि सदा प्रसन्न।।
सन्दिल दत्तिल बच्छ अठ कोल तन्दु गुणखानि।
ऐसे सुतसय कौं भन्यौ मुनि यह शास्त्र प्रमान।।[7]

भरतनाट्यशास्त्र के इन श्लोकों को यहाँ स्मरण करना समीचीन होगा—

पुत्रानध्यापयामास प्रयोगं चापि तत्त्वतः।
शाण्डिल्यं चैव वात्स्यं च कोहलं दत्तिलं तथा।।[8]

इस नाट्यशास्त्र की गम्भीरता बताते हुए कवि कहता है-

अतिबिसाल अति दुरगम अति आनन्द निधान।
दियौ भरत छःतीसौ अधियायनि निज ज्ञान।।[9]

यह नाट्यशास्त्र अति विशाल है, अति दुर्गम है और अति आनन्दप्रद है जिस ज्ञान को भरत मुनि ने छत्तीस अध्यायों में अपने पुत्रों को प्रदान किया। यहाँ यह शंका हो सकती है कि उपलब्ध नाट्यशास्त्र में सैतीस अध्याय हैं। फिर कवि ने छत्तीस अध्यायों की रचना क्यों स्वीकार की परन्तु यह प्रश्न असमाधेय नहीं है।

ग्रन्थ की परिसमाप्ति के अंश को पढ़ने से कुछ ऐसा प्रतीत होता है कि यह भरत नाट्यशास्त्र का संक्षेप में किया गया भाषा शास्त्रीय विवेचन महारासलीला या भगवान् कृष्ण की लीलाओं के नाट्यानुकरण के निमित्त रचा गया होगा क्यों कि एक दोहे में कवि ब्रजनाथ ने लिख है—

बिरजनाथ को खेलु यह महारास संसार।
तरकी लीला हित कहेऊ बिरजनाथ सुविचार।।[10]

अर्थात् यह संसार भगवान् ब्रजनाथ श्रीकृष्ण का खेल है और उनकी लीला के

हित अर्थात् रासलीला खेलने के निमित्त ही कवि ब्रजनाथ ने यह ग्रन्थ भाषा में रचा है। इस भाव को पूर्णतः स्पष्ट करते हुए कवि ने अन्तिम छन्द सं. 362 में कहा है –

हियतरंग सौं प्रकट है निरतरंग यहु ग्रन्थ।
महारास के हित रच्यौ सदा मोद कौ पन्थ।।[11]

इस प्रकार हम देख सकते हैं कि आचार्य भरत के सिद्धान्त एवं नाट्य के क्षेत्र में उनके द्वारा दिये गये निर्देश कितनी गहराई से जनमानस में बैठे हुए थे। लोकधर्मी परम्परा में लीलाओं के मंचन करने वाले साधारण रसिक जन भी उन दिनों नाट्यशास्त्र परम्पराओं से सुपरिचित होते थे। भारतीय जनमानस की अभिरुचि के कलात्मक परिष्कार का इस से बड़ा साधन दूसरा नहीं हो सकता। इस ग्रन्थ की यह एक मात्र प्रति खट् खटा बाबा संग्रहालय ग्रन्थगार इटावा में विद्यमान है। संभवतः इसकी अन्य प्रतिलिपियाँ भी क्षेत्र में कहीं उपलब्ध हैं। उनका पता लगाया जाना शेष है।

सन्दर्भ तथा टिप्पणी

1. निरतरंग – ब्रजनाथ कवि कृत. 362।
2. निरतरंग – प्रथम तरंगा दोहा – 1।
3. भरतनाट्यशास्त्र अ. 1 श्लोक – 1।
4. निरतरंग प्रथम तरंग दोहा – 7।
5. निरतरंग प्रथम तरंग दोहा – 10।
6. निरतरंग प्रथम तरंग दोहा – 12।
7. निरतरंग प्रथम तरंग दोहा – 26।
8. नाट्यशास्त्र–प्रकराध्याय श्लो. – 25.26।
9. निरतरंग ब्रजनाथ कवि कृत दोहा – 28।
10. निरतरंग पंचमतरंग दोहा – 359।
11. निरतरंग पंचमतरंग दोहा – 362।

10

शास्त्र एवं प्रयोग— एक विश्लेषण

कमल वासिष्ठ

प्रायः सामान्य लोग शास्त्र, संहिता, पुराण किंवा सूत्र शब्दों को एक ही अर्थ में ग्रहण करते हैं। आधुनिक कहे अथवा माने जाने वाले आम जन अल्पज्ञान के कारण इन्हें पोंगा-पन्थ, आउट डेटेड, अप्रासंगिक जैसे विशेषणों से सुशोभित करते रहते हैं और पश्चिम की आधी-अधूरी जानकारी को आधार बनाकर इन ग्रन्थों की अतार्किक आलोचना कर, और वैज्ञानिक विश्लेषण का अभाव बताकर अपना प्रभाव जमाने का प्रयास करते हैं। बिना यह जाने-बूझे कि ये शब्द (ग्रन्थ) अपने आप में सम्पूर्ण वैज्ञानिक आधारों ओर प्रयोगों को समेटे हैं। अतः इन शब्दों की परिभाषा जानना अत्यावश्यक है।

पुराण, पुरातन, प्राचीन, पुराण का अर्थ है— मनुष्यों, ऋषियों, देवों, दानवों, गन्धर्वों, राजाओं, महापुरुषों आदि के ऐसे वृतान्त हैं जो पुरुष परम्परा से चले आ रहे हैं और हिन्दुओं के धर्म सम्बन्धी आख्यान ग्रन्थ जिनमें सृष्टि, उत्पत्ति तथा लय आदि के वृतान्त रहते हैं। ये 18 हैं— जिनके नाम विष्णु, पद्म, ब्रह्म, शिव, भागवत, नारद, मार्कण्डेय, अग्नि, ब्रह्मवैवर्त, लिंग, वराह, स्कन्द, वामन, कूर्म, मत्स्य, गरुड, ब्रह्माण्ड, और भविष्य हैं।[1] अतः पुराण, कथा साहित्य के अन्तर्गत आते हैं न कि शास्त्रीय अनुशासन के अन्तर्गत।

शास्त्रीय व्याख्याओं को पुराण में प्रस्तुत किया गया है जैसे चित्रकला अथवा मूर्तिकला के सन्दर्भ में विष्णुधर्मोत्तरपुराण का चित्रसूत्र खण्ड आदि। संहिताशब्द की व्याख्या इस प्रकार है -

संहिता का अर्थ मिलावट, व्याकरण के अनुसार दो अक्षरों का मिलकर एक होना, सन्धि, किसी ग्रन्थ का स्वर भेद पर निर्धारित पाठक्रम (विशेषतः शब्दों या पदों के उच्चारण के समुचित परिवर्तन के ध्यान से सङ्कलित वैदिक मन्त्रों का संग्रह, मूलपाठ या पद्यों का क्रमिक संग्रह आदि माना जाता है।[2]

वस्तुतः संहिता वाचिक परम्परा का संग्रह कही जा सकती है किन्तु वह शास्त्र की श्रेणी में नहीं मानी जाती है। कुछ विद्वान् इसे शास्त्र की श्रेणी में रखते हैं जैसे चरकसंहिता चिकित्सा शास्त्र (आयुर्वेद) का ग्रन्थ है।

नाट्यशास्त्र में भारतीय संस्कृति के तत्त्व, भौगोलिक विवरण, नृ-वंशविद्या, भाषाएँ, साहित्य, मनोविज्ञान, लोकप्रथा, कला, वैदिकशास्त्र, अर्थशास्त्र, गान्धर्व शास्त्र, पुराकथा, संगीततत्त्व, आयुर्वेदशास्त्र, आदि कई शास्त्रों का समन्वय और प्रायोगिक तत्त्व सम्मिलित हैं।

उदाहरणार्थ— नाट्यशास्त्र के 26 वें अध्याय में विषपान जन्य मृत्यु की विभिन्न अवस्थाओं का चित्रण करते हुए आचार्य भरत ने अभिनेता को निर्दिष्ट करते हुए लिखा है—

प्रथमे वेगे कार्श्येष्वभिनेयं वेपथुर्द्वितीये तु।
दाहस्तथा तृतीये विलल्लिका स्थाच्चतुर्थे तु।। 107।
फेनस्तु पंचमस्थे तु ग्रीवा षष्ठे तु भण्यते।
जडता सप्तमे तु स्यान्मरणं त्वष्टमे भवेत्।।108।।

अर्थात् विषवेग से होने वाली अवस्थाएँ आठ होती हैं—

इसमें प्रथमावस्था में शरीर शक्तिहीनता (कृशता), दूसरी— शरीर कम्पन, तीसरी— दाह, चतुर्थ— हिचकी आना, पञ्चम-मुंह से फेन (झाग) आना, षष्ठ - गला लटकना, सप्तम में— जडता और अष्टम अवस्था में अन्त मरण होता है। इसके अनन्तर श्लोकों में नाट्यशास्त्र विष पान किए अभिनेता को अभिनय के सूक्ष्म निर्देश देता है।

इसी प्रकार विषजन्य रोगी के लक्षण और चिकित्सीकीय परामर्श चरकसंहिता में लक्षणों का क्रम कुछ अलग है। चिकित्सीकीय दृष्टि से सम्भवतः वह आवश्यक लक्षण लगभग समान ही है। यथा —

तृण-मोह-दन्त-हर्ष-प्रसेक-वेपथु-क्लमा भवन्त्याद्ये।
वेगे रसो प्रदोषात् असृक् प्रदोषात् द्वितीये च।।17।।
वैवर्ण्य-भ्रम-वेपथु-मूर्च्छा-जृम्भाङ्ग-चिमचिमान्तकाः।
दुष्ट पिशिता तृतीयं मण्डल-कण्डू वपथुकोष्ठाः।।18।।

वातादिजाश्चतुर्थे छर्दिदोहाङ्गशूलमूर्च्छाद्याः।
नीलादीनां तमसश्च दर्शनं पञ्चमे वेगे ।।19।।
षष्ठे हिक्का भङ्गः स्कन्धे स्यात्तु सप्तमेऽष्टमे मरणं नृणाम्।

इसी क्रम में सूत्र शब्द भी व्याख्या विस्तार (व्यास) से सामासिक उद्धरण के अर्थ में प्रयुक्त होता है ''सूत्र'' शब्द सूत्र (धागा), सिरा, छोर, लघुवाक्य, विचार (जिन्हें विस्तारित किया जा सकता है)। वस्तुतः सूत्र व्याख्याओं का संक्षिप्तीकरण तथा स्मृति में रक्षित करने का आधार है।

शास्त्र पुराण (सं) वे धार्मिक ग्रन्थ जो लोगों के हित ओर अनुशासन के लिए बनाये गए है। इनकी संख्या 18 कही गई है –ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, ज्योतिष, छन्द, मीमांसा, न्याय, धर्मशास्त्र, नाट्यवेद (गान्धर्ववेद), आयुर्वेद, धनुर्वेद, अर्थशास्त्र आदि— किसी विशिष्ट विषय सम्बन्धित वह ज्ञान जो ठीक क्रम के संग्रह करके रखा गया हों।

शास्त्र को दूसरे शब्दों में विषय का विज्ञान कहना अनुचित नहीं होगा, क्योंकि विज्ञान शब्द विशेषज्ञान अथवा क्रमबद्ध ज्ञान के लिए प्रयुक्त किया जाता है। विज्ञान शृङ्खलाबद्ध प्रयोगों के निष्कर्ष पर आधारित प्रयोगात्मक ज्ञान है जो गहन पड़ताल के पश्चात् व्यवहारिक रूप में प्रयुक्त किए जाते हैं।

प्रसिद्ध कला मनीषी सुश्री कपिला वात्स्यायन ने शास्त्रशब्द को परिभाषित करते हुए कहा है कि— संस्कृत कोषकारों ने शास्त्र का प्रयोग किसी एक विषय से सम्बन्धित ज्ञान राशि के लिए किया है।

किन्तु विगत शताब्दी या उसके पूर्व अंग्रेजी शब्द 'थ्योरी' अथवा 'थ्योरीटिकल' शब्द को शास्त्र का पर्यायवाची अथवा समानार्थी मानकर अत्यधिक प्रयोग किया गया। थ्योरी शब्द केवल विचार या अनुमान के अर्थ को स्थिर करता है। अतः थ्योरी प्रयोग अथवा व्यवहारिक जगत् से असम्बद्ध है।

शस्त्र एवं शास्त्र शब्द की पहली शर्त है कि वह प्रायोगिक होना चाहिए; बिना प्रयोग के कोई भी ज्ञान शास्त्र की श्रेणी में परिगणित नहीं किया जा सकता। प्रायः सभी शास्त्र एक दूसरे से आन्तरिक रूप से सम्बद्ध हैं तथा एक ही प्रयोग से भिन्न-भिन्न आशयों की पूर्ति करते हैं इस सन्दर्भ को भरत मुनि के नाट्यशास्त्र ने अपनी प्रामाणिकता अङ्कित की है।

अस्तु, शास्त्र विशेष में भी अन्य शास्त्रों के प्रयोग तत्त्व और लक्षणों का समावेश होता है तो सार्वदेशिक, सार्वकालिक एवं सार्वजनिक रूप से सर्वमान्य और सर्वसुलभ व्यष्टि-एवं समष्टि-परक होता है।

शास्त्र के विषयान्तर्गत सूक्ष्मतम विवरणों, अङ्गों, उपाङ्गों, तत्त्वों एवं सम्बन्धित

विषयों के निरूपण सावधानी पूर्वक होता है। ये तत्त्व शास्त्र की रचना काल में जितने प्रासङ्गिक एवं प्रायोगिक होते हैं उतने ही प्रासङ्गिक भविष्य में भी होते हैं वस्तुतः शास्त्र एक चौखटा भर है अथवा लचीली संरचना भर है; दूसरे शब्दों में वह खाका (मानचित्र) भर है जो कालक्रम में विभिन्न प्रयोगों को समेट कर उन्हें सुरक्षित और संरक्षित कर आगामी पीढ़ियों को धरोहर के रूप में सौंपता जाता है। शास्त्र की रचना, काल विशेष की अपेक्षा शनैः शनैः पुष्ट होती है जो प्रारम्भिक काल की अपेक्षा कालान्तर में अधिक विश्वस्त और सर्वग्राही मान्य होती है। आधुनिक सन्दर्भ में नाट्यशास्त्र पश्चिमी अभिनय शैलियों की उपादेयता एवं विचारों को स्पष्ट करने का एक विस्तरित प्रयास है।

नाट्यशास्त्र के पञ्चम अध्याय में नाट्य प्रस्तुति से पहले रङ्गमञ्च पर इसका प्रयोग किया जाता है। इसी लिए इसे 'पूर्वरङ्ग' कहते है।

यदि आधुनिक सन्दर्भों में इस पूर्वरङ्ग का विश्लेषण किया जाए तो नाट्यशास्त्र में पूर्वरङ्ग के उन्नीस अङ्ग बताकर उन्नीस भाग किए गए हैं जिनमें नौ अङ्ग यवनिका के अन्दर एवं 10 अङ्ग यवनिका के बाह्य भाग रङ्ग पीठ पर बताए गए हैं, जो क्रमशः इस प्रकार है— प्रत्याहार, अवतरण, आरम्भ, आश्रावणा, वक्त्रपाणि, परिघट्टना, संघट्टना, मार्गासारित, ज्येष्ठ, मध्यम और कनिष्ठ आसारित हैं ये सभी वस्तुत सङ्गीत नाट्य प्रस्तुति से पहले क्रमबद्ध तैयारियों के हैं जिन्हें यवनिका के अन्दर पर्दा खुलने के पूर्व किया जाना चाहिए।

1. वाद्यों का विन्यास (क्रमबद्ध जमाना)
2. गायक गायिकाओं का ठीक क्रम
3. सामूहिक गीत परिगीत क्रिया का आरम्भ
4. वाद्ययन्त्रों को आलाप से मिलाना
5. वाद्यों का स्वर सन्धान
6. ताल वाद्यों को ठोक-पीट कर स्वर में लाना
7. सभी वाद्यों का समन्वय
8. गायकों एवं नर्तकियों के पाद-विन्यास और लय का निश्चय करना।

वस्तुत पूर्वरङ्ग में वर्णित नाट्यशास्त्रीय विधियां उस काल में भी उतनी ही प्रासंगिक थीं। आज के आधुनिक संगीत परिदृश्य में भी उतनी ही उपयोगी एवं प्रचलित हैं।

उदाहरण के लिए नाट्य को छोड़कर जहाँ भी समूह अथवा एकल गायन होता है वहाँ गायक अथवा वादक को इन सभी अङ्गों से दो-चार करना पड़ता है जैसे

वाद्यों का एक-एक कर मिलाना, स्वर लगाकर देखना, तबला, पखावज आदि मिलाना, नाट्यशास्त्र इसे पर्दे के पीछे करने के निर्देश देता है ताकि पर्दा खुलने पर एक दम दर्शक अथवा श्रोता पर स्वरों का वाञ्छित प्रभाव पड़े। वर्तमान में मञ्च पर आकर गायक-वादक, नर्तक आदि कलाकार अथवा श्रोता का समय साज मिलाने में ले लेते है कभी-कभी यह अवधि आधे घण्टे से ऊपर हो जाती है और श्रोता का धैर्य खोने लगता है।

अस्तु, पूर्वरङ्ग, वर्णित नौ अङ्गों को यदि नाट्यशास्त्रानुसार किया जावे तो वह वर्तमान में दर्शक को उतना ही प्रभावित करेगा जितना उस काल में करता था।

इसी प्रकार अभिनय के सन्दर्भ में आङ्गिक अभिनय तीन प्रकार का है— शरीर, मुखज, चेष्टाकृत नाट्य के छः अङ्गों में शरीर का हर अङ्ग-प्रत्यङ्ग का समावेश हो जाता है। यथा सिर, हस्त, वक्ष, पार्श्व, कटि और पाद तथा अन्य छः उपाङ्गों में नेत्र, भ्रू, नासिका, अधर, कपोल तथा चिबुक हैं। इनके अतिरिक्त शाखा, नृत्त, अङ्कुर, तीनों वस्तुएं भी अभिनय के अङ्ग हैं।

आधुनिक अभिनय भी इन अङ्गों के अन्तर्गत समाविष्ट हो जाता है। कुछ निर्देशक नाट्यशास्त्रीय आंगिक मुद्राओं को अप्रासङ्गिक करार देते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त माइम आर्टिस्ट श्री निरञ्जन गोस्वामी के द्वारा इस सन्दर्भ में दो एक मुद्राओं का उदाहरण ही काफ़ी होगा, उदाहरणार्थ हंसपक्ष (हस्त) मुद्रा का प्रयोग आज भी अभिनेता लिखने के माइम में कलम पकड़ने हेतु करता है, सिगरेट पीने के लिए कर्तरी मुख (हस्त) मुद्रा का उपयोग करता है। इसी प्रकार करण, चारी आदि का प्रयोग भी आधुनिक अभिनेता जाने-अनजाने करता है किन्तु हैं यह शास्त्रीय आङ्गिक मुद्राएँ। इनका ज्ञान न होना अपनी श्रेष्ठतम शास्त्रीय परम्पराओं के प्रति अज्ञान कहा जा सकता है अथवा अपनी जड़ों से कटने की विमुखता भर है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. लघु हिन्दी शब्द सागर (सम्पादक करुणापति त्रिपाठी) काशी नागरी प्रचारिणी सभा, काशी (वाराणसी), पृष्ठ - 622
2. वहीं, पृष्ठ -962
3. वही, पृष्ठ - 939
4. भारत की सही समझ : उसकी अपनी शर्तों पर (आलेख), कपिला

वात्स्यायन; (अनु.) रमेश चन्द्र शाह, रंग प्रसंग, जुलाई–सितम्बर, पृष्ठ 9 रा.ना.वि. दिल्ली

5. हिन्दी नाट्य शास्त्र, बाबूलाल शुक्ल शास्त्री, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, अध्याय 26 पृष्ठ– 613
6. सुश्रुतसंहिता महर्षिणा भगवताग्निवेषेण प्रणीता महामुनिनामचरकेण प्रति संस्कर्ता आयुर्वेदाचार्य जयदेव विद्यालङ्कार (हिन्दी अनुवाद) द्वितीय खण्ड, मोतीलाल बनारसीदास, नई दिल्ली, अध्याय 23 पृष्ठ–341,
7. हिन्दी नाट्यशास्त्र, बाबूलाल शुक्ल शास्त्री, चौखम्बा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, अध्याय 5

11

भरतोक्त आहार्याभिनय के सिद्धान्तों का प्रयोग 'प्रतिमानाटक' के सन्दर्भ में

निरुपमा त्रिपाठी

भारतीय नाट्यविद्या के सम्पूर्ण तत्त्वों की एक विपुल सम्पदा के रूप में प्रतिष्ठित आचार्य भरत कृत 'नाट्यशास्त्र' के अध्ययन एवं अनुसंधान की एक अविच्छिन्न परम्परा चलती आ रही है।

'नाट्यशास्त्र' की मूल पाण्डुलिपियाँ भारत के सुदूर दक्षिण और उत्तर भारत से प्राप्त हुई हैं जिनके आधार पर इसके कई संस्करण प्रकाशित हुए। इसका सर्वप्रथम प्रकाशन 1894 ई० में निर्णयसागर प्रेस से काव्यमाला संस्कृत सीरीज के अन्तर्गत हुआ। तदनन्तर गायकवाड़ ओरिएन्टल सीरीज से रामकृष्ण कवि के सम्पादकत्व में 'अभिनवभारती' टीका सहित इसका प्रकाशन चार भागों में हुआ। 'नाट्यशास्त्र' का एक अन्य संस्करण काशी से 1929 ई० में चौखम्बा संस्कृत सीरीज के अन्तर्गत प्रकाशित हुआ जिसका सम्पादन पं. बटुकनाथ शर्मा एवं पं. बलदेव उपाध्याय ने किया था। इसी प्रकार कालान्तर में अन्य संस्करण भी प्रकाशित हुए। 'नाट्यशास्त्र' के प्रकाशित इन संस्करणों में पाठभेद भी पाये जाते हैं।

'नट अवस्कन्दे' से निर्मित 'नाट्य' का अर्थ है— 'तौर्यत्रिक'। विभिन्न कोश 'तौर्यत्रिक' को नृत्य, गीत एवं वाद्य की समष्टि कहते हैं।[1] 'नाट्यशास्त्र' में उपर्युक्त तीनों के अतिरिक्त 'नाट्य' से सम्बद्ध सम्पूर्ण कलाओं जैसे— नाट्योत्पत्ति, नाट्यमण्डप, रङ्गपूजा, पूर्वरङ्ग और अङ्गहार, नाट्यसन्धियों, नायक-नायिका के

प्रकार, छन्दः-शास्त्र, अलङ्कार एवं रस आदि का व्यापक निरूपण किया गया है।

'नाट्यशास्त्र' में जहाँ नाट्य-कला के सिद्धान्तों का सूक्ष्मातिसूक्ष्म विवेचन मिलता है वहीं इसका दूसरा प्रबल पक्ष भी निरूपित है जिसे 'नाट्य-प्रयोग' या 'प्रयोग-विज्ञान' की संज्ञा दी जाती है। इसके अन्तर्गत आचार्य भरत ने आङ्गिक, वाचिक, सात्त्विक तथा आहार्य अभिनय का विश्लेषण किया है। कोई भी नाट्यकृति मञ्चीय प्रयोग हेतु ही रचित होती है। इसमें वर्णित पात्रों की अवस्थाओं का शारीरिक चेष्टाओं, वाणी के विन्यास, मनोभावों की अभिव्यक्ति तथा उचित वेशभूषा आदि के द्वारा प्रस्तुत अनुकृति को ही शास्त्रीय भाषा में अभिनय की संज्ञा दी गई है -

विभावयति यस्माच्च नानार्थान् हि प्रयोगतः
शाखाङ्गोपाङ्गसंयुक्तस्तस्मादभिनयः स्मृतः।।

(नाट्यशास्त्र, 8.9)

अभिनीत होने पर ही नाट्य की 'दृश्यकाव्य' यह संज्ञा चरितार्थ होती है तथा उस से ही प्रेक्षक रसानुभूति की चरम सीमा तक पहुँचता है। आचार्य भरत ने प्राधान्येन अभिनय को चार प्रकार से बाँटा है— आङ्गिक, वाचिक, सात्त्विक तथा आहार्य। नाट्य के पाठ्य अंश वाचिक अभिनय के माध्यम से सम्पन्न किया जाता हैं। कवि-सृष्टि में कवि-निबद्ध पात्र भी सुख-दुःखात्मक मनोभावों से युक्त होते ही हैं। मञ्च पर इनके इन विविध भावों की अभिव्यक्ति कराता है 'सात्त्विक' अभिनय। 'नाट्य' में वर्णित पात्रों को यथार्थ रूप में मञ्च पर प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक होता है उसे अनुकूल वेशभूषा आदि का नेपथ्य में ही विधान कर लेना। आचार्य भरत के अनुसार पात्र का वेश विन्यास अलङ्कार-परिधान, अङ्ग रचना, रङ्गमञ्च पर निर्जीव लौकिक पदार्थों और सजीव जन्तुओं का नाट्यधर्मी प्रयोग 'आहार्य' अभिनय है। आहार्याभिनय नेपथ्यज विधि है—

आहार्याभिनयो नाम ज्ञेयो नेपथ्यजो विधिः।
तत्र कार्यः प्रयत्नस्तु नाट्यस्य शुभमिच्छता।।[2]

अन्य अभिनयों की अपेक्षा आहार्याभिनय का पार्थक्य है क्योंकि इस विधि का प्रयोग नेपथ्य में ही सिद्ध कर लिया जाता है; जबकि अन्य अभिनयों का प्रयोग मञ्च पर ही होता है। 'नाट्यशास्त्र' में अनेक भेदोपभेद सहित आहार्याभिनय का वर्णन किया गया है।

नाट्य-प्रयोग में आहार्याभिनय का महत्त्व असाधारण है। ऐसा प्रयोग जिसमें अन्य सभी अभिनय कितने ही उत्कृष्ट क्यों न हो सौन्दर्यविहीन ही सिद्ध होते

हैं। यदि उनमें आहार्याभिनय का सन्तुलन न हो। मुख्य रूप ये आहार्याभिनय के कौशल से ही प्रेक्षक के हृदय में अनुकार्य एवं अनुकर्ता के भेद को तिरोहित किया जा सकता है। उत्कृष्ट अभिनय के प्रयोग से ही प्रेक्षक की वह परिभाषा रङ्गमञ्च हो सकेगी जो आचार्य भरत ने दी है—

यस्तुष्टौ तुष्टिमायाति शोके शोकमुपैति च।
दैन्ये दीनत्वमभ्येति स नाट्ये प्रेक्षकः स्मृतः।।[3]

दर्शक की पूर्ण सन्तुष्टि में ही प्रयोग-विज्ञान की साधुता है। कालिदास ने 'अभिज्ञानशाकुन्तल' में सूत्रधार के मुख से उचित ही कहा है-

"आ परितोषाद् विदुषां न साधु मन्ये प्रयोगविज्ञानम्"[4]

प्रयोग विज्ञान की यह साधुता अधिकांश रूप में आहार्य अभिनय पर ही निर्भर है।

आधुनिक रङ्गमञ्च की विकसित अवस्था को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि वह पूर्णरूप से पारम्परिक विधियों का अनुगामी नहीं हैं। किन्तु प्राचीन संस्कृत नाट्य-कृतियों की प्राचीनता एवं मौलिकता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए भरतोक्त सिद्धान्तों के अनुकूल प्रदर्शन अपरिहार्य है। तभी उनकी वास्तविकता एवं कवि की भावना की सुरक्षा सम्भव है।

प्राचीन नाट्यकारों की शृङ्खला में भास कवि एवं उनके 13 नाटक सदैव ही समादृत रहे हैं। महाकवि कालिदास ने '**प्रथितयशसां भास-सौमिल्ल- कविपुत्रादीनां प्रबन्धान्**' कहकर इनका स्मरण किया है। भासकृत सम्पूर्ण 13 नाटक रङ्गमञ्चीय दृष्टि से उपयुक्त है। इन नाटकों में **'प्रतिमानाटक'** का अपना विशेष महत्त्व है। इस नाटक का कथाचक्र सात अङ्कों में विभाजित है। राम के राज्याभिषेक की तैयारी से नाटक का प्रारम्भ होता है तथा उनके वनवास के पश्चात् पुनः राज्याभिषेक के साथ नाटक की परिसमाप्ति हो जाती है। इस नाटक की कथा 'रामचरित' पर ही आधारित है किन्तु इसमें भास की मौलिकता का परिचय पदे-पदे प्राप्त होता है। नाटकीय दृष्टि से दर्शक का कौतूहल हर दृश्य में बना रहे, इस प्रकार इसकी रचना हुई है। भरत प्रतिपादित आहार्य अभिनय के सूक्ष्म परिशीलन के साथ उसे 'प्रतिमानाटक' के सन्दर्भ में प्रयोग करते हुए इस नाटक की प्रयोगार्हता में वृद्धि की जा सकती है।

आचार्य भरत ने आहार्य अभिनय के मुख्य चार भेद माने हैं— पुस्त, अलङ्कार, अङ्गरचना तथा सञ्जीव। इनमें पुस्त नामक भेद वास्तविक रूपकों को रङ्गमञ्च पर प्रस्तुत करने की साङ्केतिक विधि है। इसके माध्यम से ही रङ्गमण्डप पर

यथार्थता का सञ्जन करते हुए शैल, यान, विमान आदि अनेकानेक भारी वस्तुओं को प्रस्तुत किया जाता है।[5] सन्धिम, व्याजिम और वेष्टिम इसके तीन रूप होते हैं। आवश्यकता के अनुसार रङ्गमण्डप पर प्रस्तुत की जाने वाली भारी-भरकम वस्तुओं का लाख, बाँस, भूर्जपत्र, चमड़ा आदि हल्की वस्तुओं से निर्माण करके प्रस्तुत करने की विधि सन्धिम है। रथ, विमान, यानादि को कृत्रिम गति प्रदान करना व्याजिम है, जिसे पुस्त को वस्त्र या किसी अन्य वस्तु से लपेट कर तैयार किया जाता है उन्हें वेष्टिम या चेष्टिम कहा जाता है।[6]

'प्रतिमानाटक' के प्रथम अङ्क में ही कञ्चुकी प्रतिहारी को राम के राज्याभिषेक की तैयारी की सूचना देता है

. . . . **पश्य-**

छत्रं सव्यजनं सनन्दिपटहं भद्रासनं कल्पितं. . . [7]

इत्यादि शब्दों से देता है। इस में राज्याभिषेक का दृश्य प्रदर्शित करते हुए अभिषेक के योग्य वस्तुओं, जैसे छत्र, सिंहासन, रथ आदि को पुस्त विधि के 'सन्धिम' भेद के द्वारा ही निर्मित कर प्रस्तुत किया जा सकता है। तृतीय अङ्क में रथासीन भरत एवं सारथि का प्रवेश मञ्च पर दिखाने के लिए सन्धिम एवं व्याजिम पुस्त विधि का आश्रय लिया जायेगा।[8] क्योंकि इसी से रथ का निर्माण एवं उसकी गति प्रदर्शित की जा सकेगी। तृतीय अङ्क में ही इक्ष्वाकुवंशीय मृत राजाओं की प्रतिमा का भरत द्वारा अवलोकन एवं प्रणाम का दृश्य है।[9] इस प्रसङ्ग में प्रतिमाओं का निमार्ण भी 'पुस्त' नामक आहार्य विधि से करते हुए उन्हें यथार्थता के अनुकूल प्रदर्शित किया जा सकता है। इसी प्रकार अन्यान्य स्थलों पर भी यहाँ नाट्योपयोगी छत्र, मुकुट, ध्वजा, विमान, सिंहासन आदि के प्रदर्शन की आवश्यकता है उन्हें पुस्त विधि के माध्यम से ही सम्भव बनाया जा सकता है।

आचार्य भरत की स्पष्ट मान्यता है कि नाट्य-कथा के उपयोगी अस्त्र-शस्त्र-धनुष, गदा आदि को यदि मञ्च पर प्रदर्शित करना हो तो वे हल्के पदार्थ जैसे लाख, बाँस आदि से निर्मित होने चाहिए अन्यथा अधिक भारी होने पर वे समुचित अभिनय में बाधा उपस्थित करेंगे। जैसे 'प्रतिमानाटक' के प्रथम अङ्क में धनुष-बाण आदि उक्त विधि से ही निर्मित होंगे।

रङ्गमञ्च पर उपस्थित होने वाले पात्रों का आभूषण, वस्तु आदि के द्वारा मूल (अनुकार्य) पात्रों से साम्य रखता हुआ मनोहारी और यथार्थ अलङ्करण तो प्रसिद्ध

ही है। भरत ने इसे आहार्याभिनय के अलङ्कार नामक भेद के अन्तर्गत निरूपित किया है। पात्रों के अलङ्करण को तीन प्रकार से सम्पादित किया जाता है। अतः यह तीन प्रकार का होता है – माला, आभरण तथा वेशविन्यास—

अलङ्कारस्तु विज्ञेयो मालाभरणवाससा।
नानाविधसमायोगात् योऽङ्गोंपाङ्गविनिर्मितः।।[10]

नाट्यशास्त्र में मालाएँ पाँच प्रकार की बताई गई हैं – वेष्टित, वितत, ग्रथित, लम्बित एवं संघात्य। 'प्रतिमानटक' में वनवास काल में सीता का अलङ्करण भरतोक्त माल्याभरण के अनुसार ही होना चाहिए।

आभरण चार प्रकार के होते है – आवेध्य, बन्धनीय, प्रक्षेप्य और आरोप्य। इनमें जो शरीर के अङ्गों को बेध कर पहने जाते हैं वे आवेध्य हैं। बन्धनीय वे आभूषण हैं जो अङ्गों में बाँधे जाते हैं जैसे – अङ्गद, केयूर, करघनी आदि। प्रक्षेप्य के अन्तर्गत नुपूर आदि अलङ्करण है तथा अङ्गों में आरोपित करके पहने जाने वाले वस्त्राभरण, हारादि आरोप्य आभरण हैं।[11]

'प्रतिमानाटक' के प्रथम अङ्क में सीता के शरीर से उतरे आभूषणों के विषय में राम का जो कथन है वह स्पष्ट सङ्केत देता है कि उतारने से पूर्व सीता का अलङ्करण उपर्युक्त अभारणों से ही किया जायेगा।[12]

आचार्य भरत की सूक्ष्मदृष्टि का ही परिणाम है कि नाट्यशास्त्र में स्त्रियों एवं पुरुषों के पृथक्-पृथक् आभूषणों का तथा अङ्ग-प्रत्यङ्गों में पहने जाने वाले भाँति-भाँति के अलङ्कारों का उल्लेख मिलता है। 'प्रतिमानाटक' में सीता, राम, दशरथ और कौशल्या आदि रानियाँ ही नहीं अन्य पात्रों को यथायोग्य अलङ्कृत कर भरत की इस दृष्टि का लाभ उठाते हुए नाटक का सुन्दर प्रदर्शन किया जा सकता है। इतना ही नहीं किस भाव एवं रस में कैसे आभूषण होने चाहिए, आभूषणों का निर्माण किन वस्तुओं से हो इन सबका भी विस्तृत शास्त्रीय विधान भरत ने प्रस्तुत किया है। जैसे-'नाट्यशास्त्र' में शोक-या दुःख-मयी दशा में चमत्कारपूर्ण आभूषणों का प्रयोग नारी के लिए अशोभनीय बताया है। इस निर्देश के अनुसरण पर 'प्रतिमानाटक' के द्वितीय अङ्क में राम के वियोग में व्याकुल राजा दशरथ को धीरज बाँधती हुई कौशल्या और सुमित्रा के आभूषण राजकुलोचित तो होंगे परन्तु बहुत चमत्कारपूर्ण नहीं।[13]

आभूषणों के प्रयोग एवं निर्माण के सम्बन्ध में भी भरत ने महत्त्वपूर्ण सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया है। नाट्य में न तो आवश्यकता से अधिक आभूषणों का प्रयोग होना चाहिए और न ही उनका निर्माण ऐसी धातुओं से हो जिससे वे बोझिल

हो जाय। लोह आदि से निर्मित चमत्कारोत्पादक एवं हल्के आभूषणों के प्रयोग को ही उचित दर्शाया गया है। कृत्रिम और हल्के अलङ्कार अभिनय में बाधा उत्पन्न नहीं करते।[14] 'प्रतिमानाटक' के प्रथम अङ्क में राम के अभिषेक की घोषणा का समाचार सुनकर सीता अपने आभूषण उतार कर चेटी को देती हैं।[15] यदि वे आभूषण भार में अधिक होंगे तो निःसन्देह नाट्य प्रयोग में बाधा उत्पन्न होगी।

आहार्याभिनय का तृतीय प्रकार अङ्गरचना है। इसके अन्तर्गत पात्रों के रूप-परिवर्तन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। इसी के आश्रय से अनुकर्ता अपने 'स्व' भाव का परित्याग कर राम, सीता आदि के रूप एवं भाव से समन्वित हो प्रेक्षकों के समक्ष प्रस्तुत होता है। भरत ने मूलरूप से चार वर्णों की योजना कर ली है। जिससे रङ्गकार पात्रों को देश-जाति के अनुरूप प्रस्तुत किया जाता है।

वर्ण-रचना की यह आहार्य विधि नाट्य-प्रयोग में इतने महत्त्व की है कि इसी का आश्रय लेकर मनुष्य रूप का ही मञ्च पर अनुकरण नहीं प्रस्तुत किया जाता अपितु ऐसे भी पदार्थ और प्राणी जो मानवीय नहीं है, प्रस्तुत कर दिया जाते हैं। नदी, दुर्ग, प्रासाद, यान इत्यादि के मञ्चीय प्रदर्शन के लिए अभिनेता को ही उसी रूप रङ्ग की आभा से युक्त करके प्रस्तुत किया जाता है। पात्रों की अङ्गरचना, रस तथा देश जाति के अनुकूल होती है। शृङ्गार रस में श्याम, हास्य में शुभ्र, करुण में धूसर आदि वर्णो के प्रयोग का विधान है। इस दृष्टि से प्रयोज्य नाटक के द्वितीय अङ्क में राम के वियोग में विलाप करते हुए शोकाकुल दशरथ की वर्ण-रचना धूसर होनी चाहिए।

ब्राह्मण, क्षत्रिय, देवता, यक्ष और अप्सरा का वर्ण गौर बताया गया है। अतः राम, लक्ष्मण आदि की अङ्गरचना गौरवर्ण की होगी। रोगी, कुकर्मी, तपस्यारत का वर्ण कृष्ण होगा तथा ऋषि या संन्यासी को काषाय वर्ण से प्रदर्शित किया जायेगा।[16] प्रस्तुत नाटक के पञ्चम अङ्क में संन्यासी वेशधारी रावण की अङ्गरचना काषाय वर्ण की होगी।[17]

इस प्रकार नाट्यशास्त्र जातिभेद एवं देशभेद के आधार पर स्त्री-पुरुषों के विशिष्ट वेश, आभूषण एवं केश-विन्यास का भी विधान करता है जिसकी उपादेयता 'प्रतिमानाटक' के सन्दर्भ में भी है। भरत शुद्ध, विचित्र एवं मलिन नामक तीन प्रकार के वेश का उल्लेख करते हैं—

शुद्धो विचित्रो मलिनस्त्रिविधो वेश उच्यते।
तेषां विभागं व्याख्यास्ये यथाकार्यं प्रयोक्तृभिः।

'प्रतिमानाटक' के ब्राह्मण, पुरोहित, कञ्चुकीय, तपस्वी, क्षत्रिय आदि पात्रों के लिए शुद्ध वेश का प्रयोग होगा। **'चीरवल्कलचर्माणि तापसानां तु योजयेत्'**।[18] इस निर्देश के अनुसार उपर्युक्त नाटक में वनवास काल में राम वल्कलधारी ही प्रदर्शित किए जायेंगे।

नाटक इत्यादि में शरीर के अन्य अङ्गों की भाँति शिर का भी प्रसाधन अनिवार्य होता है। इस पक्ष का भी विस्तृत विवेचन नाट्यशास्त्र में उपलब्ध है। पार्श्वगत, मस्तकी एवं किरीटी ये तीन शिर के वेश होते हैं।

पार्श्वागता मस्तकिनस्तथा चैव किरीटिनः।
त्रिविधा मुकुटा ज्ञेया दिव्यपार्थिवसंश्रयाः।।[19]

इसके अनुसार उपर्युक्त नाटक राजा के सिर पर मुकुट शोभमान रहेगा। सञ्जीव आहार्याभिनय का चतुर्थ प्रकार है जिसके माध्यम से आचार्य भरत ने अपद, द्विपद और चतुष्पद जीवों को रङ्गमञ्च पर प्रस्तुत करने की विधियाँ बतायी हैं।[20] रामाणीय कथा पर आश्रित प्रतिमानाटक में यत्र-तत्र इस विधि की उपयोगिता होगी ही। इस विधि के प्रयोग के लिए भरत ने घटी या पटी की कल्पना की है। यह एक प्रकार का आवरण होता है जिससे आवश्यकता के अनुरूप विविध प्राणियों का रूप रचकर अभिनेता रङ्गमञ्च पर नाट्यकथा की वास्तविकता का समायोजन कराता है। घटी या पटी की रचना के लिए आवश्यक सामग्री धान का भूसा, भस्म, वस्त्र और छाल आदि बतायी गयी है। इनसे आच्छादन तैयार करके मुख, आँख, नाक आदि के पास आवश्यक छिद्र करके इसका प्रयोग किया जा सकता है।

आधुनिक विकसित रङ्गमञ्च पर घटी या पटी के निर्माण में अन्य वस्तुओं का भी प्रयोग किया जा सकता है। 'प्रतिमानाटक' के षष्ठ अङ्क में सीता का अपहरण करके ले जाते हुए रावण और जटायु के युद्ध के दृश्य में जटायु का अभिनय कर रहे पात्र के लिए सञ्जीव नामक आहार्य अभिनय की ही उपयोगिता है।

इस प्रकार लोकधर्मी प्रवृत्तियों को स्वाभाविक एवं सहज रूप में रङ्गमञ्च पर नाट्यधर्मी के रूप में प्रस्तुत करने हेतु आहार्याभिनय नितान्त उपयोगी है। आहार्याभिनय के भरतोक्त सिद्धान्तों का संक्षिप्त विवेचन करके 'प्रतिमानाटक' में उनके प्रयोग का यह शोधात्मक परिशीलन एक दिग्दर्शन मात्र है। इन सिद्धान्तों के विस्तृत अध्ययन के पश्चात् उनके अधिकाधिक प्रयोग से नाटक को

कलात्मक रूप में प्रयोग किया जा सकता है तथा भास के कवित्व-सुरभि की मौलिकता को अक्षुण्ण रखते हुए उसे जन-जन तक पहुँचाया जा सकता है।

पाद टिप्पणी तथा सन्दर्भ

1. तौर्यत्रिकं नृत्यगीतवाद्यं नाट्यमिदं त्रयम्। अमरकोश, 1.7.10
2. नाट्यशास्त्र, 21.1।
3. नाट्यशास्त्र, 27.52 ।
4. अभिज्ञानशाकुन्तल, 7.पृ० 2 ।
5. शैलयानविमानानि चर्मवर्मध्वजा नगाः ।
   यानि क्रियन्ते नाट्ये हि स पुस्त इति संज्ञितः।। नाट्यशास्त्र, 21.9 ।
6. नाट्यशास्त्र, 21/11 ।
7. प्रतिमानाटक 1/पृ. 7 ।
8. प्रतिमानाटक 3/पृ. 85 ।
9. प्रतिमानाटक 3/पृ. 96 ।
10. प्रतिमानाटक 1/पृ. 39 ।
11. नाट्यशास्त्र, 21/10।
12. नाट्यशास्त्र, 21/13, 14, 15 ।
13. कर्णौ त्वरापहृतभूषणभुग्नपाशौ, संस्रंसिताभरणगौरतलौ च हस्तौ।
    एतानि चाभरणभारनतानि गात्रे, स्थानानि नैव समतामुपयान्ति तावत्।
    प्रतिमानाटक 1/पृ. 26 ।
14. प्रतिमानाटक 2/पृ. 59 ।
15. नाट्यशास्त्र, 21/47, 48, 49, 50 ।
16. प्रतिमानाटक 1/पृ. 17 ।
17. नाट्यशास्त्र, 21/86.99 ।
18. प्रतिमानाटक 5/पृ1. 160 ।
19. नाट्यशास्त्र, 21/123 ।
20. नाट्यशास्त्र, 21/131 ।
21. यः प्राणिनां प्रवेशो वै स सञ्जीव इति स्मृतः।
    चतुष्पदोऽथ द्विपदस्तथा चैवापदः स्मृतः।। नाट्यशास्त्र, 21.152 ।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. अमरकोश, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1997 ।
2. उपाध्याय, बलदेव, भासनाटकचक्रम्, प्रथम भाग, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1995 ।
3. उपाध्याय, बलदेव, भासनाटकचक्रम्, द्वितीय भाग, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 1973।
4. दे, सुशील कुमार, संस्कृत काव्यशास्त्र का इतिहास, बिहार हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, 1988।
5. दयाल, जय, नाट्यशास्त्र और अभिनयकला, अभिरुचि प्रकाशन, दिल्ली, 1998 ।
6. द्विवेदी, कपिलदेव, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, साहित्य संस्थान, इलाहाबाद, 1979 ।
7. द्विवेदी, पारसनाथ, नाट्यशास्त्रम्, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, 1992 ।
8. दीक्षित, सुरेन्द्र नाथ, भरत और भारतीय नाट्यकला, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, 1989 ।
9. नगेन्द्र, हिन्दी अभिनवभारती, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली, 1960।
10. नाट्यशास्त्रम्— पण्डित केदारनाथ, भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, 1983 । उद्धरण इसी ग्रन्थ से दिए गए हैं।
11. Vatsyayan, Kapila, Bharata the Nāṭyaśāstra, Sahitya Akademi, 1996.
12. Kane, P.V., *History of Sanskrit Poetics*, Motital Banarsidas, 1971.
13. राय, गङ्गासागर, प्रतिमानाटकम्, संस्कृत संस्थान, वाराणसी, 1993। उद्धरण इसी ग्रन्थ से दिए गए हैं।
14. शास्त्री, श्रीनिवास, दशरूपक, साहित्य भण्डार, मेरठ, 1986 ।

12

नाट्यशास्त्र के षष्ठ अध्याय के दो पाठभेद और उन पर विमर्श

रामम्मूर्ति त्रिपाठी

इस निबन्ध में केवल कारिकाओं से सम्बद्ध पाठभेद पर ही विचार सीमित किया जा रहा है। पाठभेद भी दो प्रकार के हैं— एक तो ऐसा है जिससे मान्यता पर कोई विशेष अन्तर नहीं पड़ता है। षष्ठ अध्याय का पहला ही श्लोक किन्हीं प्रतियों में अनुपलब्ध है-'पुर्वरङ्गविधिं श्रुत्वा · · · ', श्लोक की जगह केवल 'ऋषय ऊचुः'-इतना पाठ मिलता है। जहाँ यह श्लोक मिलता है उसमें भी पाठभेद है—

पूर्वरङ्गविधिं श्रुत्वा पुनराहुर्महर्षयः।
भरतं मुनयः सर्वे प्रश्नान् पञ्चभिधत्स्व नः।।

'भरतं मुनयः' की जगह 'मुनयो भरत' तथा 'प्रश्नान् पञ्चभिधत्स्व नः' की जगह 'पञ्चप्रश्नान् ब्रवीहि नः' ऐसा पाठ मिलते है। ऐसे पाठभेदों का भी अपना महत्त्व है। परन्तु कोई विशिष्ट मान्यता में अन्तर नहीं आता। अतः ऐसे पाठभेदों पर अपना ध्यान केन्द्रित न कर वैसे पाठभेदों विचार करना महत्त्वपूर्ण लगता है जिनसे मान्यताएँ बदल जाती हैं। तीसरी कारिका में 'एव' की जगह 'अपि' पाठान्तर प्राप्त होता है- इससे व्याख्या पर प्रभाव पड़ सकता है। 'भावाश्चैव कथं प्रोक्ताः' की जगह 'भावाश्चपि हि ये प्रोक्ता'- जैसे पाठभेद है। इसी प्रकार पञ्चम कारिका में 'कारिकां चैव' की जगह 'कारिकाश्चैव' और 'यथाक्रमम्' की जगह 'यथाविधि'-जैसे विभक्त्यन्तर और शब्दान्तर के पाठभेद मिलते हैं। ऐसे ही सामान्य पाठभेद और भी हैं।[1]

पन्द्रहवीं कारिका का पाठभेद महत्त्वपूर्ण है। यहाँ एक पाठ है–

''बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः''

पाठान्तर है –

''बीभत्साद्भूतशान्ताश्च नवनाट्यरसाः स्मृताः''

इधर नेपाल से प्राप्त पाण्डुलिपियों में विभिन्न पाठान्तर प्राप्त हुए हैं।

मुद्रण के अभाव, प्रतिलिपिकारों के प्रमाद तथा विभिन्न देशकाल में प्रवहमान मौखिक परम्परा के कारण नाट्यशास्त्रीय मूल कारिकाओं पर विभिन्न पाठान्तर मिलते हैं। उक्त कारिका को ही लें। आदर्श प्रति का पाठ—

हास्यशृङ्गारकरुणा वीररौद्रभयानकाः
बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव नाट्यरसाः स्मृताः ।।

(नेपाल पाण्डुलिपि)

(1)	हास्यश्रृङ्गारकरुणो	ने. 1–7, रे या, वी, प्रा पा वी
	शृङ्गारहास्यकरुणो	रे – 1
	शृङ्गारहास्यकरुणा	काव्यगा, प्रा, का, ममो
	शृङ्गारवीरकरुणा	रे पा आर वी
	शृङ्गारहास्यकरुणा	काव्य
(2)	वीररौद्रभयानकाः	ने. 1–7, रे, ग्रापा, जी, वी, गापा, ज, अ, म।
	रौद्रभयानकाः	रे पा, ए, आर ओ, काव्य, प्रा, गा, का, ममो।
	रौद्रहास्यभयानकाः	रे पा, आर वी।
(3)	बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव	ने. 1–7, ग्रापा, वी, रेपा, वी, गापा, ज।
	बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ	रे, गा, ग्रा, का, ममो।
	बीभत्साद्भुतसंज्ञौ च नाट्ये चाष्टौ	रे पा, आर, वी, आर ओ।
	बीभत्साद्भुतसंज्ञा चेत्यष्टौ	गा पा, द्र, अ, व, त, काव्य।

किं रसेभ्यो भावानामभिनिर्वृतिरुताहो भावेभ्यो रसानामिति। केषाञ्चिन्मते तु परस्परसम्बन्धादेषामभिनिर्वृतिरिति। तन्न, कस्मात्? दृश्यते हि भावेभ्यो रसानामभिनिर्वृतिः। न रसेभ्यो भावानाम्।

अभिनिर्वृतिरित्यनन्तरं काव्य, कापा, क, ख, ग्रापा, वी मातृकायां 'दृश्यते हि भावेभ्यो रसानामभिनिर्वृतिर्न रसेभ्यो भावानाम् दृश्यते। परस्परसम्बद्धा रसानामभिनिर्वृतिरिति— ने. 1-7 रेपा, वी, ग्रापा, वी, परस्परसम्बद्धा-देषामभिनिर्वृतिरित-रे, काव्य, ग्रा, गा, का, ममो।

1. कालिदास के 'विक्रमोर्वशीय' में (2-2-18) निम्नलिखित श्लोक से यह स्पष्ट है कि उनके समय तक नाट्य में आठ रस वाली परम्परा ही प्रचलित थी—
   मुनिना भरतेन यः प्रयोगो भवतीष्वष्टरसाश्रयः प्रयुक्तः।
   ललिताभिनयं तमद्य भर्ता मरुतां द्रष्टुमनाः सलोकपालः।।
2. चौखम्भा संस्करण का उपक्रम और उपसंहार भी नाट्य में रस की चर्चा का विरोधी है।
3. काव्यादर्श (2-1-292) में भी कहा गया है
   इह त्वष्टरसायत्ता रसवत्ता स्मृता गिराम्।

इसके आधार पर (प्रो. काणे के अनुसार) माना जाता है कि सातवीं शती में भी रसों की संख्या आठ ही स्वीकार की जाती थी। अभिनवगुप्त का पक्ष है कि कुछ लोग नौ रस मानते हैं, परन्तु उन्होंने कई प्राचीन पाण्डुलिपियों में शान्त रस और उसके स्थायी भाव 'शम' का उल्लेख प्राप्त किया है—
फलतः कहा है—

ये पुनर्नवरसा इति पठन्ति तन्मते शान्तस्वरूपमभिधीयते।[2]

और आगे भी कहा है—

''तस्मादस्ति शान्तो रसः। तथा च चिरन्तनपुस्तकेषु स्थायिभावान् रसत्वमुपनेष्यामः''। इत्यनन्तरं ''शान्तो नाम शमस्थायिभावात्मकः'' इत्यादि शान्तलक्षणं पठ्यते।''[3]

रेन के संस्करण के छठे अध्याय में ''त्वष्टौ नाट्ये रसाः'' ही माना गया है।

इससे स्पष्ट है कि कालिदास के समय तक शान्त रस को स्वीकृति नहीं मिली थी (समय 400-450 ई०) परन्तु अभिनवगुप्त को बहुत पहले ही इसकी स्वीकृति मिल चुकी थी (1000 ई० से पहले)। फलतः अभिनवगुप्त मानते हैं कि नाट्यशास्त्र की पाण्डुलिपियों में दो परम्पराएँ चल रही थीं। उद्भट ने अपने 'काव्यालंकारसारसङ्ग्रह' में (4-45) नव रस की बात कही है -

शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव नाट्ये रसाः स्मृताः।। 4.45

भावप्रकाशन[4] ने कहा है कि शान्त रस को जोड़ने का श्रेय वासुकि को है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि यह पाठभेद 400–750 ई0 के बीच बना होगा। इधर के प्रयत्नों में नेपाल से जो सात या उससे दो- एक अधिक पाण्डुलिपियाँ मिली हैं, उनमें भी 'नव नाट्यरसाः स्मृताः'-जैसे वाक्य उपलब्ध हैं। इनका समय 12–15 वीं शताब्दी के बीच का है।

दशरूपककार भी नाट्य में आठ रस के ही पक्षधर हैं। मम्मट ने काव्य में नव रस की पक्षधरता की है। उन्होंने कहा है-

निर्वेदस्थायिभावोऽस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः। 4.44

अभिनव ने निर्वेद का विश्लेषण करते हुए उसे आनन्दवर्द्धनोक्त 'समस्त-तृष्णाक्षयसुखात्मा' शम में पर्यवसित कर अन्ततः आत्मा को ही स्थायी स्वीकार किया है। आनन्दवर्द्धन शान्त के पक्षधर हैं। पण्डितराज नव स्थायी भावों का उल्लेख करके समर्थन में मुनि-वचन को प्रमाण मानते हैं। इन्होंने तो उसकी स्थिति नाट्य में भी सोपपत्ति मानी है। 'सङ्गीतरत्नाकर' के चरमाध्याय में भी शान्त की नाट्य में स्थिति बताई है। इसकी पाण्डुलिपियाँ बारहवीं से पन्द्रहवीं शती के मध्य पुष्पिकाओं के साक्ष्य पर उपलब्ध है। विवेक समाधश्त पाठ-सम्पादन के पक्षधर आचार्य विश्वेश्वर ने भी 'नवनाट्यरसाः' का ही पक्ष ग्रहण किया है। चौखम्बा संस्करण में षष्ठ अध्याय को समाप्त करते हुए कहा गया है—

एवमेते रसा ज्ञेयास्त्वष्टौ लक्षणलक्षिताः।

यहीं आचार्य विश्वेश्वर ने जिस पाठ को समादृत माना है, वह है—

एवमेते रसा ज्ञेया नव लक्षणलक्षिताः। 6.132 (83)

चौखम्बा संस्करण में 82–83 के बीच ऐसी छह कारिकाएँ नहीं हैं जो 'नव नाट्यरसाः' वाले अपनी प्रति में स्वीकार करते हैं, परन्तु 'अष्टौ' वाली परम्परा अस्वीकार करती है।

विचारकों के समक्ष यह समस्या है कि किस परम्परा को स्वीकार किया जाए? जहाँ तक पाठ सम्पादन विज्ञान के नियमों का सम्बन्ध है— प्राप्त पाण्डुलिपियों की अधिकांश प्रतियों में 'नव नाट्यरसाः' वाला पाठ ही उपलब्ध है। श्री रामकृष्ण कवि ने जिन चालीस पाण्डुलिपियों के आधार पर (1926, 1980) सम्पूर्ण नाट्यशास्त्र तथा अभिनवभारती सहित केवल सात अध्यायों का प्रथम खण्ड सम्पादित और प्रकाशित किया और उनको उत्तर परम्परा और दक्षिण परम्परा के नाम से द्विधा विभाजित किया गया है। 1956 ई० में श्री रामस्वामी शास्त्री ने दस और पाण्डुलिपियों का उपयोग कर पाठभेद की परम्परा समृद्ध की।

नेपाल से संप्रति सात पाण्डुलिपियाँ और प्राप्त हो गई हैं। शान्त रस के विरोधियों द्वारा जितने भी तर्क दिए गए हैं, अभिनव और पण्डितराज आदि ने उन सबका खण्डन किया है। अतः शान्त को रस न मानने का कोई कारण नहीं है। तब यही कल्पना करनी पड़ती है कि परम्परा में दोनों तरह के पाठ उपलब्ध रहे हैं और संग्रहकार भरत ने दोनों परम्पराओं का उपयोग किया है। 'अष्टौ नाट्ये' कहने का आशय यह है कि काव्य में 'शान्त' उन्हें भी अभीष्ट है। मम्मट का भी यही पक्ष है। पण्डितराज प्रभृति तो नाट्य में भी 'नव' के पक्षधर हैं। अभिनव जिस परम्परा का उल्लेख करते हैं उसमें तो नव नाट्यरसाः' है ही। अर्थात् यह परम्परा नाट्य में नव रसों की बात मानती है। परस्पर भिन्न परम्पराओं का उल्लेख भरत अन्यत्र भी करते हैं। एक तरफ वही भरत जहाँ पञ्चाग का उल्लेख करते हैं वहीं कोहल सम्मत एकादश अङ्गों की भी चर्चा करते हैं। पाश्चात्य और पौरस्त्य शास्त्रविद् तो इसे संग्रह ग्रन्थ ही कहते हैं। इसीलिए दो प्रर्वतकों से इनको सम्बन्ध भी तोड़ दिए गए हैं। नाट्यशास्त्र के षष्ठ अध्याय में एक श्लोक है –

एते ह्यष्टौ रसाः प्रोक्ता द्रुहिणेन महात्मना।
पुनश्च भावान् वक्ष्यामि स्थायि-सञ्चरि-सत्त्वजान्।।

शारदातनय ने अपने 'भावप्रकाशन' में दूसरी शान्तवाली परम्परा के प्रवर्तक के रूप में वासुकि का नाम लिया है। आचार्य विश्वेश्वर ने द्रुहिण-गर्भश्लोक को इसलिए प्रक्षिप्त माना है कि उस पर अभिनवगुप्त की टीका नहीं है।

'रतिर्हासश्च' का पाठान्तर 'हासो रतिश्च', 'विस्मयश्चेति' का 'विस्मयश्चैव,' 'निर्वेदग्लानिशङ्काख्याः का 'निर्वेदोऽथ तथा ग्लानिशङ्कासूया' इत्यादि पाठान्तर मिलते हैं-पर 'हर्षादींश्चाधि-गच्छन्ति' का पाठान्तर जब 'हर्षांश्चाधिगच्छन्ति' मिलता है तब मान्यता ही बदल जाती है। अभिनव भारतीकार ने 'हर्षादींश्च' पाठ पर कहा है—'अन्ये त्वादिशब्देन शोकादीनामत्र सङ्ग्रहः। स च न युक्तः। सामाजिकानां हर्षैकफलं नाट्यं न शोकादिफलम्, तथात्वे निमित्ताभावात् तत्परिहारप्रसङ्गाच्चेति मन्यमानाः हर्षांश्चाधिगच्छन्ति इति पठन्ति।'[5]

परम्परा में रसानुभूति के स्वरूप पर दो विभिन्न पक्ष मिलते हैं— आनन्दवादी और सुखदुःखवादी। पहला पक्ष अभिव्यक्तिवादी का है और दूसरा उपचयवादी का। एक मानता है— रसस्वरूप को 'स्थायिविलक्षण एव रसः' जब कि दूसरा कहता है—'स्थायी रसः'। उपचयवादियों की परम्परा में जो रस को सुखदुःखवादी मानते हैं, अन्दाज से इन्हें गिना जा सकता है—

(1) दण्डी, वामन, लोल्लट, शंकुक, सांख्यवादी, भोज तथा रामचन्द्र।

(2) आनन्दवादी या अभिव्यक्तिवादियों में ध्वनिकार आनन्दवर्द्धन, भट्टतौत, भट्टनायक, अभिनवगुप्त, मम्मट, हेमचन्द्र, विश्वनाथ, प्रभाकर, मधुसूदन सरस्वती तथा जगन्नाथ आदि।

स्वामी सुरजनदास देशपाण्डे की कसौटी (स्थायी को रस मानने वाले रस को सुखदुःखात्मक और स्थायी विलक्षणको मानने वाले आनन्दवादी) को अमान्य घोषित करते हैं। उनका पक्ष है कि जो काव्य या नाट्य रस को 'सुखदुःखोभयात्मा' मानते हैं— वे अपना पक्ष शब्दशः रख देते हैं और ये केवल तीन आचार्य हैं— अभिनवभारती में प्रस्तुत सांख्यवादी आचार्य, भोजराज और रामचन्द्र— गुणचन्द्र।

(1) सांख्यवादियों का मत— सांख्यदृशा सुखदुःखस्वभावो रसः[6]

(2) रसाः सुखदुःखावस्थारूपाः[7]

(3) स्थायीभावः श्रितोत्कर्षविभावव्यभिचारिभिः। स्पष्टानुभावनिश्चेयः सुखदुःखात्मको रसः[8]।।

सुरजनदास का यह कहना तो संगत है कि जिनको काव्य या नाट्य रस सुखदुःखोभयात्मक स्वीकार्य है, उन्होंने अपना पक्ष स्पष्ट रूप से शब्दशः कह दिया है; पर स्वयं अभिनवगुप्त मानते हैं कि दण्डी आदि भट्टलोल्लट की तरह अनुकार्यगत ही रस की स्थिति मानते हैं। कारण, वहाँ के पात्र असाधारण व्यक्ति रूप ही है-अतः लौकिक अनुकार्य रूप ही ठहरते हैं। अभिनव कहते हैं— ''चिरन्तनानां चायमेव पक्षः,'' उन्होंने दण्डी को उद्धृत भी किया है। इस सुचिन्तित पक्ष के आलोक में भट्टलोल्लट की तरह ये लोग भी रस की मुख्य रूप से स्थिति अनुकार्यगत ही मानते हैं तब उसका स्वरूप सुखदुःखोभयात्मक ही होगा। यह बात अलग है कि स्थायी को रस मानने वाले कई आचार्य हैं जो उसे आनन्दरूप मानते हैं। भावप्रकाशनकार शारदातनय को ही लें, उन्होंने कहा है—

विभावैरनुभावैश्च सात्त्विकैर्व्यभिचारिभिः।
आनीयमानः स्वादुत्वं स्थायी भावः रसः स्मृतः।।[9]

दशरूपककार ने भी 'स्थायी' को आनन्दात्मक ही माना है।

इन सब उद्धरणों के साक्ष्य पर यह स्पष्ट है कि देशपाण्डे की उपर्युक्त कसौटी ठीक नहीं, वह व्यभिचारी होने से अग्राह्य है, पर सुरजनदास जी का यह पक्ष भी विचारणीय है कि चिरन्तन आचार्य दण्डी आदि, जिन्हें अभिनव भट्टलोल्लट की भाँति रस की स्थिति अनुकार्यगत ही मानने वाला बताते हैं— की रसविषयक मान्यता आनन्दवादी है— विचारणीय है। विचारणीय इस लिए भी है कि जो लोग रस की स्थिति अनुकार्यगत मानते हैं, उनकी व्याख्या या उनका सम्बन्ध नाट्य

से किस प्रकार स्थापित है। प्रकृत में विचार काव्य या नाट्य से सम्बद्ध आस्वाद की प्रकृति से है। मनीषियों ने यह भी माना है कि अनुकार्य— या अनुकर्तागत रस मानने वालों की दृष्टि से सामाजिक या प्रेक्षक बाह्य ही हैं, उसके घटक नहीं हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें आनन्दवादी कहना किसी भी दृष्टि से संगत प्रतीत नहीं होता।

निष्कर्ष यह है कि दोनों मान्यताएँ अभी और विचार की अपेक्षा रखती हैं। अनुकार्यगत रस मानने वालों के साथ एक सवाल यह भी जुडा हुआ है कि अनुकार्य की स्थिति कहाँ है— लोक में या रचयिता की कल्पना में? इसी लिए अनुकरण का भी आशय अन्यथा लगाया गया है। नाटक के नायक का तो अनुकरण जैसे-तैसे कहा भी जा सकता है, प्रकरण के कल्पित नायक के विषय में क्या कहा जाएगा? दशरूपककार तो स्पष्ट कहता है कि कवि ऋषि नहीं है जो अनुकरणीय रामादि की अवस्थाओं का प्रातिभ-प्रत्यक्ष कर इतिहास की तरह उनकी व्यक्तिगत अवस्थाओं का उपनिबन्ध कर सकता है, इसके विपरीत अपनी कल्पना में स्थित पात्र में अपनी सर्जनात्मक अनुभूति उडेल देता है और तदनुरूप विभावादि सामग्री को शब्दबद्ध कर देता है। फिर अनुकर्ता या अभिनेता भी किसका अनुकरण करता है? लोकगत पात्र सामने है नहीं, और हो भी तो समाहितमनस्क रचयिता को उससे क्या लेना-देना? रचयिता की कल्पना में स्थित अनुकार्य से भी उसका क्या सरोकार? लोक में रहने वाला अनुकार्य भी तत्काल— अभिनय-काल में विद्यमान कहाँ है?

विद्वानों का मत है कि यह अनुकार्य अनुकारक के माध्यम से सहृदय के अन्तःकरण में उत्कीर्ण अनुकार्य है। भट्टलोल्लट का सिद्धान्त इसी पर प्रतिष्ठित है। बात यह है कि शब्द-बोध का सम्पूर्ण संसार बुद्धिस्थ या चित्तस्थ अर्थ को लेकर बनता है और नाट्य में अभिनेय तत्त्व भी चित्त में उपस्थित रहता है। सामाजिक के चित्त में अनुकार्य न हो तो उसमें उत्पन्न रस का आस्वाद कैसे होगा? तद्रूपतानुसंधान-कैसे बनेगा? अनुकार्यता ही अलौकिकता है। लौकिक दुष्यन्त में उत्पन्न रति को शृङ्गार रस नहीं कहा जाएगा, प्रत्युत वही जब अनुकार्य होकर नाट्य या काव्य में प्रस्तुत होता है या किया जाता है तभी सामाजिक के चित्त में वह उपस्थित होता है और उसमें उत्पन्न स्थायी रसरूप से निष्पत्ति लेता है। रसिक के आस्वाद का रहस्य ही यह है कि वह अनुकार्य आन्तरिक बन जाता है। अनुकारक पर उसका आरोप किए बिना विभावादि को आत्मसात् नहीं किया जा सकता, परन्तु नट द्वारा उपस्थापित रससामग्री को स्वायत्त कर अन्तःस्थित अनुकार्य के स्थायी भाव का सहृदय द्वारा रस रूप से आस्वाद सुकर एवं सुबोध है।

यह मीमांसा-दर्शन ही है जिसके अनुसार आत्मा परिणामी है जिसमें ज्ञान, इच्छा एवं कृति आदि विकास प्रवहमाण रहते हैं। इससे सहृदय के आत्मगत अनुकार्य-तथा अनुकार्यगत स्थायी भाव की व्याख्या सरल हो जाती है। इस प्रकार अनुकार्य की स्थिति सामाजिक के अन्तःकरण में विद्यमान है।

सन्दर्भ तथा टिप्पणी

1. बड़ौदा से 40 + 10 पाण्डुलिपियों के आधार पर पाठभेद का प्रामाणिक पाठभेद हो चुका हैं। इधर नेपाल से भी 8-9 पाण्डुलिपियाँ मिली हैं। लोगों ने उनका भी उपयोग किया है। डॉ० रेवाप्रसाद द्विवेदी ने भी पर्याप्त काम किया है। शिमला शोध संस्थान से उसका भी वृहत्काय प्रकाशन हो चुका है। डॉ० प्रेमलता शर्मा ने भी नृत्य-गान वाले अध्यायों का पाठभेद प्रकाशित किया है।
2. गायकवाड़ ओरिएण्टल सिरीज, प्रथम खण्ड, पृष्ठ 333.
3. तत्रैव, पृष्ठ 340
4. गायकवाड़ ओरिएण्टल सिरीज, एडिटेड, पृष्ठ 46-48
5. रामकृष्ण कवि द्वारा सम्पादित 'नाट्यशास्त्र', 1956, पृष्ठ 289।
6. सांख्यवादी अभिनवभारती, पृष्ठ 276।
7. भोज, शृङ्गारप्रकाश, भाग 2, पृ. 369।
8. ना०द०, तृ०वि०का० 109।
9. भावप्रकाश, अध्याय 2।

13

उत्तररामचरित में शम्बूक-वध के मिथक का पुनर्निर्माण

वसन्तकुमार म. भट्ट

1.0 प्राचनीतम धार्मिक मान्यताओं को व्यक्त करनेवाली अतिमानवीय कथाओं को 'पुराकथा या पुराकल्पन' (अर्थात् Myth) 'मिथक कहते हैं कर्मफल के सिद्धान्त को विशद करने के लिए भी कदाचित् 'मिथक' का निर्माण किया जाता है। ऐसे मिथक प्रथम दृष्टि में तो नितान्त अवैज्ञानिक (या अर्धवैज्ञानिक) जैसे ही प्रतीत होते हैं, परन्तु ऐसे मिथकों के पीछे कोई संस्कृतिविशेष के लोगों की एक तिर्यक् दार्शनिक दृष्टि भी कार्यरत होती है। क्रान्तद्रष्टा कवि जब कोई काव्य का प्रणयन करते हैं तब वे प्रायः ऐतिहासिक ख्यात-इतिवृत्त का ही आश्रय लेते है, या तो कदाचित् अपूर्व-कल्पना-मण्डित कथावस्तु लेकर सामने आते हैं। परन्तु जब ऐतिहासिक कथावस्तु का आश्रय करके उसमें मूलतः उपनिबद्ध कोई मिथकीय तत्त्व का, अपनी निजी कविदृष्टि से, कोई अपूर्ण अर्थघटन करके दिखलाते हैं तब वे मर्त्य कवि-व्यक्तित्व से ऊपर उठकर अमर महाकवि बन जाते हैं। ख्यात-इतिवृत्त का आश्रय करनेवाले कवि से हम जो ''कवि-न्याय'' की उमीद रखते हैं उसमें भी मिथकीय अर्थघटन का समावेश किया जा सकता है।

2.0 भवभूमि की कविदृष्टि में राम के उत्तरजीवन में एक नहीं, दो घटनायें प्रमुख हैं—

1. लोकापवाद से राम के द्वारा सीता का त्याग, एवं 2. अकालमृत्यु को प्राप्त हुए किसी ब्राह्मण के बालकपुत्र को पुनरुज्जीवित करने के लिए राम के द्वारा

शूद्र तापस-'शम्बूक'-का वध। इन दोनों घटनाओं को लेकर भवभूति ने 'उत्तररामचरित' की रचना की है। यहाँ पर (सीता-त्याग का) प्रथम घटनाचक्र तो पूरा ऐतिहासिक है, परन्तु जो दूसरी (शूद्रतापस के वध द्वारा मृतपुत्र को पुनरुज्जीवित करने की) घटना है, वह एक अवैज्ञानिक मिथक ही है। क्योंकि किसी शूद्र के तप करने से कोई ब्राह्मणपुत्र का अकाल मृत्यु हो जाए, या एक शूद्रतापस का वध करने से वह बालक पुनरुज्जीवित हो जाए— यह दोनों बातें (मान्यतायें) आज के विज्ञानप्रधान युग में ग्राह्य नहीं हो सकती हैं। परन्तु महाकवि भवभूति ने सीतात्याग की ऐतिहासिक घटना को प्रथम अङ्क में रखा है, और शम्बूकबध की मिथकीय घटना दूसरे अङ्क में रखा है। तत्पश्चात् आगे के (3 एवं 4-6) अङ्कों में इन दोनों घटनाओं के परिणाम क्रमाशः दिखलाए गए हैं। जैसे कि-सीतात्याग की (प्रथमाङ्क की) घटना का परिणाम तृतीय अङ्क में साकार होता है। यहाँ पर सीता के निरवधि विरह एवं तज्जन्य शोक से करुणरसमण्डित नाट्यसृष्टि प्रस्तुत की जाती है। तत्पश्चात् दूसरे अंक में घटी शम्बूकवध की घटना के परिणाम स्वरूप ''मृतपुत्रों के पुनर्जीवित होने'' का घटनाचक्र 4-5-6 अंकों में आकारित किया गया है। अर्थात् शूद्रतापस शम्बूक का वण करने से यदि मृत ब्राह्मणपुत्र पुनर्जीवित हो सकता है तो यही मिथकीय सत्य राम के व्यक्तिगत जीवन में भी कैसे शनैः शनैः मूर्तिमन्त होता है; यह 4-5-6 अङ्कों में दिखलाया जाता है। शम्बूकवध के बाद उसी दिन राम अपनी वापसी यात्रा में ही माता सहित दो पुत्रों को लेकर ही अयोध्या वापस लौटते हैं— यह नाट्यगत सत्य है। सीतात्याग के साथ ही जो गर्भस्थ संतानों का प्रवस भी संशयग्रस्त हो गया था, वह दोनों (कुश एवं लव) नाटक के उत्तरार्ध में (अङ्क 4 से 7) फिर से अपने मातापिता को मिलते हैं। इस तरह भवभूति ने 'उत्तररामचरित' नामक नाटक की जो रचना की है, वह करुणरसप्रधान होते हुए भी करुणान्त नहीं है। उन्होंने बल्कि स्वाभाविकरूप से ही शम्बूकवध रूपी कर्मका परिपाक दिखलानेवाली और सुखान्त में परिणत होनेवाली एक अनुपम नाट्यसृष्टि हमारे सामने रखी गई है।

3.0 वाल्मीकीय रामायण के उत्तरकाण्ड में जो शम्बूकवध की पुराकथा (Myth) प्रस्तुत हुई है, अन्तस्तल में जाकर भवभूति ने राम के उत्तरचरित को बारिकी से देखा है। दूसरे शब्दों में कहें तो— भवभूति ने शम्बूकवध के फलितार्थ के रूप में राम के उत्तरजीवन को परिणत होता हुआ निरूपित किया है। अब हम यह देखेंगे कि शम्बूकवध के साथ सम्बद्ध घटनाचक्र को चार भाग में विभक्त करके भवभूति ने उसका एक तरह से रूपकात्मक अर्थघटन करके, उसे किस

तरह 'रूपक' में रूप में प्रस्तुत किया है।

3.1 शम्बूक की मिथक में कहा गया है कि शूद्र व्यक्ति को तप में अधिकार नहीं है। किन्तु प्रश्न होता है कि— यहाँ कौन से शूद्र की बात है? अर्थात् यहाँ शूद्र कौन है? विचार करने से ऐसा प्रतीत होता है कि राम के उत्तरजीवन में प्रजाजन ने ही शूद्र के रूप में एक अनधिकृत दुष्कर्म किया है। जैसा कि अयोध्यावासी प्रजा ने किसी के व्यक्तिगत जीवन में झाँख कर जो निन्दित कर्म शुरू किया (सीताविषयक अपवाद प्रजारित किया), वही शूद्रत्व था। परगृहवास करनेवाली स्त्री को, राजा को अपने घर में नहीं रखना चाहिए, सीता के गर्भ में किस के पुत्र पल रहे होंगे?— इत्यादि दुर्वचन बोलकर प्रजा ने राजकर्तव्य में जो अनधिकृत हिस्सा लिया— वह था ''शूद्र का तप में अनधिकार''। ऐसे शूद्रत्व का तो वध ही करना चाहिए। अन्यथा किसी द्विज का शिशु अवश्य ही अकाल मृत्यु को प्राप्त होगा। जो इए नाटक में भी हुआ है। जैसा कि— राम ने अपनी प्रजा को सीताविषयक गलत निंदा प्रसारित करते हुए नहीं रोकी, नहीं टोकी। तो उसके परिणाम स्वरूप, इनकी दोनों संतानों का प्रसव ही आशंकाग्रस्त हो गया। सीतात्याग के कारण राम की पैदा होनेवाली संतान, प्रसव होने से पहले ही, गर्भवस्था में ही मर जाए, ऐसी दारुण दशा का निर्माण होता है।

3.2 अनधिकृत रूप से तप कर रहे शूद्र का राम ने वध कर दिया— इस मिथकीय घटनाक्रम के द्वितीय सोपन को, कवि ने नाटक में कैसे साकार होता हुआ दिखलाया है? वह देखा जास तो, तीन बातें ध्यान देने योग्य होती हैं। जैसी कि-राम प्रजानुरञ्जन के लिए सीता का त्याग कर दिया: और द्वादश वर्ष पर्यन्त मूक बन कर, राजकार्य में सदैव सन्नद्ध रहे। राजकर्तव्य का पालन करते समय वे कभी भी सीता के लिए प्रकाश्य रूप में, या एकान्त में, क्षण भरके लिए भी विलाप नहीं करते हैं। किन्तु जब अश्वमेध-याग करने का प्रसङ्ग आता है तब राम ने धर्मकार्यार्थ भी दूसरा विवाह नहीं किया; और सीता की ही हिरण्मयी प्रतिकृति बनवा कर अपनी 'वामाङ्गी' के रूप में सीता को ही (प्रकाश्य रूप में) पुनः प्रतिष्ठित करके, राम ने एक तरह से शूद्रत्व को प्राप्त हुई प्रजा के गाल पर थप्पड ही मार दी है। दूसरे विवाह के लिए राम को असम्मति रूप निर्णय से, राम ने स्पष्ट रूप से यह सूचित कर दिया कि उनकी दृष्टि में तो सीता पवित्र ही है; और राम ने अपने हृदय से तो सीताजी का त्याग किया ही नहीं है। इस तरह से, राम ने जो हिरण्मयी सीता की प्रतिकृति की स्थापना की थी, वह सीताविषयक प्रजा की मान्यता का सीधा वध ही था।

राजा के व्यक्तिगत जीवन में झांखने की चेष्टा एक तरह से प्रजा की शूद्रता ही थी। हमें किसी के व्यक्तिगत जीवन के बारे में प्रकाश्य में बोलने की, निंदा करने की अनधिकृत चेष्टा नहीं करनी चाहिए। ऐसी शूद्रता सदैव वध्य होती है। राजा राम ने ऐसी शूद्रता का वध सीता की हिरण्मयी प्रतिकृति के द्वारा सूक्ष्म रूप में किया है।

3.3 शम्बूकवध के प्रसङ्ग में (तृतीयचरण में), राम के खड्गप्रहार के बाद शूद्र शम्बूक का दिव्य पुरुष के रूप में रूपान्तरण होता है। अब वह "अन्वेष्टव्यो यदसि भुवने भूतनाथः शरणः · · · · ।" इत्यादि बोलता हुआ राम को प्रणाम करता हुआ, उनके सामने नतमस्तक खडा रहता है। वैसे, वही ढंग से, सप्तम अङ्क में गर्भाङ्क पूर्ण होने के बाद, अरुन्धती नगरजनों को पूछती है कि वैश्वानर अग्नि ने जिसके पुण्यशाली चारित्र्य का निर्णय किया है, और देवों ने जिसकी संस्तुति की है, तथा जो देवयजनभूमि से प्रादुर्भूत हुई है, ऐसी इस सीतादेवी का स्वीकार किया जाए या नहीं? इस विषय में आप सब की क्या राय है? तब लक्ष्मण कहता है कि अरुन्धती के द्वारा उलाहना दिए गए यह पौरजानपद और सकल भूतसमूह आर्या सीता के सामने नतमस्तक खड़े हैं; और सीता देवी को प्रमाण कर रहा है। एक तरह से सीता देवी से क्षमा याचना कर रहे हैं।

इस तरह से, अयोध्यावासीओं की सीता-विषयक मान्यता बदली गई; उनमें से शूद्रता चली गई। अयोध्या की प्रजा का यह ऊर्ध्वीकरण था। शूद्रत्व का वध ा होने पर प्रजामानस का यह दिव्यरूपान्तरण ही था। जिस तरह से अनधिकृत तप को रोकने के लिए राम ने शम्बूक का वध किया और शम्बूक का दिव्य पुरूष के रूप में जो परिवर्तन हुआ था, बस वैसे ही, यहाँ पर-नाटक के अन्त में सीताविषयक लोकापवाद प्रसारित करने वाले प्रजामानस का लज्जित होकर, अन्त में दिव्यता मे परिणमन किया गया है।।

3.4 शम्बूकवध की मिथक में, राम ने किसी द्विज के मृत शिशु को पुनरुज्जीवित करने के लिए (*जीवातवे*) शम्बूक का वध किया; उसके परिणाम स्वरूप मृतशिशु पुनर्जीवन प्राप्त करता भी है। तो इस 'उत्तररामचरित' नाटक में भी, प्रजामानस में परिवर्तन आने से जो कुश-लव 'वाल्मीकि के अन्तेवासी' के रूप मे पहले प्रसिद्ध हुए थे, वही बाद में राम-सीता के संतान के रूप में नया सही अभिज्ञान प्राप्त करते हैं दूसरे शब्दों में कहें तो कुश-लव "द्विजत्व" को प्राप्त करते हैं।

करुणामय बनकर राम ने यदि किसी द्विज के मृतशिशु को पुनर्जीवित करने

के लिए शम्बूक वध रूप कठोर पुण्यकर्म किया हो तो, राम के पुत्र, जो सीता के गर्भ में ही थे— और जन्म प्राप्त करने से पहेले ही अन्धेरे में तिरोहित हो गए थे— वह भी पुनः प्रादुर्भूत होने ही चाहिए। ऐसी कर्मफल के सिद्धान्त की अपेक्षा है (या कवि-न्याय की अपेक्षा है)— भवभूति ने इस प्रकार पूर्ण की है।

4.0 नाटक के आरम्भ में कुलगुरु वसिष्ठ ने जो संदेश भेजा है, उसमें कहा गया है कि—

जामातृयज्ञेन वयं निरुद्धास्त्वं बाल एवासि नवं च राज्यम्।
युक्तः प्रजानामनुरञ्जने स्यास्तस्माद्यशो यत्परमं धनं वः।।

(1.11)

राम नए राजा हैं और प्रजारञ्जन रूप कर्तव्यपालन से जो यश अर्जित किया जाए वही उसके लिए परम धन होगा।

वसिष्ठ की ऐसी आज्ञा से प्रेरित होकर राम ने प्रजाराधन का एक (सीतात्याग रूप) ही कार्य नहीं किया था, परन्तु दो कार्य किए हैं। राम के उत्तर जीवन में सीतात्याग के साथ साथ शम्बूक-वध प्रसङ्ग भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण घटना है— ऐसा भवभूति का उपक्रम है। यदि यह दूसरी घटना का सही मायने में मूल्याङ्कन न किया जाए तो वह नाट्विवेचन के लिए शोभास्पद बात नहीं होगी। क्योंकि नाटक जैसी समय की पाबन्दी स्वीकार ने वाली कला का जब कोई कवि अपने कथयित्य को मूर्तिमन्त करने के लिए अवलम्बन लेता है तब, वह कुछ भी अनावश्यक चीज अपने नाटक में नहीं रख सकता है; और यह बात एक सिद्धान्त के रूप में सभी विवेचकों ने मानी है। तथापि दुर्भाग्य से शम्बूकवध प्रसङ्ग को अद्यावधि गंभीरता से नहीं देखा गया है। एवमेव, इसी प्रसङ्ग के सन्दर्भ में उत्तररामचरित के संविधान की कपितय क्षतियाँ भी उङ्खवित की गई हैं। जैसा कि— डॉ० एस०के० बेलवालकरजी और डॉ० जी०के० भट ने कहा है कि— 1. शम्बूकवध प्रसंग के लिए एक पूरे स्वतन्त्र अंक की आवश्यकता नहीं थी, इस को विष्यकम्भक में सूचित किया जा सकता था। 2. दो कुमारों के अभिज्ञान के लिए चतुर्थ, पंचम और षष्ठ अंक की भी आवश्यकता नहीं थी। उत्तररामचरित के 2, 4, 5 एवं 6 अंकों की आवश्यकता को नहीं समझने के कारण, सभी विद्वान् भावकों ने मिलकर भवभूति के प्रति बड़ा अन्याय किया है। क्योंकि राम को अपने उत्तर जीवन में सीतात्याग का जो कठोर निर्णय लेना पडा, वह यदि राजकर्म है, तो उनके द्वारा किया गया शम्बूकवध भी दूसरे एक राजकर्म का ही अंश था। सीता भी जब सुनती है कि— "आज राम शम्बूकवध के लिए पञ्चवटी

में आए हुए हैं'' तब तुरंत वह बोलती है कि— ''दिष्ट्या अपरिहीन-राजधर्मः खलु स राजा।'' (3-8 के ऊपर)। इस तरह सीता ने 'शम्बूकवध' के कर्म को राम के एक राजकर्म के रूप में ही देखा है, और उसके लिए राम का अभिनन्दन भी किया है।

इसी तरह से, चतुर्थ अंक के आरम्भ में भी सौधातकि ने वसिष्ठ पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि— ''इसने आते ही बछडेवाली कपिला गाय मडमडायिता'' (उदरस्थ) करली है,-इसका मतलब भी यही हो सकता है कि सीता-त्याग के लिए यही कुलगुरु जिम्मेदार है। (चतुर्थांक का विष्कम्भक हास्यपूर्ण है, तथा रसान्तर के लिए प्रयुक्त है— ऐसा माना जाता है, परन्तु वह भी व्यञ्जनापूर्ण है। कपिला गाय से सीता की मोत ही व्यंजित की जा रही है।)

इस तरह राम के उत्तर जीवन में एक नहीं, दो घटनाओं को केन्द्र में रखकर नाटक का मूल्याङ्कन करना चाहिए। जिस तरह से सीतात्याग और तज्जन्य विरह, या शोक— यह नाटक का एक विषय बना है; उसी तरह से शम्बूकवध रूप राजकर्म और जज्जन्य पुण्य के बल पर राम को माता सहित पुत्रों की प्राप्ति होती है (और नाटक सुखान्त में परिणत होता है)— यह भी इस नाटक का विषय मानना चाहिए। हमारे नाट्यकवि भवभूति उत्तररामचरित के सतों अंकों में जो प्रदर्शित कर हरे हैं उसका प्रयोजन ढूँढना ही चाहिए।

4.1 शम्बूकवध की मिथक का जो मार्मिक बिन्दु है, वह है— मृतशिशु का पुनर्जीवन। अतः अब हमें यह देखना होगा कि क्या यह विषय 'उत्तररामचरित' के सातों अङ्कों में साद्यन्त-सुव्याप्त है या नहीं?

'उत्तररामचरित' नाटक के आरम्भ में सीतात्याग एक महत्त्वपूर्ण घटना के रूप में उभरकर सामने जरूर आती है, परन्तु अन्त तक जाते वही एक घटना का प्राधान्य नहीं बना रहता है। सीतात्याग के साथ साथ शूरु से ही, बल्कि उससे भी पहले-चित्रवीथिका प्रसंग में ही प्रथम चित्र के रूप में जृम्भकास्त्रों को जब प्रणाम किया जाता है तब से, कथा के अन्तस्तल में चलने वाला दूसरा एक कथांश भी है; वह है मृतप्रायः शिशुओं का पुनर्जीवन एवं राम-सीता के पुत्रों के रूप में उन दोनों का अभिज्ञान। अन्तस्तल में प्रवाहमान यह दूसरे विषय का प्राधान्य क्रमशः बढता जाता है; जो नाटक के उत्तरार्ध में मुखरित होकर जृम्भकास्त्र के प्रयोग के साथ हि मानों कि अज्ञातवास कि जृम्भा से मुक्त होकर 4-6 अङ्कको रङ्गभूमि पर आकारित होता जाता है। सूक्ष्मता से देखा जाए तो कुश-लव का पुनर्जीवन एवं सीता-राम के पुत्रों के रूप में अभिज्ञान-यही एक घटनाचक्र

'उत्तररामचरित' के सातों अङ्कों मे साद्यन्त एवं सुग्रथित रूप से सुव्याप्त है।

4.2 प्रथम अङ्क में वसिष्ठ के सन्देशवाहक अष्टावक्र जो आशीर्वाद देते हैं कि—''तत् किम् अन्यद् आशास्महे? केवलं वीरप्रसवा भूयाः।'' और तत्पश्चात् चित्रवीथिका प्रासङ्ग में, सबसे पहले ही चित्र में जृम्भकास्त्र को देखकर राम कहते हैं कि—''सर्वयेदानीं त्वत्प्रसूतिम् उपस्थास्यन्ति। (यह जृम्भकास्त्र अब तेरी संतति की सेना में उपस्थित रहेंगे)।'' इस तरह से सीता-राम की संतति के पास जृम्भकास्त्र का स्वतःसिद्ध होना, एक प्रमाण के रूप में प्रथमाङ्क में ही कहा गया है।

4.3 यही बात द्वितीय अङ्क के शुद्ध विष्कम्भक में अङ्कुरित हो उठती है। आत्रेयी वनदेवता वासन्ती से कहती है कि—''किसी देवता ने आकर वाल्मीकि को कुश-लव नाम के दो शिशु समर्पित किए हैं; और उन दोनों को जृम्भकास्त्र तो आजन्मसिद्ध है। वे दोनों पढने में इतने तेज हैं कि मैं उन के साथ बैठकर पढ़ नहीं पाती हूँ। अतः मैं अगस्त्य-लोपामुद्रा का आश्रम ढूंढती हुई यहाँ तह आयी हूँ।''

4.4 तृतीय अङ्क के विष्यकम्भक में भी सीता को दो पुत्र होने की यही बात दूसरे शब्दों में पुनरावृत्त हुई है। तमसा-मूरला के संवाद से हमें ज्ञात होता है कि लक्ष्मण के चले जाने के बाद, प्राप्तसववेदना सीता गङ्गाप्रवाह में गिरती है। लेकिन वहाँ पर ही उसने दो पुत्रों को जन्म दिया। और गङ्गीगाप्रवाह में गिरती है। लेकिन वहाँ पर ही उसने दो पुत्रों को जन्म दिया। और गङ्गाजी ने सीता की, एवं दो पुत्रों की भी रक्षा करते हुए बिगडती बाजी सम्भाली है।

तृतीय अङ्क की प्रमुख दृश्यावली में करिकलभ का एवं मयूरनर्तन का जो प्रसङ्ग है, वह दोनों बड़े सूचक हैं। तृतीयाङ्क में दो तरह के प्रमुख कार्य दिखाई पड़ते हैं— (1) बारह बर्षों से राम ने जो सीता को 'नियतं विलुप्ता' मानी है; और पञ्चवटी को देखकर वे जो बार-बार मूर्च्छित हो रहे हैं उसको सीता के सञ्जीवनी समान कर स्पर्श से स-भानावस्था (शुद्धि) में लाया जाता है। और ऐसा करके ''सीता कदाचित्/कुत्रचित् जीवित हो सकती है'' ऐसी एक आशा राम के चित में डाली जाती है। (2) तथा आर्यपुत्र राम की उपस्थिति में, करिकलभ एवं मयूरनर्तन के प्रसङ्ग द्वारा सीता के चित्त में अपने पुत्रों की स्मृति पुनः सक्रचारित करने का द्वितीय नाट्यकार्य भी सम्पन्न किया जाता है।

4.5 उत्तररामचरित के चतुर्थ अङ्क में, वाल्मीकि के आश्रम में जनक और कौसल्या का मिलन होता है। लेकिन यहाँ पर वे सीता-राम के पुत्र लव को

'आश्रमक्टु' के रूप में ही देखते हैं। परन्तु कौसल्या के मन में तो साश्चर्य प्रश्न होता ही है कि रामभद्र की आकृति को मिलने वाला यह किशोर कौन हैं? उसी क्षण अरुन्धती भी एक 'अपवार्य' उक्ति में बोलती है कि—''इदं नाम तद्भागीरथीनिवेदितरहस्यं कर्णामृतम्। न त्वेवं विद्मः कतरोऽयम् आयुष्मतोः कुशलवयोरिति।'' इस तरह चतुर्थ अङ्क में भी सीता के संतानों की बात पल्लवित होने लगती है।

4.6 पञ्चम अङ्क मे सीतापुत्र लव के साथ, अश्वमेध यज्ञ के अश्व को लेकर लक्ष्मणपुत्र चन्द्रकेतु का युद्ध होने का संरम्भ शुरू हो जाता है। लव की बाणवृष्टि को देखकर सारथि सुमन्त्र को बाल रघुनन्दन की स्मृति हो आती है। ''धृतधनुषं रघुनन्दनं स्मरामि।।'' (5.4) इस युद्ध के दौरान लव ने तो जृम्भकास्त्र का प्रयोग भी कर दिया; और सब चकित हो ऊठे। यहाँ पर भी तिरोहित हुए राम-सीता की संतान क्रमश आविर्भूत होते दिखाई पडती है। मानों शम्बूकवध के द्वारा एक अयोध्यावासी मृत द्विजशिशु को पुनः पुनर्जीवित करवाने का जो पुण्य होगा उसके ही पुल-स्वरूप राम-सीता की तिरोहित संतान अब पुनः प्रादुर्भूत हो रही है।

4.7 षठ अङ्क में वल एवं चन्द्रकेतु के युद्ध को आकाशमार्ग से अध्याध्या की ओर वापस जा रहे श्रीरामद देखते हैं। जृमभकास्त्र के प्रभाव से राम की सेना तो निश्चेष्ट पडी है; परन्तु दो कुमारों का भयानक युद्ध देखकर, राम वाल्मीकि के आश्रम में नीचे उतर आते हैं। और वहाँ पर ही अपने पुत्रों को-लव एवं कुश को— क्रमशः देखने का सौभाग्य प्राप्त करने हैं। परन्तु यहाँ पर राम को दोनों कुमारों का कोई निश्चित अभिज्ञान नहीं होता है। क्योंकि ''हम तो वाल्मीकि के हैं'' ''हमें हमारी माता का नाम भी ज्ञात नहीं है'' इत्यादि वाक्यों को लव-कुश से सूनकर राम गुमराह हो जाते हैं। यद्यपि राम को अनेक कारणों से संदेह तो हो ही रही थी कि ये दोनों मेरी ही संतति होगी। क्योंकि उन्होंने ही पहले सीता का गर्भ द्विधा ग्रन्थीभाववाला है ऐसा जाना था।

4.8 सप्तम अङ्क के गर्भाङ्क को देखने के बाद राम यह जान पाते हैं कि उनकी अगल-बगल में बैठे लव एवं कुश ही उनके दो पुत्र हैं। शम्बूकवध रूप एक विडम्बनापूर्ण से राम ने जो पुण्य अर्जित किया था, उसका प्रकटीकरण यहाँ होता है। राम के उत्तर जीवन की एक विडम्बना यह थी कि जो अयोध्यावासी प्रजा ने राम की सन्तति को सकुशल प्रसूत नहीं होने दी, वही प्रजा के एक मृतशिशु को पुनर्जीवित करने के लिए राम को शम्बूक का वध करने के लिए जाना पड़ा था। अतः शम्बूकव के बाद राम की जो वापसी यात्रा शूरू होती है उसमें ही राम

को अपने दोनों पुत्र, उनकी माता (सीता) के साथ वापस मिल जाते हैं।— यह ध्यान देने योग्य बात है।)

उपसंहार

5.0 राम ने अपने उत्तर जीवन में वसिष्ठ की आज्ञा के अनुसार मुख्य रूप से दो राजकार्य (प्रथम दो अङ्कों में) किए हैं-(1) सीतात्याग एवं (2) शम्बूकवध। कवि भवभूति ने इन दोनों घटनाओं के नाट्यात्मक परिणाम जैसे कि (1) सीता का विरह एवं तज्जन्य शोक से करुणमण्डित तृतीय अङ्क तथा (2) अनधिकृत तपश्चर्या कर रहे शूद्र का वध एवं तज्जन्य पुण्य से अपने ही मृतप्रायः शिशुओं को पुनर्जीवन प्राप्त होना-द्विजत्व प्राप्त होना इन बातों को बड़ी कलात्मकता के साथ प्रस्तुत किया है। और इस तरह उत्तररामचरित के द्वितीय एवं चतुर्थ, पञ्चम तथा षष्ठ अङ्क की जिस में सार्थकता बनी रहे ऐसी एक अनुपम नाट्यसृष्टि का निर्माण करके दिखलाया है।

भवभूति को शम्बूकवध की कथा एक मिथक के रूप में, वाल्मीकीय रामायण से प्राप्त हुई थी। परन्तु उसे सही अर्थ में राम के ही वर्तमान जीवन में साकार होती हुई दिखलाने का सफल कविकर्म केवल भवभूति ने ही किया है। इस तरह से उन्होंने अपना महाकवित्व सिद्ध किया है।

'उत्तरामचरित' का सुखान्त कोई नाट्यशास्त्रीय आज्ञा का कृत्रिम परिणाम नहीं है। परन्तु एक मिथकीय सत्य ही राम के जीवन में सकार होता है, इसीलिए वह सुखान्त बना है ऐसा दिखलाकर भवभूति ने राम के दुष्कर राजकर्म का सुफल इसी जन्म में परिणत होता हुआ सिद्ध किया है।

'उत्तररामचरित' का सुखान्त कोई नाट्यशास्त्रीय आज्ञा का कृत्रिम परिणाम नहीं है। परन्तु एक मिथकीय सत्य ही राम के जीवन में सकार होता है, इसीलिए वह सुखान्त बना है ऐसा दिखलाकर भवभूति ने राम के दुष्कर राजकर्म का सुफल इसी जन्म में परिणत होता हुआ सिद्ध किया है। ''उत्तरे रामचरिते भवभूतिर्विशिष्यते'' यह उक्ति का मर्म भी उसके सुखान्त होने में ढूँढना चाहिए।

''राम नये राजा है और प्रजाराधन रूप कर्तव्यपालन से जो यश अर्जित किया जाए वही उसके लिए परम धन होगा।''

14

कालिदास के नाटकों में पुस्त आहार्य— एक आकलन

सविता ओझा

आचार्य भरतमुनि ने आङ्गिक, वाचिक आहार्य एवं सात्त्विक अभिनयों को मुख्यतया अभिनय के चार स्तम्भ के रूप में स्वीकार किया है। अभिनय का अर्थ है अनुकरण और अनुकरण में सादृश्य हो तो प्रेक्षक को रसानुभूति हो सकती है और तभी अभिनय का साध्य भी सिद्ध हो सकेगा। नाट्यप्रयोग में लौकिक पदार्थों तथा जीवों की रूपसादृश्य का साधन आहार्य अभिनय ही है। आहार्य अभिनय नाट्यप्रयोग एवं सारूप्य-सृजन की एक महत्त्वपूर्ण विधा है। इसके द्वारा दृश्यों को रङ्गमञ्च पर कृत्रिम रूप में प्रस्तुत किया जाता है। चूँकि आहार्य अभिनय नाट्यप्रयोग की आधार भूमि है, अतः भरतमुनि ने इसे नेपथ्यज-विधि नाम देते हुए कहा है—

आहार्याभिनयो नाम ज्ञेयो नेपथ्यजो विधिः।
तत्र कार्यः प्रयत्नस्तु नाट्यस्य शुभमिच्छता।। (ना.शा. 21/3)

अर्थात् नाट्य के शुभ की इच्छा करने वालों को नेपथ्य में ही इसकी योजना प्रयत्न-पूर्वक कर लेनी चाहिए। सूक्ष्मतया विचार करें तो पाते हैं कि अन्य अभिनयों की अपेक्षा आहार्य अभिनय की सत्ता आद्योपान्त प्रतीत होती है, क्योंकि प्रेक्षकों के समक्ष इसे तत्क्षण प्रस्तुत नहीं किया जा सकता बल्कि यत्नपूर्वक नाट्य प्रस्तुतीकरण के पूर्व इसकी तैयारी की जाती है। आहार्य अभिनय के चतुर्विध भेदों (पुस्त, अलंकरण, अंगरचना तथा सञ्जीव) के आधार पर हम न केवल गज, प्रासाद, वन, पर्वतादि को अपितु अनुकार्य दुष्यन्तादि को भी प्रत्यक्ष हुआ पाते हैं।

पुस्तविधि द्वारा ही प्रेक्षकों को गज, प्रासाद, अस्त्र-शस्त्र, प्रस्तर, शिला आदि की सजीवता का आभास होता है। नाट्यशास्त्र में पुस्तविधि का निरूपण इस प्रकार से हुआ है—

शैलयानविमानानि चर्मवर्मध्वजा नगाः ।
ये क्रियन्ते हि नाट्ये तु स पुस्त इति संज्ञितः ।। (ना० शा० 21/9)

अर्थात् पर्वत, यान, विमान, रथ, गज, ध्वजा तथा दण्डादि अनेकानेक लौकिक पदार्थों का चर्म या वस्त्रों से निर्मित सांकेतिक पदार्थों के माध्यम से रङ्गमञ्च पर सारूप्य सृजन होता है।

पुस्त की संयोजन क्रिया तीन रूपों में सम्पादित होती है— सन्धिम, व्याजिम और वेष्टिम पुस्त। सन्धिम यानि जो वस्तुएँ परस्पर जोड़कर रङ्गोपयोगी बनायी जाती हैं, वे सन्धिम पुस्त के अंतर्गत आती हैं।

किलिञ्जचर्मवस्त्राद्यैर्यदूपं क्रियते बुधैः।
सन्धिमो नाम विज्ञेयः पुस्तो नाटकसंश्रयः ।। (ना० शा०21/ 7)

जिन भौतिक पदार्थों का रङ्गमंच पर यान्त्रिक साधनों की सहायता से प्रयोग होता है वे 'व्याजिम पुस्तविधि' के अंतर्गत आते हैं—

व्याजिमो नाम विज्ञेयो यन्त्रेण क्रियते तु यः।

वेष्टिम विधि में वस्त्रादि को आवेष्टित कर या लपेटकर प्रयोग में लाया जाता है—

वेष्ट्यते चैव यदूपं वेष्टिमः स तु संज्ञितः (ना०शा०21/8)

इस प्रकार से नाट्यशास्त्र में आचार्य भरत ने पुस्त विधान का समग्र प्रयोग किस प्रकार हो, यह निरूपित तो कर दिया है परन्तु इस तथ्य पर भी विचार होना चाहिए कि प्रयोक्ता या नाट्यकर्त्ता कहाँ तक इस भारतीय नाट्य संविधान का अनुगमन करते हैं। संस्कृत कवि परम्परा में इन नाट्य संविधानों का पालन होता दिखाई पड़ता है। हाँ, इतना अवश्य है कि काल और परिस्थिति के अनुसार इनमें कुछ परिवर्तन-परिवर्धन होते रहे हैं। महाकवि कालिदास के नाटकों में 'पुस्त आहार्य' किन किन रूपों में परिलक्षित हुआ है तथा इन नाटकों के आलोडन से पुस्त के प्रायोगिक पक्ष के साथ उसकी सम्पूर्णता का बोध भी किस प्रकार से हुआ है— यहाँ इस पर दृष्टि अपेक्षित होगी। महाकवि कालिदास के नाटकों में पुस्त विधान के अन्तर्गत आने वाले कुछ महत्त्वपूर्ण नाट्योपकरण किन रूपों में प्रस्तुत हुए हैं, उन पर इस प्रकार से विचार किया जा सकता है -

आसनः आचार्य भरतमुनि ने रङ्गविधान की दृष्टि से नाट्यशास्त्र के तेरहवें

अध्याय में रङ्गमञ्च पर प्रयोग में लाये जाने वाले आसनों का विवेचन किया है। यहाँ वर्णित है कि किस प्रकार के लोगों को किस प्रकार का आसन दिया जाना चाहिए। कवि ने अपने नाटकों में आसनस्थ राजा, विदूषक, रानी, सेवक आदि की प्रस्तुति करायी है। अब प्रयोक्ता के विवेक ज्ञान पर निर्भर करता है कि वह किसके लिए किस प्रकार का आसन प्रयोग में लाता है। 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के पञ्चम अङ्क में राजा और विदूषक आसनस्थ प्रस्तुत होते हैं—**'ततः प्रविशत्यासनस्थो राजा विदूषकश्च'** यहाँ आचार्य भरत के अनुसार राजा के लिए 'सिंहासन' तथा विदूषक जो कि ब्राह्मण वर्ण का है अतः उसके लिए काष्ठासन का प्रयोग किया जाना चाहिए। राजा दुष्यन्त चूँकि चंद्रवंशी राजा हैं अत उनके सिंहासन पर चन्द्रमा का चिह्न अंकित होना चाहिए । यह प्रयोग करना या न करना प्रयोक्ता पर निर्भर करता है। 'मालविकाग्निमित्र' में राजा के सिंहासन का उल्लेख गणदास के माध्यम से हुआ है—

सिंहासनान्तिकचरेण सहोपसर्पन्' (मा०मि०1/12)

इस नाटक के प्रथम अङ्क में ही राजा द्वारा कहा गया है— (**परिजनं विलोक्य**) **आसने तावदभवतोः (उभौ परिजनोपनीतया— रासनयोरुपविष्टौ)'** (मा०नि० प्रथम अङ्क)

प्रथम अङ्क में राजा के कथन में-'**भगवति, क्रियताम् आसनपरिग्रहाः** (**सर्वे यथार्हमुपविशन्ति**)'। सभी का यथोचित स्थान पर बैठने से तात्पर्य है राजा और धारिणी 'सिंहासन' पर तथा परिव्राजिका चूँकि संन्यासिनी है अतः उसके लिए 'पट्टासन' का प्रयोग एवं विदूषक के लिए 'काष्ठासन' का प्रयोग किया जाना चाहिए। द्वितीय अङ्क के प्रारम्भ में संगीत का प्रबन्ध हो जाने पर राजा, रानी, परिव्राजिका, विदूषक, नौकर-चाकर सभी अपने अपने आसन पर आसनस्थ दिखाई पड़ते हैं—'**ततः प्रविशति संगीतरचनायां कृतयामासस्थः सवयस्यो राजा धारिणी परिव्राजिका विभवतश्च परिवारः।'**

नाटकों में आसन को एक और रूप में हम पाते हैं, वह है-शय्यासन। 'अभिज्ञानशाकुन्तल' में शय्या के रूप में शिलापट्ट का प्रयोग हुआ है-. . . **सुकुमारस्तरणं शिलापट्टमधिशयाना सखीभ्यामन्वा** . . . (अभिशा० 3 अङ्क)।' तृतीय अङ्क में ही विप्रलम्भ की पराकाष्ठा को इस शय्यासन के माध्यम से दर्शाया गया हैं—'**तत्पश्चात् संदष्टकुसुम- शयनान्याशुक्लान्तविसमभंग-सुरभीणि** (3/15)' अनुसूया द्वारा राजा को यह संबोधित किया जाता है—**'इतः शिलातलैकदेशमलंकरोतु वयस्यः।'**

इस प्रकार से नाट्योपकरण के रूप में यह आसन या तो बैठने के लिए भिन्न भिन्न रूपों में हो या शयन हेतु शिलापट्टादि रूप में हो सबका अपना विशेष महत्व दिखाई देता है जिन्हें 'पुस्तविधान' द्वारा संयोजित कर प्रस्तुत करना सहज एवं सरल है।

अस्त्रशस्त्र : आचार्य भरत ने नाट्यशास्त्र के 21 वें अध्याय में (165-70) अस्त्र-शस्त्रों का विवरण प्रस्तुत किया है । अस्त्र-शस्त्र के अन्तर्गत धनुष बाण, तलवार, भाले, त्रिशूल आदि प्रयुक्त होते हैं। कालिदास के नाटकों में किस प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग हुआ है यहाँ उस पर विचार अपेक्षित होगा।

धनुषबाण : 'अभिज्ञानशाकुन्तल' के प्रथम अङ्क में ही राजा दुष्यन्त और सारथि का प्रवेश दर्शाया गया है **'ततः प्रविशति मृगानुसारी सशरचापहस्तो राजा रथेन।'** द्वितीय अङ्क में राजा अपने धनुष को विश्राम देने की बात करता है-**'विश्रामं लभतामिदं च शिथिलज्यानद्धमस्मद्धनुः'** इस कथन से धनुष का कर्तृत्व भासित हो रहा है, साथ ही उसकी श्रेष्ठता भी द्योतित हो रही है। षष्ठ अङ्क में भी विदूषक की रक्षा हेतु राजा दुष्यन्त धनुष-बाण धारण करता-**'यवनी - भर्त्तः एतद्धस्तावापसहितं शरासनम् (राजा सशरं चापम्)।'** 'विक्रमोर्वशीय' के पञ्चम अङ्क में गिद्ध द्वारा मणि हरण कर लिये जाने के पश्चात् गिद्ध को इस अपराध के लिए दण्ड हेतु राजा पुरूरवा द्वारा धनुष-बाण मँगवाया जाता है— **'(धनुर्हस्तः प्रविश्य) भर्त्तः इदं सशरं चापम्।'** पञ्चम अङ्क में ही नामाङ्कित बाण का उल्लेख मिलता है।

'कञ्चुकी-नामाङ्कितो दृश्यते। नात्र मे वर्णविभावसहा दृष्टिः।
राजा-तदुपश्लेषश्च शरं यावन्निरूपयामि।

इस बाण रूप आहार्य का कथानक के प्रवाह को आगे बढ़ाने में तथा कथानक को रोचक एवं कौतूहलपूर्ण बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान है।

रथः-रथ का निर्माण पुस्तविधि के अन्तर्गत 'वेष्टिम विधि' से होता है। इसके अन्तर्गत चलने फिरने वाली कृत्रिम वस्तुएँ आती हैं। रथ को इसी विधि से तैयार कर 'व्याजिम विधि' द्वारा गतिशीलता लायी जाती है। शाकुन्तल के प्रथम अङ्क में राजा दुष्यन्त का सारथि के साथ रथ पर आरूढ़ होकर प्रवेश दिखाया गया है। सप्तम अङ्क में भी इन्द्र के पास से राजा दुष्यन्त रथ पर आरूढ होकर सारथि मातलि के साथ भूलोक पर आते हैं—**'ततः प्रविशत्याकाशयानेन रथाधिरूढो राजा मातलिश्च।'**

इस नाटक में रथ के दो रूप परिलक्षित होते हैं— एक आखेट के लिए निकले राजा दुष्यन्त द्वारा प्रयुक्त रथ, दूसरा वैसा रथ जिसका सारथि मातलि है और जो आकाशमार्ग से भूलोक पर अवतरित हो रहा है।

'विक्रमोर्वशीय' नाटक के प्रथम अङ्क में सूर्योपस्थान से लौटकर आते हुए राजा अपने सारथि के साथ रथ पर आरूढ होकर रङ्गमञ्च पर दिखाई पड़ते हैं— **'ततः प्रविशत्यपटीक्षेपेण राजा रथेन सूतश्च'**। राजा के रथ पर ध्वजा का भी संयोजन होता है जो उस राजा के वंश की परिचायिका होती है। इसी नाटक में प्रथम अङ्क में इस प्रकार का दृष्टान्त द्रष्टव्य है— **'यन्मध्ये समवस्थितो ध्वजपटः प्रान्ते च वेगानिलात्** (वि०वि०1/5)।' इस नाटक में रथ का संयोजन कथानक के प्रवाह को आगे बढ़ाने में सहायता प्रदान करता है क्योंकि इसी के द्वारा राजा, उर्वशी को राक्षस के चङ्गुल से छुड़ाने में सफल हो पाता है। 'अभिज्ञानशाकुन्तल' के प्रथम अङ्क में भी राजा की यह उक्ति-**'चीनांशुकमिव केतोः प्रतिवातं नीयमानस्य** (1/33)' संभवतः इसी रथध्वज की ओर इङ्गित करता है।

पर्वतशिला प्रस्तर : प्रासाद, शैल या पर्वत की योजना नाट्योपकरण के रूप में रङ्गमञ्च पर होती है । पर्वत के साङ्केतिक रूप को 'सन्धिम पुस्त' के माध्यम से वस्त्र, लौह, बाँसादि आवश्यक वस्तुओं के द्वारा दृश्यता लायी जाती है । शिला, प्रस्तर आदि का इन विधियों के द्वारा निर्माण हो जाने पर तपोवन, उद्यानादि के दृश्यों में इनका प्रयोग होता है । संस्कृत के अन्य रूपकों के अतिरिक्त अभिज्ञानशाकुन्तल आदि नाटकों में इसके दृष्टान्त मिलते हैं। जहाँ राजाके आस-पास इतिवृत्त अवलम्बित हो, तो अवश्य ही वहाँ दुर्ग, प्रासादादि को प्रस्तुत करने की आवश्यकता पड़ती है, जैसा कि विक्रमार्वशीय नाटकादि में हम पाते हैं। इस नाटक के तृतीय अङ्क में महारानी के निवेदन पर, राजा मणिहर्म्य भवन की छत पर जाने के लिए विदूषक को मार्ग-निर्देश करने को कहता है। यहाँ सोपान की भी योजना हुयी है— **'राजा आरोहति। सर्वे सोपानारोहणं नाटयन्ति।'** यह दृश्य कथानक के प्रवाह में गति लाने के लिए आवश्यक प्रतीत होता है। इसकी योजना भी पुस्तविधि द्वारा की जाती है। इस नाटक के प्रथम अङ्क में पर्वत के रूप में हेमकूट शिखर का प्रयोग हुआ है। इसी हेमकूट शिखर पर रम्भा, मेनका आदि अप्सरायें अपहृत उर्वशी की प्रतीक्षा कर रही हैं। राजा उसी हेमकूट पर्वत पर रथ को उतारने का आदेश देता है -

राजा-सूत इदं तच्छैलशिखरम्। अवतारय रथम्।'

वनप्रदेश तथा प्राकृतिक दृश्य : इन दृश्यों के अन्तर्गत तपोवन, आश्रम,

उद्यान, प्रमदवन तथा लतामण्डप आदि आते हैं। यद्यपि आङ्गिक, वाचिक अभिनयों के माध्यम से अधिकाधिक इनका प्रयोग होता है तथापि पुस्तविधि के अन्तर्गत इन्हें प्रस्तुतीकरण के लिए सिद्ध किया जाता है। दृश्यविधान में इनके प्रयोग का आधार स्तम्भ खड़ा करके ही हम अन्य अभिनयों के द्वारा इन्हें और भी पुस्त एवं प्रभावकारी बना पाते हैं। 'अभिज्ञानशाकुन्तल' के प्रथम अङ्क में तपोवन का सारा दृश्य उपस्थित होता दिखाई देता है। इन्हीं तपोवन, लतामण्डपों के अर्न्तगत गुच्छवृक्ष, वटवृक्ष आदि का उल्लेख हुआ है। प्रयोगकर्त्ता के ऊपर निर्भर करता है कि वह चाहे तो एक गुच्छवृक्ष भी रङ्गमञ्च पर प्रस्तुत कर अन्य वृक्षों के प्रतीक रूप में भी उसे प्रयोग में ला सकता है। यथा राजा की यह उक्ति – **'यावदिमां छायामाश्रित्य प्रतिपालयामि'** (प्रथम अङ्क) इसी ओर सङ्केत करती है। अन्यत्र वृक्षों का उपयोग इस नाटक में यत्र-तत्र दर्शित है –

भवतु पादपान्तर्हित एव विस्रब्धां तावदेनां पश्यामि (प्रथम अङ्क)

तेन हीमां क्षीरवृक्षच्छायामाश्रयाम (चतुर्थ अङ्क)।

यावत् त्वयोपगतया लतासनाथ इवायं केसरवृक्षकः प्रतिभाति (प्रथम अङ्क)।

लतामुपेत्यालिङ्ग्य (चतुर्थ अङ्क)।

इस नाटक के षष्ठ अङ्क में अशोक वृक्ष का उल्लेख हुआ है। 'मालविकाग्निमित्र' के तृतीय अङ्क में यही अशोक वृक्ष महत्त्वपूर्ण आहार्य के रूप में प्रयुक्त हुआ है–

'न तावद्भर्ता ? एषोऽशोकशाखावलम्बी पल्लवगुच्छः'

दण्डकाष्ठ : नाट्यशास्त्र के प्रथम अध्याय में ब्रह्मा ने भरत से तुष्ट हो कर 'कुटिलक' प्रदान किया (1/60) यहाँ कुटिलक से तात्पर्य टेढे-मेढे दण्डकाष्ठ से है। नाट्यशास्त्र में इस दण्डकाष्ठ के निर्माण की विधि बताई गयी है, जो पुस्तविधान के अन्तर्गत निरूपित है—

कपित्थबिल्ववंशेभ्यो दण्डकाष्ठं भवेदथ।
वक्रं चैव हि कर्तव्यं त्रिभागे लक्षणान्वितम् ।। (21/183)

संस्कृत रूपकों में विदूषक की प्रकृति के रूप में यह स्थापित है। विदूषक

के वामहस्त में दण्डकाष्ठ स्थित होता हैं 'अभिज्ञानशाकुन्तल' में विदूषक का दण्डकाष्ठ हास्य उत्पन्न करने वाला है—**'इति दण्डकाष्ठमुद्यम्य चूताङ्कुरं पातयितुमिच्छति** (अभिज्ञान 0/6)।'

अन्य नाट्योपरकरण : रङ्गमञ्च पर नाट्योपकरण रूप में प्रयुक्त होने वाले बहुत से ऐसे उपकरण हैं, जो नाटक के कथानक में अहम् भूमिका निभाते हैं परन्तु प्रेक्षकों का ध्यान उन आहार्यों की सामग्री की ओर नहीं जाता। यथा–

रज्जु तथा बेड़ियाँ: शाकुन्तल के षष्ठ अङ्क में बद्धपुरुष को लेकर दो सिपाही प्रस्तुत होते हैं—**'ततः प्रविशति नागरिकः श्यालः पश्चाद् बद्धपुरुषमादाय रक्षिणौ च'** यहाँ बँधे हुए पुरुष का रङ्गमञ्च पर उपस्थित होना कौतूहल और कथानक के विस्तार का कारण बनता है।

सिंह, हस्ती अश्वादि : पुस्तविधि के अन्तर्गत यह भी कहा गया कि गज अश्वादि लौकिक वस्तुओं का सांकेतित पुस्तों के द्वारा सारूप्य सृजन होता है। सन्धिम पुस्त के द्वारा इन गजादि का कृत्रिम ढाँचा तैयार किया जाता है। जब इन आकृतियों का निर्माण हो जाता है तो वेष्टिम द्वारा उसे आवेष्टित का सारूप्य सृजन होता है। तत्पश्चात् व्याजिम द्वारा उसे यांत्रिक गति प्रदान कर रङ्गमञ्च पर प्रस्तुतीकरण होता है। जो हमें कलात्मकता और यथार्थता के अत्यन्त निकट ले जाता है–यथा 'अभिज्ञानशाकुन्तल' के सप्तम अङ्क में सर्वदमन द्वारा सिंह शावक के साथ खेलने का प्रसंग आता है। यदि वह शावक सजीव न होकर कृत्रिम रूप में निर्मित हो तो वह पुस्तविधि के 'सन्धिम पुस्त' द्वारा ही निर्मित होता है–**'जृम्भस्व सिंह दन्तांस्ते गणयिष्ये** (संप्तम अङ्क)।' इसी अङ्क में मृत्तिका मयूर का भी उल्लेख द्रष्टव्य है –

(क) **प्रविश्य मयूरहस्ता** (सप्तम अङ्क)

(ख) **अस्य मृत्तिकामयूरस्य रम्यत्व पश्येति भणितोऽसि** (सप्तम अङ्क)। इसकी योजना वेष्टिम पुस्त के अन्तर्गत होती है। सप्तम अङ्क में सर्वदमन के बाजूबन्ध रूप में बँधा छोटा सा धागा पुस्त रूप में समझा जा सकता है, जो राजा दुष्यन्त के पिता होने का परिचायक है।

इसके अतिरिक्त घट, पात्र, भाजन (डलिया), भोजपत्र, नलिनीपत्र, वेष्टि आदि छोटे छोटे रूप में आहार्यगत नाट्योपकरण रङ्गमञ्च पर प्रस्तुत होते हैं जो कथा प्रवाह में प्रभावकारी तो होते हैं पर हमारे समक्ष गौण बने रहते हैं।

इस प्रकार से इन नाटकों में प्रयुक्त 'पुस्त अहार्य' न सिर्फ कथानक के प्रवाह को आगे बढाने में ही सहायक प्रतीत होता है बल्कि नाट्य के उद्देश्य प्राप्ति में भी सहायता प्रदान करता है। प्रयोगकर्त्ता आचार्य भरत ने भी नाट्य में इसकी महत्ता स्वीकार करते हुए इसका विवेचन किया है। आज के परिवेश में नाट्य के प्रस्तुतीकरण में प्रयोक्ता उन विधियों, उपकरणों को यथावत प्रयोग में लाये यह आवश्यक नहीं बल्कि उन विधियों प्रयोगों में परिवर्तन–परिवर्धन सम्भव है। हाँ इतना अवश्य है कि उन परिवर्तित प्रयोगों से प्रस्तुतीकरण में बाधा उत्पन्न न हो। आज के रङ्गमञ्च पर दृष्टि डालें तो यदि प्रयोगकर्त्ता आहार्यगत इस पुस्तविधि के बिना ही नाटक को प्रस्तुत करना चाहता है तो यह कदाचित् ही सम्भव होगा क्योंकि इस पुस्तविधि को किसी न किसी रूप में कम या अधिक रूप में स्वीकार करना ही होगा। इसके पूर्ण अभाव में नाट्य में रसपेशलता शायद ही सम्भव हो। अतः यह विधि इस प्रयोगविज्ञान में उत्कर्षाधायक एवं उपकारक है।

15

नाट्यशास्त्र एवं प्रयोगविज्ञान की पाण्डुलिपि परम्परा के सन्दर्भ में कच्छ के महाराजा लखपत जी की पाण्डुलिपियाँ

बलदेवानन्द सागर

'नाट्यशास्त्र, दृश्यकाव्य और प्रयोगविज्ञान की पाण्डुलिपि परम्परा' के विषय में शोधप्रबन्ध प्रस्तुत करने के संकल्प मात्र से मेरे मन में कई विचार स्फुरित हुए क्योंकि इधर करीब पिछले तीस-पैंतीस वर्षों से हिन्दी और विशेष रूप से संस्कृत रङ्गकर्म के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए होने के कारण संस्कृत-रङ्गकर्म के प्रयोग में दिन-ब-दिन आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं और उसके वैकल्पिक समाधानों का परिचय मिला है। साथ ही जीविकोपार्जन के लिए इलेक्ट्रॉनिक-सञ्चार-माध्यम से जुड़े होने के कारण संस्कृत-रङ्गकर्म और संस्कृत-नाट्य-प्रयोग के लिए आधुनिक दृश्य-श्रव्य माध्यम के उपकरण कितने उपयोगी हो सकते हैं— इसकी एक साक्ष्य सूची भी हमारे पास है । **'विक्रमोर्वशीय'**, **'पण्डित-राजीय'**, **'पुरश्चरणकमल'** (राम की शक्तिपूजा), **'भगवदज्जुक'**, **'अभिज्ञानशाकुन्तल'**, **'मुद्राराक्षस'**, **'उत्तररामचरित'** आदि अनेक नाटकों की, रङ्गमञ्च, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के लिए दृश्य और श्रव्य प्रस्तुति के समय कई ऐसे प्रसंग आए जब दृश्य विशेष को रूपायित करना नाटयशास्त्र की परम्पराओं के अनुसार असम्भव नहीं तो, कठिन अवश्य लग रहा था। किन्तु ऐसी ही स्थितियों में विविध-प्रकार के स्लाइड्-प्रयोग एवं छाया-प्रकाश- दृश्यों ने बहुत मदद की। अस्तु, *प्रकृतमनुसरामः*।

दैव-संयोग से एक दिन, दैनिक समाचार-पत्र में छपा एक लेख मिला और

लगा जैसे बिजली कौंध गई हो, उसी बिजली की कौंध का परिणाम है यह शोध प्रबन्ध। मैं पाण्डुलिपि संसाधन केन्द्र, सागर के लिए इसी विषय पर अपनी बात पहले कहना चाहूँगा।

प्राप्त पाण्डुलिपियों की पृष्ठभूमि

हाल ही में कच्छ के महाराजा लखपत जी के समय की कुछ पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुई हैं। जैसा कि विद्वत समाज जानता है फिर भी सद्यः सन्दर्भ के लिए बताना चाहेंगे कि कच्छ (गुजरात) में मौर्य, शक, गुप्त, मैत्रक, चालुक्य, जाडेजा आदि वंश परम्पराओं के राजाओं ने शासन किया है । जाडेजा वंश के राजाओं ने करीब 438 वर्षों तक राज्य किया है । इस विषय में भावनगर-जनपद के अन्तर्गत शिहोर तालुका में स्थित 'सुलेखन कला फाउन्डेशन' के प्राचार्य लक्ष्मण यू. वाढेर ने बहुत सूक्ष्मता एवं गहनता के साथ अनुसन्धान किया है ।

जाडेजा-वंश के राजाओं ने कच्छ के व्यवसाय, स्थापत्य, साहित्य और संगीत की वृद्धि एवं प्रसिद्धि के लिए बहुमूल्य योगदान दिया है। खेंगारजी-प्रथम, प्राग्मलजी-प्रथम, लखपतजी, गौडजी-द्वितीय, देशलजी-द्वितीय, भोजराजजी आदि की रचनात्मक प्रवृत्तियों द्वारा कच्छ ने देश एवं विदेश में बहुत ख्याति अर्जित की थी।

महाराजा लखपत जी की काव्यशाला

'भुज' में श्री लखपतजी का शासनकाल ई. स. 1752 से ई.स. 1761 तक रहा। इस अवधि में, यहाँ सांस्कृतिक एवं साहित्यिक रचनात्मक प्रवृत्तियाँ चरम-सीमा पर रही, जैसा कि पहले कहा गया है। अहमदाबाद से प्रकाशित होने वाले गुजराती भाषा के दैनिक समाचार पत्र 'गुजरात समाचार' में दिनांक 28.10. 2006 को श्री गुणवंती छो. शाह द्वारा प्रस्तुत लेख में विस्तार से बताया गया है कि— महाराजा लखपत जी की काव्यशाला में नवोदित कवियों को प्रवेश पाने के लिए वाक्चातुर्य की अर्हता अनिवार्य थी। श्री लखपत जी ने भुज में एक काव्यशाला की प्रतिष्ठापना की थी। कहा जाता है कि इस प्रकार की सर्जनात्मक प्रवृत्तियों को शुरु कराने वाले वे संसार के प्रथम शासक थे।

जैसा कि हम सब जानते हैं— देश और दुनिया में, प्राचीन काल एवं मध्यकाल के दौरान, राजालोग, कवियों और कलाकारों को आश्रय देकर अपनी प्रशस्तियाँ लिखवाते थे। अपना संकीर्तन सुनकर खुश होते थे। कवियों और कलाकारों को उपहार देते थे। किन्तु कवियों को काव्यकला का शास्त्रीय-पद्धति से प्रशिक्षण देने की रचनात्मक प्रवृत्तियों का अभाव था। पूरे विश्व में मात्र वेनिस शहर में उस समय इस प्रकार की एक काव्यशाला थी किन्तु इस काव्यशाला का उद्देश्य

देश-विदेश के व्यापारियों एवं समृद्धजनों का मनोरंजन करना मात्र था, किन्तु कच्छ के महाराजा लखपत जी ने, काव्य में निहित प्रकृति के सामीप्य के आनंद को प्रतिभासम्पन्न कविओं की रचना द्वारा प्राप्त करने के लिए सर्वप्रथम कच्छ में काव्यशाला की प्रतिष्ठापना की थी। इस काव्यशाला का विस्तृत वर्णन, विस्तारभय से, समुचित नहीं है। मात्र इतना कहना पर्याप्त है कि इस काव्यशाला में देश के अलग-अलग क्षेत्रों से नवोदित एवं प्रतिष्ठित कवि आते थे। यहाँ पर प्रशिक्षण की अवधि पांच वर्ष की थी। काव्य के विभिन्न अङ्गों एवं पक्षों के विषय में परीक्षा होती थी। विभिन्न विषयों पर कविता की रचना करनी होती थी। महाराज लखपत स्वयं उत्तम कवि थे। उनके और दूसरे प्रतिष्ठित कवियों और आचार्यों के समक्ष इन नवोदित- प्रशिक्षित कवियों को अपना काव्य-पाठ करना होता था। प्रतिष्ठित कवियों और आचार्यों की समिति द्वारा उत्तीर्ण घोषित किए गए कवियों को राज्यसभा में कवि का अलंकरण, सम्मान-पत्र वगैरह दिया जाता था और उनके सम्मान में नगरयात्रा का आयोजन भी किया जाता था। उत्तम कवियों को भेंट उपहार देकर सम्मानित किया जाता था।

काव्यशाला के आचार्य

महाराजा लखपतजी के काव्यगुरु हमीरजी के निर्देशानुसार किशनगढ़ के जैनमुनि कनक-कुशल जी को इस काव्यशाला के आचार्य पद पर नियुक्त किया गया था। मुनिश्री कनक कुशल जी संस्कृत, अर्धमागधी, राजस्थानी एवं व्रजभाषा के विद्वान् थे। उनके ज्ञान-वैभव से प्रभावित होकर लखपत जी ने उनको 'भट्टार्क' की पदवी दी थी ।

महाराज लखपत जी की रचनाएँ

श्री लखपत जी स्वयं समर्थ कवि थे। उन्होंने लखपत-अलंकारचन्द्रिका, लखपत-भावविलास, लखपत-सतसई, लखपत-विद्याविनोद, लखपत-काव्यविलास, लखपत-सुधासिंधु, लखपत-गीतपिंगल, लखपत-जससिंधु, लखपत-मानमंजरी, लखपत-मञ्जरी, लखपत-भक्तिविलास, लखपत-स्वराध्याय, लखपत-संगीत-दर्शन, लखपत-रागिनीचित्रमाला, लखपत-भावबोधिनी और लखपत-शृङ्गार आदि 16 रचनाओं का निर्माण किया था - ऐसा माना जाता है ।

काव्यशाला के आचार्य मुनिश्री कनककुशलजी एवं राजा के काव्यगुरु हमीर जी की रचनाएँ

काव्यशाला के मुनिश्री कनककुशल जी ने 'लखपत-मंजरी- नाममाला' एवं 'सुन्दर-शृङ्गार' नाम के दो ग्रंथो की रचना की। महाराज लखपत जी के काव्यगुरु

हमीरजी ने गुण-पिंगल-प्रकाश, हमीरनाम-माला अपरनाम हरजिस-माला, जदुवंश-वंशावली, पिंगलकोश, भागवत-दर्पण, ज्योतिष-जड़ाव, लखपत-गुणपिंगल, महाराज-देशलजी की वचनिका जैसे ग्रन्थों की रचना की ।

काव्यशाला की विशेषता

इस काव्यशाला की मुख्य विशेषता यह रही कि संगीत-शास्त्र और नृत्यशास्त्र के मूल्यवान् ग्रन्थों की रचना यहाँ पर हुई । इनमें संगीत-सूर-तरंगिणी, वाद्यविवेक-विलास, मृदंगमोहरा, लखपत-ताल-विधान, नृत्यसुधारा-मंजरी, लखपत-रागमाला, संगीत-रत्नाकर आदि प्रमुख माने जाते हैं । इन ग्रन्थों में से कुछ हस्तलिखित ग्रन्थों की पाण्डुलिपियाँ हाल, शिहोर के 'सुलेखन कला फाउन्डेशन' में संगृहीत हैं।

तीन दुर्लभ पाण्डुलिपियाँ

वाद्य-विवेक-विलास, सङ्गीत-सूर-तरंगिणी एवं संगीत-रत्नाकर— इन तीन पाण्डुलिपियों को प्राचार्य लक्ष्मण वाढेर ने स्थानीय कबाड़ीवाले, मुस्लिमबंधु महंमद भाई से खरीद कर संगृहीत किया है ।

वाद्य-विवके-विलास के रचनाकार मायाराम चौहाण के पुत्र फकीरचंद चौहान हैं और सङ्गीत-सूर-तरङ्गिणी के रचयिता कवि हरिवल्लभ हैं।

वाद्य-विवेक-विलास में जाडेजा राजाओं की वंशावली, सङ्गीत की उत्पत्ति-विषयक विस्तृत वर्णन और संगीत के 40 वाद्यसूत्र हैं। इन 40 सूत्रों की चर्चा के अतिरिक्त तालभेद की शास्त्रीय-चर्चा हैं । दोहा, चोपाई, सवैया और छन्द-शास्त्र का सन्दर्भ है। स्वर-अध्याय में सात सुरों का उल्लेख है। राग-अध्याय में राग के अर्थ एवं प्रकार हैं । मेघ, भैरवी, दीपक, केदारी, बसंत, मालेशिरी (वागेश्री), विभास और सारङ्ग हैं। इस ग्रंथ में रागिणी का भी विभाग है। बिलावल, रामकली, ललित, मल्हार, भूपाली, गूजरी, बंगाली, देवगिरी, सोरठी, तिरवन, पहाड़ी, सावंता, उरकटौड़ी, जैतसिरी जैसे रागों की चर्चा भी है ।

उपसंहार

उपर्युक्त पाण्डुलिपियों और लखपत जी के नाम से प्राप्त होने वाले सोलह ग्रन्थों की पाठ परपम्परा एवं पाठालोचन के लिए विस्तृत अध्ययन करना अभी शेष है। यहाँ पर उपस्थित सुधीजनों के समक्ष भी यह नम्र निवेदन है कि - लखपत जी के नाम से प्राप्त होने वाले इन सोलह ग्रन्थों के रचयिता, वास्तव में, महाराज लखपत जी ही थे कि कोई और— यह विषय अभी निर्णेतव्य है । आशा ही नहीं, विश्वास भी है कि एतदर्थ इस संगोष्ठी के निर्देशक, संयोजक एवं प्रायोजक सभी सक्रिय प्रयास करेंगे।

16

अर्वाचीन नाटकों में नाट्यप्रयोग की नवीन सम्भावनाएँ

मञ्जुलता शर्मा

कला का प्राणतत्त्व है काव्य और काव्य का उत्कृष्टतम रूप है नाटक। इस विधा के अतीत में प्रयोग और प्रगति की अजस्रधारा प्रवाहित होती रही है। नाट्य कवित्व की चरमसीमा ही नहीं अपितु एक ऐसा चाक्षुष यज्ञ है जिसमें श्रवणेन्द्रियों के साथ-साथ नेत्रों को भी सुख प्राप्त होता है। नाटक शिल्प, विद्या, ज्ञान और कला का मंदिर ही नहीं अपितु सामयिक समस्याओं का संवाहक भी है।

भारतीय परिवेशजन्य विभिन्न संस्कृतियों की इन्द्रधनुषी आभा यहाँ के साहित्य में भी प्रतिबिम्बित होती है। जहाँ जीवन का प्रत्येक पक्ष प्रगति के नये अध्याय लिख रहा है वहाँ अर्वाचीन नाटकों में नाट्यतत्त्वों की नवीन सम्भावनाओं से कैसे इनकार किया जा सकता है। वर्तमान समय में हमारा नाट्यसाहित्य युगानुरूप होने के साथ-साथ मञ्चन की दृष्टि से भी बहुत समृद्ध हो गया है। प्राचीन नाटकों में कवि द्वारा किये गये वर्णन की सहायता से प्रेक्षक अपने समक्ष प्रस्तुत दृश्य की कल्पना कर लेता था अर्थात् किसी भी स्थिति की सङ्कल्पना प्रेक्षकों की प्रतिभा पर निर्भर थी। विभिन्न प्रकार के रङ्ग-निर्देश ही इन दृश्यों की सञ्जीवनी होते थे; यथा-अभिज्ञानशाकुन्तल के प्रारम्भ में दुष्यन्त जिस मृग का पीछा करता है, वह सूत्रधार के निर्देश से ही अनुभवगम्य होता है। राजा का अभिनय करने वाला अभिनेता अपनी बन्धी हुयी दृष्टि एवं मुद्रा से ऐसा अभिनय करता है मानो वह मृग पर प्रहार कर रहा है। रङ्गमञ्च पर प्रियंवदा एवं अनसूया का फूल चुनना

वस्तुतः पुष्प चुनने का अनुकरण मात्र है। अभिनेता एवं अभिनेत्री इन समस्त भावों को, नाट्यगत संवेगों को अपने आंगिक आदि अभिनय से कुशलतापूर्वक व्यक्त कर देते हैं। परन्तु इसके लिये एक आदर्श प्रेक्षक में अभिनेताओं द्वारा अनुकृत पात्रों के भावों तथा अनुभूतियों को स्वकीय बना सकने की योग्यता के साथ ही तीव्र ग्रहणशीलता और उत्कृष्ट निर्णयशक्ति का होना अपेक्षित है। तब ही वह सामान्य बाह्य चिह्नों यथा— अश्रु, हास, रोमाञ्च, आक्रोश, हर्ष, जुगुप्सा, भय आदि अनेकों भावों की अभिव्यक्ति कर सकता है। इस प्रकार प्राचीन नाटकों में नाटककार प्रेक्षागृह, अभिनेता, नाटक की साजसज्जा एवं दृश्य प्रेक्षक आदि प्रमुख नाट्यतत्त्वों का प्रयोग भरतमुनि के नाट्यशास्त्रीय नियमों की परिधि में ही करते रहे। उन्होंने दृश्य की प्राणवत्ता के लिये कोई विशेष श्रमसाध्य कार्य नहीं किया। क्योंकि उनका उद्देश्य मात्र मञ्चीय अभिनय ही नहीं अपितु नाट्यकृतियों को उत्कर्षप्रदान करने वाली अनेकों कलाओं नृत्य, वाद्य, गीत आदि को भी उत्कर्ष प्रदान करना था। परन्तु अर्वाचीन नाट्यरचनाकारों ने अपने-अपने नाट्यों में इस मौन को तोड़ा है। उन्होंने प्राचीन नाट्यशास्त्रीय नियमों को अंशतः ही स्वीकार किया है। आज नाटक का अभिप्राय रूपक का एक अङ्ग नहीं अपितु उसमें एकाङ्की, प्रहसन, भाण, डिम्ब, वीथिका, नुक्कड़ नाटक, नृत्य नाटिकाएँ, रेडियोरूपक, ऑपेरा, छायानाटक आदि समस्त विधाएँ अनुस्यूत हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में भी नाटक शब्द को इसी अर्वाचीन अर्थ में प्रयुक्त किया गया है।

नाट्य क्षेत्र में क्रान्ति लाने वाले साधकों की एक विस्तृत शृङ्खला है इसमें, अभिराज राजेन्द्र मिश्र, राधावल्लभ त्रिपाठी, देवर्षि कलानाथ शास्त्री, हरिदत्त शर्मा, हर्षदेव माधव, वनमाला भवालकर, नलिनी शुक्ला, लीला राव, रमा चौधुरी, कमलारत्नम्, देवकी मेनन, वीणापाणि पाटनी, मिथलेश कुमारी मिश्रा, केशवचन्द्र दाश आदि अनेक रचनाकार सम्मिलित हैं। वस्तुतः इनकी रचनाओं में प्राचीन और अर्वाचीन दोनों नाट्यतत्त्वों की सुगन्ध व्याप्त है। यद्यपि इन नाट्यकारों ने रूपक की समग्रता पर अपनी दृष्टि केन्द्रित की परन्तु भारतीय मनीषियों की प्रज्ञा परिष्कृति के कारण समय-समय पर रङ्गमञ्च एवं तकनीक की दृष्टि से युगानुरूप परिवर्तन होते रहे हैं। शिल्प एवं कथ्य में ध्वनि की प्रमुखता पर एकाग्र होकर जिन नाटकों का प्रणयन किया गया वे 'रेडियो रूपक' के रूप में प्रचलित हुये। आकाशवाणी के प्रसारण एवं तकनीक की दृष्टि से इन्हें सर्वाधिक प्रभावशाली कहा जा सकता है। वर्तमान परिवेश में रेडियो रूपक (ध्वनि नाट्य) और नृत्य नाटिकाएँ ही अधिकांशतः प्रचलित हैं। संगीत नाटिकाओं के प्रति भी

अर्वाचीन नाट्यकारों की अभिरुचि परिलक्षित होती है। इसमें वनमाला भवालकर की रामवनगमन, सीताहरण, पार्वतीपरमेश्वरीय इसी प्रकार की नाटिकाएँ हैं इसमें विविध छन्दों को तदनुरूप तालों एवं रागों में निबद्ध किया है। नलिनी शुक्ला की पार्वतीतपश्चर्या तथा राधानुनयः नृत्य नाटिकाएँ हैं इसमें कत्थक नृत्य की स्वर भंगिमाएँ वर्णित हैं। लीलाराव द्वारा नितान्त आधुनिक शैली में चौबीस नाटकों का प्रणयन किया इसमें कुछ रूपक एकाङ्की हैं और कुछ संगीत नाट्य। इसमें ध्वनि निर्देशों की प्रचुरता होने के कारण रेडियो पर अत्यन्त सफलता पूर्वक प्रस्तुत किया जा सकता है। कमलारत्नम् के गणयच्छाग, विवेकानन्दस्मृति, नचिकेता-यम-संवाद भी इसी प्रकार के रेडियो रूपक कहे जा सकते हैं। अभिराज का 'अभीष्टमुपायन' दहेज पर आश्रित रेडियो रूपक है। यह अपने समस्त मानकों पर खरा उतरता है। दहेज जैसी कुप्रथा के समाधान स्वरूप गृहस्वामी का यह कथन ''**तव सद्गुणा एव मे अतुलनीयं यौतकम्**'' इस नाटक को सुखान्त की ओर ले जाता है और दहेज समस्या का समाधान भी प्रस्तुत करता है। डॉ. राधावल्लभ का 'मेघसन्देश' ध्वनि नाट्य है इसमें मेघगर्जन, वर्षा, वायु की तीव्रता का नाद सम्पूर्ण भावाभिव्यक्ति का माध्यम है। केशवचन्द्र दाश का 'समानी' नाटक धारावाहिक के रूप में लिखा गया सफल प्रयोग है इसमें सम्पूर्ण नाटक के रङ्गनिर्देश श्रव्यम् एवं दृश्यम् में लिखे गये है जो पात्र संवाद के साथ-साथ अभिनय का एक वातावरण भी तैयार करते हैं। इसे दूरदर्शन पर भी अत्यन्त सफलता से प्रस्तुत किया जा सकता है क्योंकि इसमें दृश्य एवं श्रव्य की समान स्थितियाँ हैं। रेडियो एवं दूरदर्शन पर किये जाने वाले सफल नाट्यप्रयोगों ने फिल्म जगत में भी दस्तक दी है। 'आदिशंकराचार्य' नामक संस्कृत फिल्म ने सफलता के अनेक कीर्तिमान स्थापित किये। इसी प्रकार हरिदत्तशर्मा के नाट्यसंकलन 'आक्रन्दनम्' के समस्त एकांकी 'रेडियो रूपक' है। उनका इलाहाबाद आकाशवाणी से कई बार प्रसारण हो चुका है। स्त्री-शोषण के विरुद्ध 'अबलाबलम्' एकांकी का उद्घोष ''**वयं नार्यः राष्ट्रे जागृयाम**'' नारी के नवजीवन की ओर सङ्केत करता है। देवर्षि कलानाथ शास्त्री की संस्कृत नाट्यवल्लरी ध्वनि नाट्य का अनुपम उदाहरण है उन्होंने अपना मत व्यक्त करते हुये लिखा है कि ''इन रूपकों में प्रसारण तकनीक की दृष्टि से जो सूच्य लिखे जाते हैं उन्हें संस्कृत में उल्लिखित किया गया है साथ ही उन्हें अति संक्षिप्त रूप दिया गया है। यद्यपि सामान्य पाठक के लिये उनकी विशेष अर्थवत्ता नहीं है मञ्चन या प्रसारण में ही उनका विशेष उपयोग है।'' (संस्कृत नाट्यवल्लरी

भूमिका पृ. 4,5)

ध्वनिरूपकों के निर्माण में कृतिकार का लक्ष्य यह होना चाहिये कि उनकी भाषा, भाव, शैली अत्यन्त सरल एवं बोधगम्य हो जिस से श्रोता श्रवण मात्र से ही उसे ग्रहण कर सकें क्योंकि मुद्रित नाटक में अर्थ स्पष्ट न होने पर पुनः पठन-पाठन की सुविधा होती है परन्तु 'ध्वनि रूपक' में ध्वनि का सम्यक् प्रयोग ही शाब्दिक वातावरण को तैयार करता है। नाट्यवल्लरी के प्रत्येक एकाङ्की के द्वारा कोई न कोई सन्देश अवश्य दिया गया है जिस से नयी पीढ़ी प्रेरणा ग्रहण कर आदर्शोन्मुख व्यवहार की ओर अग्रसर हो सके। इसमें प्रायः समस्त नाटक प्राचीन आख्यानों के ही नवीनीकरण है, केवल '**धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायाम्**' ही वर्तमान स्थितियों पर लिखा गया नाटक है।

नाटकों के क्षेत्र में समस्यापूर्ति जैसे विषय को लेकर अभिराज ने 'पञ्च सी न मी' जैसा रोचक नाटक लिखा। इसकी कथावस्तु नितान्त नवीन और बेताल पचीसी जैसी रोचक है। प्रत्येक प्रेक्षक अन्त तक इस सूक्ति का अर्थ खोजता रहता है, और नाट्य की समाप्ति तक उसकी रोचकता बनी रहती है। 'वाणीघटकमेलनम्' में एक नया प्रयोग पात्रों के नामकरण को लेकर किया गया है। इसके समस्त पात्रों के नाम व्याकरण के सूत्र वाक्यों पर रखे गये हैं जैसे— छात्रों के नाम *यङ्लुक्, कृदन्त, यङन्त, कर्मवाच्य, एकवचन* आदि। इस प्रहसन द्वारा व्याकरण के सूत्रों का मानवीकरण करके हास-परिहास में ही गूढ़ तत्त्वों की व्याख्या कर दी गयी है। 'देहलीपरिवेदनम्' भी नाट्य नव प्रयोग ही कहा जा सकता है क्योंकि इसमें दिल्ली की चेतना एक वृद्धा में चित्रित है। अतः नादिरशाह का कत्ले आम और दाराशिकोह की यातनाओं से क्षत-विक्षत दिल्ली उस वृद्धा के रूप में विलाप करती है। आज भी वह अपने परिवर्तित स्वरूप में लोकतन्त्र की विकृति देखकर सन्तुष्ट नहीं है यही है अचेतन का चेतन में आरोपण।

इसी परम्परा में पूर्वोन्मेष विधि (Flash back system) को मानकर लिखा गया नाटक 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' भी नवीन कला का परिचायक है। 'प्रमद्वरा' नाटिका की कथावस्तु भले ही प्राचीन हो परन्तु निर्देशक, मञ्च व्यवस्था एव युगबोध की दृष्टि से नितान्त आधुनिक है। नाट्यशास्त्रीय दुर्बोधता को सरलीकृत करने के लिये लेखक ने अनेक परिवर्तन कल्पित किये हैं। इसके अतिरिक्त अर्वाचीन नाट्यमञ्चन में कुछ नवीन प्रविष्टियाँ रही हैं। जैसे प्रकाश का प्रभाव, ध्वनि का प्रभाव, वातावरण संयोजन के लिये मञ्च सज्जा, पर्दे पर छाया दृश्यों का आयोजन, मुखोटों में विविधता। इन समस्त नव प्रयोगों द्वारा नाट्य के

स्वरूप में मञ्चीय दृष्टि से चमत्कारिक परिवर्तन आया है। कुछ नाटक 'लीला नाट्य' शैली में लिखे गये हैं। लीला नाट्य में वेशसज्जा नहीं होती अपितु पात्र अपने अभिनय से ही अपनी पहचान प्रस्तुत करते हैं जैसे 'इन्द्रजालम्' एवं 'कामला' में मदारी और जमूरे के पारस्परिक संवाद सम्पूर्ण समाज का चित्र खींच देते हैं। इसमें वेशभूषा के अप्रभावी होने पर भी प्रस्तुति का आकर्षण प्रेक्षक को बांध देता है। ये नाटक नुक्कड़ नाटक भी कहे जा सकते हैं जिसमें अलग-अलग घटनाओं एवं पात्रों को पिरो कर एक प्रतीकात्मक रूपक का सृजन होता है। 'कमला' नाटक में समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को दिग्दर्शक के संवादों द्वारा भीड़ भरे जनमार्ग पर प्रस्तुत किया गया है। माधव के 'परीक्षा' एवं 'कल्पवृक्ष' नाटक भी लीलानाट्य श्रेणी का ही है। यद्यपि नवीनता की उत्कट अभिलाषा ने इसमें रसानुभूति के 'ब्रेकर' भी बना दिये हैं परन्तु सर्वथा नवीन करने का जुनून माधव के समस्त साहित्य में बिखरा हुआ है। एक ही कथावस्तु को लेकर लिखे गये पाँच नाटक की शृङ्खला वाला 'कल्पवृक्ष' नाटक निश्चित रूप से एक अनूठा प्रयोग है। इसका पात्र मनसुख मनोभाव का प्रतीक है अन्य पात्रों के नाम क्षः, यः पुरुषः, प्रथमा, तृतीयः, मनुष्यः, कन्या, सत्यः, संकल्पः, धर्मः आदि हैं जिनको पढ़कर ही नाटक की अर्वाचीनता का बोध किया जा सकता है। इसके अन्तिम नाटक में दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या जैसे विषयों को उठाया है। भाषा एवं संवाद नितान्त युगानुरूप हैं। पुत्री उत्पन्न करने वाली भार्या के प्रति पति की यह उक्ति-**'एषा रण्डा न पुत्रमपि प्रसूते'** - आधुनिक समाज में स्त्री की दुर्दशा को इंगित करती है। अतः माधव सत्य कहते हैं कि **'यत्र नार्यस्तु दह्यन्ते रमन्ते तत्र राक्षसाः'**।

राधावल्लभ त्रिपाठी ने नर्मालाप शैली में 'प्रेक्षणसप्तकम्' की रचना की है। जिसमें व्यंग्य के साथ-साथ सरल हास्य की सृष्टि होती है। उनका 'मशकधानी' नाटक मञ्च की दृष्टि से सर्वाधिक सफल कहा जा सकता है क्योंकि थके हुये मानव मन को अभिनेताओं का 'कॉमेडी शो' विश्रान्ति देता है। इसमें विदूषक श्रेणी का सेठ अपने संवादों में 'स' के स्थान पर 'श' बोलकर और अपभ्रंशभाषा में पात्रों की दुर्गति कराकर प्रेक्षकों को सम्मोहित कर लेता है। मच्छरदानी के चार बाँसो के स्थान पर खड़े चारों पुरुष बिना वार्तालाप एवं संवादों के ही बार-बार गिर कर हास्य की सृष्टि करते हैं। श्रेष्ठी के मुख से **'ताडयिस्यामि, फाड़यिस्यामि मारयिस्यामि, धाडयिस्यामि, हनिस्यामि, घनिस्यामि'** जैसे शब्द सहसा ही उन्मुक्त हास्य उत्पन्न कर देते है। लेखक का यह कथन कि **''इयमेव**

संस्कृतभाषाया न्यूनता। अत्र प्रचुराः गालयो न सन्ति। अन्याः भाषा अवलोक्यन्तां तावत्। शतशः सहस्रशः गालिभिस्ता भाषाः समृद्धाः सन्ति। कथं प्रगतिशीलाः सन्ति ताः भाषाः''। नर्मविनोद उत्पन्न करता है। (मशकधानी पृ. 46)

इसी क्रम में 'गणेशपूजनम्' को नुक्कड़ शैली की सफल प्रस्तुति कहा जा सकता है जिसमें गणेशपूजन के चन्दे के नाम पर धन्धा किया जा रहा है, स्तुति पूजन के स्थान पर अश्लील फिल्में दिखाने के वायदे किये जाते हैं इस प्रकार यह एकाङ्की समाज की कलुषित मनोवृत्ति को प्रेक्षकों तक पहुँचाता है। 'धीवर-शाकुन्तल' और 'मेघसन्देश' केवल नाम मात्र से ही प्राचीन कथावस्तु का स्पर्श करते है इनकी आत्मा नितान्त अर्वाचीन है। डॉ. त्रिपाठी धीवर की प्रेमिका के रूप में शकुन्तला की नव्य सृष्टि करके इस नाटक को पूर्वाग्रह से मुक्त कर देते हैं। 'मेघसन्देश' एक बच्चे का सहज विश्वास ही तो है जिसे बनाये रखने के लिये लेखक को वर्षा का आयोजन करना पड़ता है। यही आधुनिक नाट्य का प्रयोग विज्ञान है जिसमें एक परिपाटी को छोड़कर तथ्यों को समयानुरूप आकार दिया है। दक्षिण भारत में वीथी नाटक भी इसी प्रकार की सामाजिक पृष्ठभूमि एवं समस्याओं को लेकर लिखे जाते रहे हैं। इस प्रकार संस्कृत नाटकों की अनवरत प्रवहमान यह नाट्ययात्रा उसकी जीवन्तता की द्योतक है।

नाट्य साहित्य में प्रयोग विज्ञान का चरम बिन्दु ''**मृत्युरयं कस्तूरीमृगोऽस्ति**'' में दृष्टि गोचर होता है। जिसमें पाश्चात्य रङ्गमञ्च पर प्रचलित विसंगत नाट्य शैली का प्रयोग किया गया है। 'कब्रस्थाने' इस रूपक में दो मृत पुरुषों के संवाद की प्रस्तुति देखकर सामाजिक हतप्रभ रह जाते हैं। प्रत्येक संवाद में दो-तीन अक्षर एवं शब्द सङ्केत भाषा में निहित होने के कारण अद्भूत वातावरण का निर्माण करते हैं। ''**चिताग्निः साक्षिरूपो वर्तते**'' इस रूपक के पात्र हैं। दो प्रेत और एक आसन्नमृत्यु कन्या। मृत्यु से साक्षात्कार जैसे विषय के लिये यह रूपक सटीक प्रतीत होता है। एक गूढ़ शाब्दिक चित्र द्रष्टव्य है—

''एहि, चिताग्निः साक्षिरूपो वर्तते। पश्य, आग्नेयकीटाः जीर्णवृक्षे शयनगृहप्रदीपायन्ते वासनायुक्तोऽस्ति नीलान्धकारः, त्वमेव मे प्रियतमा।'' (पृ. 18)

इस प्रयोगधर्मिता का कारण न केवल हमारी सामाजिक परिस्थितियों में परिवर्तन का होना है अपितु हमारी जीवनशैली का बदलाव भी है। आज घण्टों तक चलने वाले नाटकों का स्थान छोटे-छोटे एकाङ्की ले रहे हैं। क्योंकि श्रोता एवं दर्शकों पर न तो बडे नाटकों को देखने का समय है और न रुचि। अतः कम

समय में अधिक आनन्द प्राप्त करने के मनोविज्ञान ने ही संगीत एवं नृत्य नाटिकाओं, रेडियो रूपक, ध्वनि नाट्य एकाङ्की जैसे लघु नाटकों में अपनी रुचि व्यक्त की है। उदाहरणार्थ कलानाथ शास्त्री का 'नाट्यशास्त्रावतार' नाटक पच्चीस मिनिट में अभिनीत किया जा सकता है। प्रेक्षणसप्तकम् के समस्त नाटक तीस से चालीस मि. में, कल्पवृक्ष के समस्त एकाङ्की 15 से 20 मि. में, अभिराज के अधिकांश नाटक 25 से 40 मि. के मध्य प्रस्तुत किये जा सकते हैं। ध्वनि एवं दृश्य परिवर्तन द्वारा वर्षों एवं माह का अन्तराल प्रेक्षकों को सरलता से सम्प्रेषित किया जा सकता है। वस्तुतः नाट्यपरम्परा में बदलते हुये प्रयोग विज्ञान से यह स्पष्ट है कि आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के प्रकाश में रङ्गमञ्च पर नाटक को प्रस्तुत करने की नवीन शैलियों का विकास हुआ है। सिनेमा के अविष्कार और एकांकी नाटक के बढते प्रभाव ने रङ्गमञ्च विषयक नये-नये प्रयोगों को जन्म दिया है। हत्या, मृत्यु, युद्ध विषयक दृश्यों को लेकर प्राचीन नाटकों में जो प्रतिबन्ध थे वे अव शिथिल हो चुके हैं। रङ्गमञ्च की आधुनिक साजसज्जा, ध्वनि प्रकाश योजना इतनी सशक्त है कि दर्शक को दृश्य कल्पना की आवश्यकता ही नहीं है। वर्षाकालीन दृश्य को आकाशीय विद्युत् और ध्वनि साम्य से सजीव कर दिया जाता है। नृत्य नाटिकाओं में विद्युत प्रकाश को गतिशील करके विभिन्न भावों को सरलता से सम्प्रेषित किया जाना भी सम्भव हो गया है। इस प्रकार नाटक केवल अभिनय नहीं साधना है, भोग नहीं योग है, प्रदर्शन नहीं अपितु ब्रह्मानन्द सहोदर है। अब वह दिन दूर नहीं जब विकसित होती नाट्यकला में भरतमुनि का घोष, शिव का ताण्डव और पार्वती का लास्य एक बार फिर थिरक उठेगा। इसलिये अर्वाचीन नाट्यकारों पर नाट्यशास्त्रीय नियमों की अवज्ञा करने का आरोप भले ही लगे परन्तु उन्हें अपनी शोध परक दृष्टि को और विकसित करना होगा क्योंकि उन्हें पता है कि सम्भावनाओं के द्वार अभी भी खुले हुये हैं :

वक्त का रुकना यहाँ सम्भव नहीं,
छोड़ दे यह काफला सम्भव नहीं,
मोड़ तक पहुँचे, नये हैं मोड़ फिर,
एक सबका हो जहाँ सम्भव नहीं।

कालोऽस्मि पृ. 17

17

आधुनिक रङ्गमञ्च और नाट्यशास्त्र सम्मत प्रयोग— मुंशी अजमेरी के अप्रकाशित नाटक 'रामचरित' की पाण्डुलिपि के विशेष सन्दर्भ में

सत्यवती त्रिपाठी

नाट्यशास्त्र की भारतीय परम्परा रस को केन्द्र में रखकर विकसित हुई है। आस्वाद की प्रक्रिया के लिए वस्तुतथ्य और शिल्प की ताज़गी अनिवार्य है।

नाट्य के प्रवर्त्तक आचार्य भरत ने नाटक के उपादान में प्रयोग की सम्भावनाओं के लिए स्थान छोड़ा है। भरत की नाट्य की समग्र अवधारणा में अत्यधिक विविधता और लचीलापन है।

उन्नीसवीं शताब्दी में नाट्यशास्त्र के मुद्रित रूप में प्रकाशन के साथ ही रङ्ग परम्परा से उसके अन्तःसम्बन्धों की ओर रङ्गकर्मियों का ध्यान गया। प्रयोग की दृष्टि से इस दिशा में हुए प्रयासों को हम भिन्न-भिन्न कोटियों में रख सकते हैं।

1. संस्कृत नाटकों का मूल रूप में या भारतीय भाषाओं में उनके अनुवादों का नाट्यशास्त्रीय मंचन।
2. आधुनिक नाटकों का नाट्यशास्त्र के आधार पर प्रयोग।
3. लोक नाट्यों तथा पारम्परिक नाट्य रूपों, परम्परिक नृत्यों के माध्यम से नाट्यशास्त्रीय विधानों का प्रयोग में समायोजन
4. आधुनिक नाटकों के वस्तु और शिल्प पर नाट्यशास्त्रीय विधानों का प्रभाव।

इनमें प्रारम्भिक दोनों स्तरों पर जो प्रयास किये गये, उनमें एक सीमा तक

नाट्यशास्त्र के पाठ पर भी विचार किया गया और इसीलिये नाट्यशास्त्र के जानकार पण्डितों तथा रङ्गकर्मियों के बीच संवाद और विमर्श का सिलसिला भी प्रारम्भ हुआ।

संस्कृत नाटकों का मूल रूप में या भारतीय भाषाओं में उनके अनुवादों के नाट्यशास्त्र सम्मत प्रयोगों की बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में एक सुस्पष्ट परम्परा दिखाई देती है। ऐसे प्रयोगों के लिये कतिपय विशिष्ट केन्द्र भी बने। इनमें राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली, संस्कृत रङ्ग, चेन्नई, अभिनव भारती, वाराणसी, कालिदास अकादमी, उज्जैन तथा तिरुवनन्तपुरम् के 'सोपानम्' का नाम लिया जा सकता है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, दिल्ली में रहकर जिन निर्देशकों ने नाट्यशास्त्र सम्मत प्रयोगों की परम्परा का सूत्रपात किया, उनमें शान्ता गाँधी और गोवर्धन पाँचाल के नाम लिए जा सकते हैं।

शान्ता गाँधी के नाटक 'उरुभङ्ग' और गोवर्धन पांचाल के निर्देशन में खेले गये 'दूतवाक्य' आदि के प्रयोगों में नाट्यशास्त्र का पाठालोचन भी झलकता था। इन प्रयोगों में नाट्यशास्त्र सम्मत 'मत्तवारिणी' तथा रङ्गपीठ और रङ्गशीर्ष की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास किया गया तथा अभिनय की दृष्टि से हस्त व करणों का सधा हुआ प्रयोग किया गया।

वाराणसी की अभिनव भारती संस्था के प्रयोगों में सत्तर के दशक में 'मालविकाग्निमित्र,' 'कालिदासस‌ङ्गीत' तथा 'मुद्राराक्षस' के अभिनय ऐतिहासिक महत्त्व के हैं। इन सारे उपक्रमों की एक विशेष परिणति अस्सी के दशक में कालिदास अकादमी, उज्जैन के द्वारा तीन कुशल निर्देशकों के निर्देशन में 'विक्रमोर्वशीय' नाटक के चतुर्थ अङ्क के प्रयोगों द्वारा हुई। इनमें कावलम् नारायण पणिक्कर तथा प्रो. कमलेशदत्त त्रिपाठी के प्रयोग मूल संस्कृत में तथा निर्देशक रतनथियम का प्रयोग मणिपुरी में हुआ।

सन् 2005 में भारत भवन में आयोजित कालिदास अकादमी द्वारा राष्ट्रीय संस्कृत नाट्य समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें सम्पूर्ण 'विक्रमोर्वशीय' के मूल भाषा में ही तीन प्रयोग हुए – 'सोपान' की ओर से के. एन्. पणिक्कर के निर्देशन में, कालिदास अकादमी की ओर से राजेन्द्र अवस्थी के निर्देशन में तथा नाट्य परिषद्, सागर की ओर से प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक कमल वासिष्ठ के निर्देशन में प्रस्तुतियाँ हुईं।

आधुनिक नाटकों का नाट्यशास्त्र के आधार पर प्रयोग का एक उपक्रम गिरीश रस्तोगी ने हजारी प्रसाद द्विवेदी के उपन्यास के अपने नाट्य रूपान्तर— 'बाणभट्ट

की आत्मकथा' का नाट्यशास्त्र सम्मत प्रयोग द्वारा किया।

विदेशी नाटकों का नाट्यशास्त्र या पारम्परिक नाट्यरूपों के आधार पर प्रयोग का एक सुन्दर उदाहरण ब. व. कारन्त के निर्देशन में रघुवीर सहाय द्वारा अनूदित 'मैकबेथ' का 'बरनम वन' के नाम से मंचन है। इसमें यक्षगान शैली में प्रयोग किया गया।

लोकनाट्यों तथा पारम्परिक नाट्यरूपों पारम्परिक नृत्यों के माध्यम से नाट्यशास्त्रीय विधानों का, प्रयोग में समायोजन आज अनेक प्रतिभाशाली निर्देशक कर रहे हैं। इनमें नाट्यशास्त्र का प्रत्यक्ष सन्निवेश भले ही न हो पर पारम्परिक भारतीय नाट्य में नाट्यशास्त्र के अनेक विधान, अभिनय पद्धतियों और रङ्ग-प्रविधियों का प्रामाणिक प्रयोग होता आ रहा है। अतएव प्रयोग की दृष्टि से कुछ ऐसे निर्देशक जो इन पारम्परिक नाट्यरूपों में प्रवीण थे, उन्होंने पारम्परिक रङ्गमञ्च से जुड़कर एक गहरे अर्थ में नाट्यशास्त्र का आज के रङ्गमञ्च पर नवाविष्कार किया।

कावलम् नारायण पणिक्कर, रतन थियम और कन्हाई लाल निर्देशकों में उल्लेखनीय नाम कहे जा सकते हैं। जिनमें रतन थियम और कन्हाई लाल ने अपने प्रयोगों के लिए मणिपुरी लोकनाट्य की शैलियों का अन्यन्त रचनात्मक उपयोग किया और पणिक्करजी ने केरल के लोकनाट्यों का।

नाट्यशास्त्र ने समकालीन रङ्गमञ्च पर बीसवीं सदी में जो गहरी छाप अंकित की, उसका असर समकालीन नाट्य लेखन पर भी होना स्वाभाविक था— इस दौर में लिखे जाने वाले अनेक नाटकों में प्रस्तावना, नान्दी आदि नाट्यशास्त्रीय विधानों अथवा अभिप्रायों का नये सन्दर्भों में प्रयोग किया गया। शम्भुमित्र के 'काञ्चनङ्ग' की प्रस्तावना में सूत्रधार और नटी की बातचीत सीधे नाट्यशास्त्र परम्परा से इस अत्याधुनिक नाट्य को जोड़ती है।

हिन्दी में शङ्कर शेष, मणि मधुकर आदि नाटककारों की कृतियों में हम अनेक स्तरों पर नाट्य शास्त्रीय विधानों का रूप देख सकते हैं।

लोकनाट्यों की परम्परा में ख्याल, माच, लीला नाट्य आदि के मञ्च के लिए अनेक नये नाटक उन्नीसवीं-बीसवीं शतब्दियों में लिखे गये। इनमें परोक्ष रूप से भरत मुनि के नाट्यशास्त्र का प्रभाव परिलक्षित होता है। नाट्यशास्त्र में वर्णित पूर्वरङ्ग व प्रस्तावना की विधियां किसी न किसी रूप में भारत के विभिन्न अञ्चलों में प्रचलित लोकनाट्यों में प्रयुक्त होती रही हैं। अतः इन लोक नाट्यों के मञ्च के लिए नये नाटक लिखने वाले नाटककारों ने भी इस प्रकार के

नाट्यशास्त्रीय विधि विधानों का प्रयोग अपनी नाट्यकृतियों में किया।

उन्नीसवीं और बीसवीं शताब्दी में हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं में हिन्दी तथा अन्य भारतीय भाषाओं के रङ्गमञ्च और नाटक पर योरोपीय परम्पराओं का प्रभाव पड़ा, पर परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से नाट्यशास्त्र की परम्पराएं भी उन्हें प्रभावित करती रहीं। इसका एक रोचक उदाहरण हम मुंशी अजमेरी 'प्रेम' के द्वारा विरचित अप्रकाशित 'रामचरित' नाटक की पाण्डुलिपि में देख सकते हैं।

मुंशी प्रेमविहारी अजमेरी मुंशी 'अजमेरी प्रेम' के नाम से भी साहित्य में प्रसिद्ध है। इन का जन्म दि. 25 नवम्बर 1881 को चिरगाँव, झाँसी में हुआ तथा 26 मई 1937 के दिन यहीं पर इनका निधन हुआ। ये राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के बाल सखा तथा प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। बच्चनजी ने इनके विषय में सत्य ही लिखा है –

बजती क्या
मैथिलीशरण के
काव्य कीर्ति की भेरी
मिलते अगर
न उनको
श्री मुंशी अजमेरी ?

मुंशीजी ने हिन्दी में 'रामचरित' नाटक की रचना की। यह नाटक अप्रकाशित है। इसकी पाण्डुलिपि कवि के पौत्र श्री विद्यासागर शर्मा के पास है जो खंडवा में निवास करते हैं। मुझे इसकी प्रतिलिपि उनके सौजन्य से प्राप्त हुई।

इस नाटक के द्वारा लगभग डेढ़ सौ दो सौ वर्ष पूर्व उत्तर भारत और विशेषत: बुन्देलखंड के अञ्चल में रामलीला किस प्रकार खेली जाती थी— यह हम जान सकते हैं। सम्पूर्ण नाटक मुंशीजी ने रामलीला की शैली में लिखा है तथा इसमें उस समय की रामलीलाओं में गाये जाने वाले गीत व विधिविधानों का समावेश किया है। तुलसी के रामचरितमानस के भी दोहे और चौपाईयों को इसमें बीच-बीच में जोड़ा गया है। इस नाटक में राम के अवतार के लिए मनु और शतरूपा के तप से लेकर राम के द्वारा शिव के धनुष को तोड़ने व सीता के द्वारा उनके कंठ में वरमाला डालने तक की कथा सात अङ्कों में प्रस्तुत की गई है।

मुंशी जी नाट्यशात्र के विधिविधानों से परिचित हैं। नाट्यशास्त्र में विधान है कि नाटक आरम्भ करने के पूर्व पूर्वरङ्ग किया जाना चाहिये। पूर्वरङ्ग आनुष्ठानिक भी होता है, और नाटक की प्रस्तुति के लिए वह एक कलात्मक उपक्रम भी

होता है। इसमें देवताओं की स्तुति तथा नाटक की भूमिका बाँधी जाती है। इसी परम्परा में मुंशीजी ने 'रामचरित' में आरम्भ में सूत्रधार के द्वारा वन्दना और पुष्पांजलि कराई हैं।

मुंशी अजमेरी जी के इस नाटक की प्रस्तावना में संस्कृत नाटकों की प्रस्तावना की झलक मिलती है। भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में बताया है कि नाटक की प्रस्तावना में त्रिगत के अन्तर्गत सूत्रधार, नटी या विदूषक नाटक के आरम्भ में उसके मंचन की भूमिका बाँधते हुए रोचक ढंग से चर्चा करके उसकी अवधारणा करते हैं। कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तल, शूद्रक के मृच्छकटिक या राजशेखर के नाटकों में सूत्रधार मंच पर आकर पहले दर्शकों को संबोधित करता है, फिर नटी को पुकारता है। मुंशीजी ने इस नाटक में इसी परम्परा का पालन करते हुए सूत्रधार और नटी का सुन्दर रोचक संवाद अपने नाटक की प्रस्तावना में जोड़ा है। इस पूरे संवाद की सरंचना संस्कृत नाटक तथा नाट्यशास्त्र की परम्परा के सर्वथा अनुरूप है। उदाहरण के लिए –

सूत्रधार – हां तो इस सभ्य समाज के सामने आज कौन सा नाटक खेला जाये कि जिससे मनोरञ्जन के साथ-साथ शिक्षा की प्राप्ति भी हो। (कुछ सोचकर) अच्छा, तो इस विषय में अपनी पत्नी से परामर्श कर लूं – वह सलाह देने में बड़ी प्रवीण है। (नेपथ्य की ओर घूमकर)-प्रिये क्या कर रही हो-जरा इधर तो आओ!

नटी – (नेपथ्य से) आई— प्राणनाथ !
(नटी का प्रवेश)

नटी – (प्रणाम करती हुई)— कहिए क्या आज्ञा है ?

सूत्रधार – कल्याण हो ! प्राणवल्लभे, आज मेरा विचार नाटक खेलने का है, इससे सभ्य पुरुष तथा महिलाएं और बालकगण इस रङ्गालय की शोभा बड़ा रहे हैं। मैं चाहता हूँ कि कोई ऐसा नाटक खेला जाय जो कि दर्शक मण्डली को आनन्द दायक तथा शिक्षाप्रद

नटी – (बीच में ही रोककर) साथ ही भक्तिरस का आनन्द भी मिले!

सूत्रधार – वाह, वाह तुम्हारी रुचि की मैं प्रशंसा करता हूँ-अच्छा तो बताओं कौन सा नाटक उपयुक्त होगा ?

यदि हम अभिज्ञानशाकुन्तल की प्रस्तावना से इस रामचरित नाटक की इस

प्रस्तावना की तुलना करें तो देख सकते हैं कि मुंशी अजमेरी प्रेम ने अपने नाटक में कालिदास की प्रस्तवना से प्रेरित होकर भी नया रूप दिया है, तथा नाट्यशास्त्र के त्रिगत के विधान का भी उन्होंने पालन किया है।

मुंशीजी ने अपने इस नाटक में इतिहास, रामायण, महाभारत तथा पुराणों के अपने गहरे अध्ययन का परिचय दिया है। तुलसी का रामचरितमानस तो उनके मानस पर पूरी तरह छाया हुआ है। इसके अनुरूप उन्होंने पहले अङ्क का पहला दृश्य स्वायंभुव मनु की राजसभा से आरम्भ किया है, फिर मनु की शतरूपा के साथ तपस्या का निरूपण किया है।

पूरे नाटक में अङ्को का विभाजन प्राचीन संस्कृत नाटक की परम्परा के अनुरूप है। अङ्कों का छोटे-छोटे दृश्यों में विभाजन आधुनिक नाटक के संविधान के अनुरूप है। वास्तव में परम्परा और आधुनिकता का सुन्दर समन्वय इस नाटक में हुआ है।

भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र में नाट्य के ग्यारह अंग बताए हैं।— रस, भाव, अभिनय, धर्मी, वृत्ति, प्रवृत्ति, सिद्धि, स्वर, आतोद्य, गान तथा रङ्ग या रङ्गमञ्च। इन ग्यारह तत्त्वों का उनके अंगों या भेदोपभेदों के साथ समन्वय होने से नाटक सफल होता है। मुंशीजी ने इस नाटक को भरत मुनि के नाट्य-मानक के अनुरूप व्यवस्थित परिकल्पना में ढाला है। इस नाटक में राम और सीता के मिलन में पूर्वराग, शृङ्गार, राजाओं द्वारा धनुष तोड़ने के असफल और हास्यास्पद प्रयासों के चित्रण में हास्य, विश्वामित्र के द्वारा राम को ले जाने के अनुरोध पर दशरथ के शोक के चित्रण में करुण, रावण के क्रोध के चित्रण में रौद्र, राम के पराक्रम, ताड़का, सुबाहु, मारीच आदि से युद्ध व धनुर्भंग के निरूपण में वीर तथा परशुराम के आगमन के समय अयोध्यावासियों व रानियों के भय के चित्रण में भयानक रस है तो धनुर्भंग आदि अनेक दुश्यों में अद्‌भुत और राम व अन्य देवों की वंदना के प्रसङ्गों में शान्त रस का परिपाक हुआ है। केवल वीभत्स रस नहीं है। इस प्रकार आठ रसों की अत्यन्त मनोहर अभिव्यक्ति मुंशीजी ने अपनी रचना में की है। इसके साथ ही उपर्युक्त विविध प्रसंगों में निर्वेद, ग्लानि, शङ्का, असूया आदि संचारी भावों तथा स्तम्भ, स्वेद, रोमाञ्च आदि सात्त्विक भावों का भी यथास्थान सन्निवेश नाटककार ने किया है। नाटक के प्रयोग में आंगिक, वाचिक, सात्त्विक और आहार्य चारों प्रकार के अभिनयों को समाहित करना आवश्यक है। ये अभिनय चार वृत्तियों का प्रयोग किया है। राम सीता के सौन्दर्य के वर्णन और पुष्प वाटिका में उनके परस्पर दर्शन के प्रसङ्ग में कैशिकी वृत्ति है। भारती वृत्ति

वाग्व्यवहार प्रधान होती है। नाटक में आद्यंत संवाद की सुसंबद्ध सुगठित योजना है, जिसके कारण पूरे नाटक में भारती आरंभ से अन्त तक बनी रही है। राम, विश्वामित्र जैसे पात्रों का उदात्त चरित्र इस नाटक में जहाँ-जहाँ चित्रित है वहा; सात्त्वती वृत्ति है। उद्धत चेष्टाओं और तीव्र वेगशाली राक्षस पात्रों की चेष्टाओं का सातवें अंक में नाटककार ने निरूपण किया है, इसमें आरभटी वृत्ति है।

इस प्रकार चारों वृत्तियों से सम्पन्न होने के कारण इस नाटक के मञ्चन में आंगिक, वाचिक, सात्त्विक और आहार्य— ये चारों प्रकार के अभिनय उपादेय हो जाते हैं। धर्मी या नाट्य प्रस्तुति की शैली दो प्रकार की है - नाट्यधर्मी और लोकधर्मी। मुंशीजी के 'रामचरित' मे दोनों शैलियाँ साथ-साथ चलती हैं। अनेक भावपूर्ण दृश्य नाट्यधर्मी पद्धति के प्रयुक्त होने पर सुन्दर लग सकते हैं, और कई दृश्य स्वाभाविक लोकधर्मी पद्धति से करने पर प्रभाव डालते हैं। नाटक में जहाँ दर्शकों के रस, भाव में पूरी तरह तन्मय होने की स्थिति आती है वहाँ देवी सिद्धि, और जहाँ दर्शक तटस्थ होकर दृश्य का आनन्द लेते हैं, वहाँ मानुषी सिद्धि होती है। इस नाटक में दोनों प्रकार की सिद्धियों के लिए पर्याप्त अवकाश है। नाट्य के शेष अङ्गों में स्वर और गान का सम्बन्ध सङ्गीत से है। नाटककार मुंशी अजमेरी प्रेम सङ्गीत के अच्छे जानकार थे। उन्होंने इस नाटक में गाये जाने वाले गीतों में राग व ताल का निर्देश किया है। इस प्रकार संगीत का समावेश इस नाटक में यथेष्ट रूप में हुआ है।

इस नाटक का रङ्गमञ्च लीलानाट्य के अनुरूप कल्पित है। अङ्कों का विभाजन दृश्यों में हुआ है, जिससे नाटक में निरन्तर गति एवं विविधता बनी रहती है।

इस प्रकार इस अप्रकाशित नाटक की पाण्डुलिपि के अध्ययन के आधार पर हम कह सकते हैं कि बीसवीं शताब्दी के हिन्दी नाटकों में लीलानाट्य की परम्परा में भरतमुनि के नाट्यशास्त्र के अनुसार प्रयोगिक विधान का निर्वाह किया जाता रहा है।

18

MS. 'N' of the *Nāṭyaśāstra* of Bharata

Tapasvi Nandi

It would not be worth repeating the details concerning the editing or critical editing of the *Nāṭyśāstra* (hereafter *Nā. Śā.*) from the year 1865. We express our gratitude to Fritz Edward Hall, Heymann, Paul Regnaud, Grossept, Shiv Dutta and Kashinath Panduranga who contributed to bringing the *Nāṭyśāsra* into light. Their efforts were made in years before AD 1900.

With the edition –Gaekward Orientl Series (G.O.S.) of the first volume in AD 1926 a new phase began. This contained the *Abhinavabhāratī* (*A.bh.*) on the *Nā. Śā.* also. Ramakrishna Kavi consulted some forty mamuscripts made available to him from different parts of India. The same was re-edited in 1956 by K.S. Ramaswami Shastri. In the Introduction, the editor attempted a critical and comparative study of all the mamuscripts available to him. Some of them were available in a transcribed forms. He classified these into अ, स, म, and त groups. We need not go into details that are known to the world of scholars.

Volume II of the *Nā-Śā.*, in the G.O.S. published in 1936 combined Chapters VIII-XVIII, along with the *A.bh.* Vol. III has Chs. XIX-XXVII and Vol. IV has Chs. XXVIII to XXXVII.

These appeared in '54 and '64 respectively. These parts also contained the *A. Bh.* During these years we also came across the Kashi Sanskrita Series (KSS). –edition, containing thirty six chapters, and based on two MSS. In 1929 Manomohan Ghosh gave us the whole of the *Nāṭyaśāstra* with critically prepared text with, English translation. Vol. I contained Chs. I–XXVII, and Vol. II had Chs. XXVIII-XXXVI. Meanwhile a number of valuable attempts were made by the great names of Pandit Vishveshvarjee, Pandit Madhusūdana Shashri, G.V. Bhat, etc. P.V. Kane and S.K. De also had their contribution in it and Raghavan, G. T. Deshpande, Dolat Rai Mankad, W. Wilson, Rangacharya and others contributed through their observations. Parimal Prakashan, with R.S. Nagar as editor, reproduced all four volumes. of the G.O.S. , showing variants from the Gaekward Oriental Series, Nirnaysagar edition, Kashi Sanskrit Series edition, Manomohan Ghosh. edn., Kāvyamālā edition etc. in the footnotes. The third edn. of the G.O.S. vols is also attempted with K. Krishnamoorthy editing the Vol. I (1992), while Vol. II (2001), Vol. III (2003) and Vol. IV are taken care of by V.M. Kulkarni and Nandi.

This third edition of the G.O.S. as noted above is made richer by also looking into a MS. called 'N', acquired by the Oriental Institute (O.I.) Vadodara from Beer Library, Kathmandu (Nepal). Krishnamoorthy (Preface, p. 3, vol. I, G.O.S. 1991) observes that, this MS is referred to with the abridged symbol 'N'. There is yet another MS acquired by the Oriental Institute. This is of the *A. Bh.*, which is disappointing. K. Kris observes that the Nepal MS. was not new and he felt disappointed with the same. Actually R. Kavi had already recorded its important readings under his म, and त, though he has not been consistent in noting all readings. K. Kris has attempted it in a consistent way.

It may be noted that Nandi, under the guidance of Kulkarni has attempted the critical examination of MS. 'N'. in almost a perfect fashion. V.M. Kulkarni has taken care of the *A. Bh.* portions in the vols, II, III & IV and Nandi

concentrated on the *Nāṭyaśāstra* text in all the three volumes, keeping MS 'N' before him. The results are more rewarding than what K. Kris has made out to be.

It has been observed by Nandi (Vol. II, Preface, pp. vii ff, that the MS. N. has at times different variants from different scripts in the G.O.S. edn. as 'द', 'न', 'म', 'ढ', 'ज', 'ट', 'ठ', 'प', 'त', 'ब', 'भ', 'ग', 'ण', 'र', 'इ', 'य', and 'ड';

Again 'N' seems to be closer to one or the other MS, in different chapters. No definite design emerges out of this. This we have noted with reference to relevant chapters.

Number of verses in a given chapter also differs, as well as the number of chapters. We have attempted a comparative study while preparing a fresh critical edition of vols. II–IV, keeping in view this transcript of the so called N.

Full description of all variations in numbering of verses and half verses has been attempted in the foot-notes to the fresh eedition. All colophons to different chapters are noted and compared with those in the G.O.S. edition. Difference in numbering of chapters is observed and noted.

The G.O.S. edition has thirty-seven chapters but the present N. shows thirty-three chapters. All topics in the thirty-seven chapters of the G.O.S. are accommodated in the thirty-three chapters of the MS. N.

As already noted, 'N', shows a number of absolutely new variants. We have added these in the footnotes with special numbers, such as 1a, 2b, 3c, 3d, etc. While preparing the new edition of the G.O.S., when 'N' has the same variant as read in, say, द, न, म, etc. we have placed 'N' along with that.

In Vol. II, N. Shows 366 new variants. 136 readings are in agreement with 'द', 66 with 'न', 25 with 'म', 15 with 'च', 12 with 'ढ', 2 with 'ज', 5 with 'ट', 1 with 'ठ', 18 with 'प', 2 with 'फ', 5 with 'र', 1 with 'भ', 1 with 'ग', 'ण', 2 with 'ब', 14 with 'र', 1 with 'इ', 14 with 'य' and 106 with 'ड'.

As observed earlier ms 'N.' differs from the G.O.S. edition not only in number of chapters, but also in number of verses,

even sequence of verses too, in a given chapter. The colophons also do not read identically at times. At times half verses or a single line from a verse from the G.O.S. edition is read in a different verse in 'N'.

In vol. III G.O.S., 'N.' has a different design as follows:

Ch. XIX G.O.S. = Ch. XXIV; 46 new readings are noted in N.

Ch. XX = Ch. XXI (N); 28 new readings; G.O.S. edition has 77 verses, 'N' reads 72 verses.

Ch. XXI = Ch. XXII (N), 33 new readings 'N', seems to be closer to **'न'** in this chapter.

Ch. XXII = Ch XXIII (N), 33 new readings

Ch. XXIII = Ch. XXIV-N.; 20 new readings; 'N', is closer to **'न'** & **'च'** and has 78 verses as against 80 read in the G.O.S. edition.

Ch. XXIV = Ch. XXV N; It may be noted that the editor Kavi (edn. 1954) has noted (p. 248) in the that two sets of readings are noted in this and that the first one which follows the commentary is given by him first : **प्रथमं वृत्तिकारपाठानुसारी य-म-न-भ-आदर्शपाठ; अनन्तरं अनुबन्धरूपेण च-फ-पाठस्तु निवेश्यते।**

A ctually the editor has done something else. He has given the second reading not as **'अनुबन्ध'** but (as in the case of Ch. XVI) a separate *adhyāya* or chapter XXV **पञ्चविंशोऽध्यायः** (G.O.S.), 'N.' gives this a second reading. So now becomes Ch. XXV in the N also. In both these chapters the verses are equal in number i.e. 125. Thus virtually Ch. XXIV of the G.O.S. edition which is termed as **पुंस्त्र्युपचारो नामाध्यायश्चतुर्विंशः** is not read in N. Both the G.O.S. and N. identically call their Ch. XXV as **'चित्राऽभिनयो नाम पञ्चविंशोऽध्यायः—** so, Ch. XXV of G.O.S. is Ch. XXV of N. But Ch. XXIV (G.O.S.) (edition, 54) (vs. 1-89) seems to be equivalent to some verses in the beginning of Ch. XXXIII of 'N.', (Vol. IV). Ch. XXC N. has 48 new readings.

Ch. XXVI G.O.S. = Ch. XXVI N. It may be noted that the G.O.S. has only thirty-eight verses in this chapter and the

colophon calls it to be **'विकृतिविकल्पो नाम षड्विंशोऽध्यायः** The 'N', has 101 verses in this chapter and it covers up Ch. XXVII of the G.O.S. also and the colophon reads as–**इति भारतीये सिद्धिव्यञ्जको नामाध्यायोः षड्विंशः।** The G.O.S. edition has its Ch. XXVII named as **''सिद्धिव्यञ्जको नाम सप्तविंशोध्यायः।''** Thus the two texts are not in agreement.

Ch. XXVI G.O.S. (vs. 1–38) is not read in N. The whole chapter is missing. Again, Ch. XXVI N begins with verse No. 1 where 'ab' are missing. So 1 cd (N), Ch. XXVI is read as **''प्रयोगज्ञैर्न कर्तव्यो नाटके सिद्धिमिच्छता''** V_2 = N. is V_1 Ch. XXVII, G.O.S. (p.301–8).

Now, Ch. XXVII (G.O.S.) = Ch. XXVI N; 33 new variants are read in N.

Ch. XXVII G.O.S. has 104 verses = Ch. XVI. N; which has 101 verses. N has some resemblance with **'र'** , In Vol. III (G.O.S.) we read 241 totally new readings from 'N.'

Appendix–I to Vol. III G.O.S. – revised edn. 2003, (p. 321) shows that some verses read in Ch. XXXIII (N) are read in Ch. 24, G.O.S., p. 263, Vol. III. The Ch. XXXIII (N) is quoted in full in this appendix. It has 142 verses.

Vol. IV (G.O.S.) has many irregularities with reference to 'N'. (p. 521) Appendix-I shows vs. 194–299, Ch. III MS. 'N', which are absolutely new in MS N.

Appendix-II (p. 529) shows further where 'N' differs. (pp.-529–36). Appendix-III (p. 537 G.O.S. edn. Vol. IV) shows Variants as read in N pp. 416–21 (=pp 537-39). Appendix-IV shows variants as read on p. 438 of N-transcript. These are vs. 123-39 i.e. 17 in all. Appendix-V (p. 542, G.O.S. edn.) shows N variants on p. 452, of the transcript. The whole is a prose passage beginning with **''तस्यैव चान्ते''** and ending with–**''सिद्धिरपि''।**

We have not quoted the colophons in the G.O.S. and 'N' that do not read identically for want of time and space. The learned will look for all this in the published volumes II, III & IV of the new of the G.O.S. one thing is clear the 'N', is

not so unimportant and it surely deserved a better attention from K. Krishnamoorthy.

In the end we will also mention the new edition of the Nāṭyaśāstra part–I, termed *Kāvaya-lakṣaṇa-lakṣita* covering Chs. I-III, VI, XVII, XIII–XXVII, XXXV and XXXVI, ed. R.P. Dwivedi, 2005 A.D. His observations are critical and deserve further discussion. We do not mention our differences with him at this juncture. Dwivedi, following P.V. Kane seems to place Daṇḍin as prior to Bhāmaha. We do not agree. In all known commentaries on given works on alaṅkāra, we read such an expression as **यथा भामहादिभिः—** and never as **'यथा दण्ड्यादिभिः।** This speaks for itself. In his **नन्दिनी (टिप्पणी)** he has quoted at places different readings, without mentioning the source. But with all this his effort is commendable and his observations are sound though we do not agree when he seems to be overdoing while criticizing Ānandavardhana and Ābhinavagupta.

We eagerly await the arrival of other parts of the *Nāṭyaśāstra* as planned by him. We are grateful to him for a copy of his work, which he spared for us.

19

Some Textual Problems in the *Nāṭyaśāstra*

Jayanti Tripathi

The Indian theorists on dramaturgy have developed some theories following which a dramatic piece has to be composed or presented. The construction of the plot and proper development of the same largely depend on the employment of these theories. Bharata is the earliest authority to have dealt extensively on this problem in his *Nāṭyaśāstra*. The present paper tries to reflect upon the interesting textual problems related to dramaturgy. It is significant to note that often the text of Bharata is ambiguous and difficult to understand since sufficient aid is not available for understanding the technical terms, because neither there is any immediate commentary on it nor Bharata employs any illustration like later theorists to make the point clear. On the backdrop of this introduction it is proposed to discuss on the text of Bharata dealing with the number of *sandhyaṅgas* having scope of confusion and ambiguity with regard to its proper interpretation and authenticity.

The discussion is based mainly on the views of some important critics like Jagaddhara (AD 1300-1450), Kāṭayavema (AD 1381-1416), Rāghavabhaṭṭa (AD 1475-1500), Nīlakaṇṭha (AD 1665), Ḍuṇḍhirāja (AD 1713), Tripurāri and

Pūrṇasarasvatī. The view of the theorists like Abhinavagupta (Abhi), Dhanañjaya (Dr), Rāmacandra and Guṇacandra, (ND), Siṅgabhūpāla (RS), Viśvanātha (SD), and Śāradātanaya (BP), Vidyānātha (PR), and Sāgaranandin (NLR) are also taken into consideration for discussion. Further the manuscripts of the *Nāṭyaśāstra* available in BORI, Poona are also consulted.

II

Bharata in his *NŚ* reads:

चतुष्षष्टिर्बुधैर्ज्ञेयान्येतान्यङ्गानि सन्धिषु[1]

It means that the number of *sandhyaṅga*s are sixty-four. But on actual counting of his enumeration we find that he has enumerated sixty-five *sandhyaṅga*s: twelve in *mukha* thirteen in *pratimukha,* therteen in *garbha* thirteen *vimarśa* and fourteen in *nirvahaṇa*. Now, the problem is if the number of *sandhyaṅgas* is sixty-four then one may doubt the authenticity of the text or if conversely the enumeration is proper then the statement *catuḥṣaṣṭi* etc., cannot stand valid. Here is a case of contradiction, because both cannot be true.

Sandhyaṅgas of the *pratimukha sandhi* are: *vilāśa, parisarpa, parinyāsa, vilobhana, yukti, prāpti, samādhāna, vidhāna, paribhāvanā, vajra, puṣpa, upanyāsa and varṇasaṃhāra.*

Sandhyaṅgas of the *garbha sandhi*: *Abhūtāharaṇa mārga, rūpa, udāharaṇa, krama, saṃgraha, anumāna, prārthanā, ākṣepa, toṭaka, adhibala, udvega* and *vidrava.*

Sandhyaṅgas of the *Vimarśa sandhi*: *apavāda, saṃpheṭa, vidrava, śakti, vyavasāya, prasaṅga, dyuti, kheda, niṣedha, virodha, ādāna, chādana* and *prarocanā.*

Sandhyaṅgas of the *Nirvahaṇa sandhi*: *sandhi, vibodha, grathana, nirṇaya, paribhāṣaṇa, dyuti, prasāda, ānanda, samaya, upagūhana, śamabhāṣaṇa, pūrvavākya, kāvyasaṃhāra and praśasti.*[2]

Abhinavagupta on Sandhyaṅgas:

It seems that Abhinavagupta was aware of this discrepancy

and inconsistency but has not given his own view. He only records the views of two traditions prevalent since before him who have tried to overcome this problem: According to one tradition the *prarocanā* of the *vimarśa sandhi* may be dropped and thus the number would be sixty-four. According to the other tradition *praśasti* of the *nirvahaṇa sandhi* may be dropped and not *prarocanā,* then the number would become sixty-four. To quote:

केचिदत्र (अवमर्शसन्धौ) अन्यतममङ्गं प्ररोचनां नाद्रियन्ते। द्वादशाङ्गमेवैतं सन्धिमाहुः। अन्ये नु त्रयोदशाङ्गत्वे त्वस्य निर्वहणसन्धौ प्रशस्तेः गणनम् अन्याय्यम्। इति तस्यापि त्रयोदशाङ्गत्वात् चतुष्षष्टि–संख्यापूर्तिः।[3]

It, indeed, becomes very difficult to say anything as to the real position of Bharata. As one can see, out of the sixty-five *aṅgas*, one *aṅga* has to be dropped and which one it could be is a matter of examination. If we follow the view as recorded by Abhinavagupta then we have two options: (a) dropping of *prarocanā* from the *vimarśa sandhi* or (b) dropping *praśasti* of the *Nirvahaṇa sandhi.*

We feel that if one compares these two *aṅgas*, it would be evident that both the *aṅgas* are not essential. So dropping either will not create any problem. But if we compare the usefulness of these two *aṅgas* then one may prefer to drop *praśasti* and retain *prarocanā*. The logic behind such observation being; like other *aṅgas praracanā* has the function of offering of some scope to the dramatic character which is not true in the case of *praśasti.* To explain, *prarocanā* is a situation, which suggests the coming events, those are yet to happen. In other words it gives a glimpse of the end, which is soon going to be accomplished:

प्ररोचना च विज्ञेया सम्भारार्थप्रकाशिनी।[4]

Further it shows the signs or hints of achievement of prosperity or success that is to come at the end. For example in the VI act of the *Veṇīsaṃhāra* where Pāñcālaka before Duryodhana's death is narrating to Yudhiṣṭhira and Draupadī thus :

अहं च देवेन चक्रपाणिना देवसकाशमनुप्रेषितः। आह च देवो देवकीनन्दनः। अपर्युषितप्रतिज्ञे च मारुतौ प्रणष्टे कौरवराजे महानासीन्नो विषादः। संप्रति

पुनर्भीमसेनेन आसादिते सुयोधने निष्कण्टकीभूतं भुवनतलं परिकलयतु भवान् अभ्युदयोचिताश्चानवरतं प्रवर्त्यन्तां समारम्भाः। कृतं सन्देहेन–

पूर्यन्तां सलिलेन रत्नकलशा राज्याभिषेकाय ते
कृष्णाऽत्यन्तचिरोज्झिते च कबरीबन्धे करोतु क्षणम्।
रामे शातकुठारभासुरकरे क्षत्रद्रुमोच्छेदिनि
क्रोधान्धे च वृकोदरे परिपतत्याजौ कुतः संजयः।।[5]

Avalokakāra observers on it:

यथा वेणीसंहारे

'पाञ्चालकः–अहं च देवेन' · · · इत्युपक्रम्य 'पूर्यन्तां सलिलेन रत्नकलशा' इत्यादिना मङ्गलानि कर्तुमाज्ञापयति युधिष्ठिरः।' इत्यन्तेन द्रौपदीकेशसंयमन–युधिष्ठिरराज्याभिषेकयोर्भाविनोरपि सिद्धत्वेन दर्शिका प्ररोचनेति।[6]

This is the situation, which shows the events those are yet to happen as already accomplished. Here Pāñcālaka describes the *Veṇīsaṃhāra* and the coronation has already accomplished even when they are not so. It shows the signs of achievement of success that is going to take place in the *nirvahaṇa sandhi*. Or as its application is seen in the VI act of the *Ahijñānaśākuntala* (AŚ), in a situation where Sānumatī tells that the state of unhappiness of Śakuntalā will soon go away, here she hopes that the king will get back his wedded wife:

सानुमती–श्रुतं मया शकुन्तलां समाश्वासयन्त्या महेन्द्रजनन्या मुखात्। यज्ञभागोत्सुका देवा एव तथानुष्ठास्यन्ति यथाऽचिरेण धर्मपत्नीं भर्ताऽभिनन्दिष्यतीति।

Here Kāṭayavema locates the *sandhyaṅga prarocanā*. In his words:

अत्राप्रवचनेन भाविकार्यस्य ज्ञातत्वात् प्ररोचनं नाम सन्ध्यङ्गमुक्तम्।[7]

On the other hand in case of *praśasti* it is not so. Because *praśasti* means a praise or prayer for peace to the king and the country and other things. *Praśasti* is the valedictory pronouncement purporting to pray for the general will, that is to come at the end of the play after *kāvyasaṃhāra*. i.e. after the conclusion of the drama. All the theoretical works like *Daśarūpaka (DR) Nāṭyadarpaṇa (ND) Bhāvaprakāśana (BP) Pratāparudrīya (PR) Sāhityadarpaṇa (SD) Nāṭyalakṣaṇaratna-*

kośa (NLR) have understood much in the same way. It is technically known as the *Bharata-vākya* and is placed at the end of the play. It is neither connected with the action of the drama nor it contributes in any way to the development of the plot due to the obvious reason that the *kāvyasaṃhāra* which is the actual completion of the play where the necessary action of the play is over. To explain it further where towards the close of the drama some elderly person who has been helping the hero asks him 'What else should I do for you?' This question is put up only after the fruition has taken place: here prevails a feeling of complete gratification in the heart of the hero, which is expressed by him in a usual phrase,—'could there be any sweeter thing than this?' This readiness to confer a boon on the part of the senior person responded by a feeling of gratification on the part of the hero marks the termination of the play. For example in the VI act of the *Veṇīsaṃhāra* where all the Kauravas are killed, the war is over and all the necessities of the coronation of Yudhiṣṭhira are ready, and there Kṛṣṇa asks Yudhiṣṭhira :

तत् कथय महाराज, किमस्मात् परं समीहितं संपादयामि?

To this Yudhiṣṭhira replies :

न किंचिन्न ददाति भगवान्प्रसन्नः। अहं तु पुरुषसाधारणया बुद्ध्या सन्तुष्यामि। न खल्वतःपरमभ्यर्थयितुं क्षमः।[8]

